राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 202
सोमवार 19 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 39°C न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# गुलजार हाउस में लगी आग, 17 की मौत

## हादसे में दो परिवारों के लोग शामिल, मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया दु:ख

**हैदराबाद, 18 मई।** हैदराबाद शहर स्थित चारमीनार इलाके में मिरचौक क्षेत्र के गुलजार हाउस में भीषण आग लग गई। घटना में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

दमकल की गाड़ियां इमारत में फंसे कुछ अन्य लोगों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहतर इलाज के लिए पूरे प्रयास करेगी। पुलिस के अनुसार आग चारमिनार इलाके में गुलजार हाउस के पास एक बिल्डिग में रविवार को करीब सुबह 6 बजे लगी । घटना में झुलसने घटनास्थल पर ही आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि लोगों के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। आग बिल्डिंग की पहली मंजिल

**घटना**
- मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल
- घंटों मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू
- एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बताई जा रही वजह
- इस इमारत में 30 से अधिक लोग रह रहे थे
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर जताया दुख

पर लगी, जिसने बाद में विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

हालांकि आशंका है कि इमारत में लगे



एसी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। घटना स्थल पर केंद्र मंत्री किशन रेड्डी, राज्यमंत्री प्रभाकर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंच गए। मौके पर फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। फायर ब्रिगेड के ■ शेष पेज 11 पर

# सीजेआई को रिसीव करने नहीं पहुंचे चीफ सेक्रेटरी-डीजीपी



- जस्टिस गवई बोले- महाराष्ट्र के बड़े अफसर प्रोटोकॉल नहीं मानते
- बार काउंसिल के कार्यक्रम में गए थे
- कहा- जज जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते
- न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं

**मुंबई, 18 मई।** चीफ जस्टिस बीआर गवई रविवार को मुंबई पहुंचे। उन्हें रिसीव करने चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर नहीं पहुंचे। इस पर उन्होंने बार काउंसिल के कार्यक्रम में निराशा जताई। सीजेआई गवई ने कहा, 'मैं इस बात से निराश हूं कि महाराष्ट्र के बड़े अफसर प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका ये तीनों लोकतंत्र के पिलर हैं। इन सभी को एक-दूसरे को सम्मान करना चाहिए।

सीजेआई ने कहा, अगर भारत के चीफ जस्टिस पहली बार महाराष्ट्र आ रहे हैं तो ये उम्मीद की जाती है कि यहां के चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी और मुंबई के पुलिस कमिश्नर को मौजूद रहना चाहिए। ऐसा न करना सोचने पर मजबूर करता है। मुंबई में महाराष्ट्र-गोवा बार काउंसिल ने सीजेआई का सम्मान समारोह रखा था। सीजेआई गवई ने मराठी में सभा को संबोधित करते हुए उन्हें मिले प्यार और स्नेह के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। इसके पहले वे मुंबई में चैत्यभूमि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर स्मारक भी गए। ■ शेष पेज 11 पर

## संक्षिप्त समाचार

### गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**गोंडा, 18 मई (तरुणमित्र)।** जिले के परसपुर के डेहरास अहेट गांव में रविवार को नहर किनारे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। एक साथ गांव के तीन बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है।बताया जाता है कि गांव के बगल से होकर सरयू नहर गुजरती है। इसके बगल ही गड्ढा था जिसमें पानी भरा हुआ था। रविवार की दोपहर गर्मी अधिक होने के कारण गांव के जिलेदार का नौ वर्ष का बेटा निगम उर्फ राजाबाबू, दयाशंकर का दस वर्षीय पुत्र राजन, रामनरेश का दस वर्षीय पुत्र राजा इसमें नहाने लगे। गड्ढे की गहराई अधिक होने के कारण देखते ही देखते तीनों उसमें डूब गए। जब तक गांव के लोग पहुंचकर बच्चों को बाहर निकालते तब तक तीनों ने दम तोड़ दिया।

### जेसीबी की चपेट में आकर बच्ची की मौत

**मीरजापुर, 18 मई।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत अरंगी-सरपती गांव में रविवार सुबह जेसीबी की चपेट में आने से दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। गांव निवासी रिंकू सोनकर की बेटी परी दरवाजे पर खिलौनों से खेल रही थी, तभी महुआरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार जेसीबी उसे रौंदते हुए निकल गई। बच्ची को तत्काल मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी को घेर लिया, लेकिन बस्ती का ही एक मनबढ़ युवक चालक को बाइक पर बैठाकर मौके से फरार हो गया।

### रक्षा राज्य मंत्री लंगकावी प्रदर्शनी में भाग लेने जाएंगे मलेशिया

**नई दिल्ली, 18 मई।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 20 से 24 मई तक मलेशिया के लंगकावी में आयोजित होने वाली लंगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री और अंतरिक्ष प्रदर्शनी (एलआईएमए 2025) के 17वें संस्करण में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। एलआईएमए 2025 में एक भारतीय मंडप स्थापित किया गया है, रक्षा राज्य मंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड, बीईएमएल, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड व ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड सहित कई डीपीएसयू तथा अन्य निजी रक्षा कंपनियां इस प्रदर्शनी में भाग लेंगी और भारतीय रक्षा उद्योग जगत की सामर्थ्य का प्रदर्शन करेंगी।

### इसरो का ईओएस-09 उपग्रह प्रक्षेपण विफल, जांच के आदेश

**श्रीहरिकोटा, 18 मई।** अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को रविवार को एक झटका लगा है। इसरो का सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी61 का मिशन तीसरे चरण में फेल हो गया। इससे इस महत्वाकांक्षी मिशन के तहत ईओएस-09 पृथ्वी अवलोकन उपग्रह निर्धारित कक्षा में पहुंचने में कामयाब नहीं हुआ। इसरो ने इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से रविवार सुबह 5:59 बजे इसरो ने 101वां प्रक्षेपण पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल ( पीएसएलवी)-सी61 के जरिए ईओएस-09 पृथ्वी अवलोकन उपग्रह भेजा था, लेकिन प्रक्षेपण के कुछ ही मिनटों के बाद तीसरे चरण में रॉकेट अपने मार्ग से भटक गया।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर सलमान ढेर, हेड कांस्टेबल शहीद

## 60 किमी पीछा कर पुलिस टीम ने पशु तस्करों को घेरा

**जौनपुर, 18 मई (तरुणमित्र)।** जौनपुर खुज्जी मोड़ पर कांस्टेबल दुर्गेश सिंह को पिकअप वाहन से रौंदने वाले पशु तस्करों की वाराणसी जनपद के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस टीम से मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम ने जवाबी कार्यवाही में जख्मी तीन तस्करों को दबोच लिया। घायल बदमाशों को पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचाया। जहां एक बदमाश की मौत हो गई।

वहीं, वाराणसी निवासी नरेन्द्र यादव और चंदौली निवासी गोलू यादव के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ की जानकारी पाते ही पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। जौनपुर के चंदवक थाना क्षेत्र के खुज्जी मोड़ पर इलाकाई पुलिस कर्मी पशु तस्करों के मूवमेंट की सूचना पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रात लगभग सवा 12.15 बजे एक पिकअप वाहन पर पशुओं को लदे देख पुलिस कर्मियों ने दो ट्रकों को सड़क पर खड़ा करवा कर तेज रफ्तार पिकअप को रूकने का संकेत दिया। पिकअप चालक ने यह देख वाहन की रफ्तार बढ़ा खड़ी ट्रकों में धक्का मार दिया। इसके बाद सामने खड़े सिपाही दुर्गेश सिंह (35)को रौंदते हुए आजमगढ़ ■ शेष पेज 11 पर

# राजस्व अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन की तैयारी में योगी सरकार

**लखनऊ, 18 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने की तैयारी है। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग ने पुराने राजस्व अभिलेखों और लेखपत्रों को शाश्वत काल तक सुरक्षित रखने के लिए डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

इसके तहत अब 1990 से पहले के सम्पूर्ण राजस्व अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की तैयारी चल रही है और जल्द ही इस कार्य के लिए संस्था का चयन किया जाएगा। विभाग चरणबद्ध तरीके से पुराने अभिलेखों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर रहा है। विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2025 तक 2002 से 2017 तक के विलेखों का डिजिटलाइजेशन 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है। वहीं, 1990 से 2001 तक के विलेखों के डिजिटलाइजेशन

**पहल**



- अप्रैल 2025 तक 95 प्रतिशत पूरा हो चुका
- 2002 से लेकर 2017 तक के विलेखों का डिजिटलाइजेशन

के लिए यूपीडीईएससीओ की ओर से टेंडर प्रक्रिया चल रही है। अब तीसरे चरण में 1990 से पहले के ■ शेष पेज 11 पर

## अब घर बैठे मिल रही अग्निशमन विभाग से ऑनलाइन एनओसी

**लखनऊ, 18 मई (तरुणमित्र)।** योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में आमजन की सहूलियतों को प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि प्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। इसी के तहत योगी सरकार ने प्रदेश की अग्निशमन सेवाओं को एक नई दिशा और पहचान दी है।

**एनओसी जारी करने के लिए 15 दिन की अधिकतम समय सीमा तय**

सीएम योगी के निर्देश पर अग्निशमन विभाग के आधुनिकीकरण, डिजिटलाइजेशन और मानक सरल किये गये ताकि कोई भी नागरिक अग्निशमन से जुड़ी सेवाओं के लिए परेशान न हो। इतना ही नहीं योगी सरकार ने एनओसी को ऑनलाइन, ■ शेष पेज 11 पर

## जवानों के त्याग व बलिदान पर देश को गर्व : नड्डा

**देहरादून, 18 मई।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में सेना, आईटीबीपी, एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीमा की रक्षा में तैनात हथियार, उपकरण और अन्य रक्षा संसाधनों की भी जानकारी ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए जवानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश वीर जवानों के त्याग और बलिदान का सम्मान करता है और उनकी कर्तव्यनिष्ठा पर गर्व करता है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के भ्रमण पर हैं। वे आज पूर्वाह्न 11:45 बजे गुंजी हेलीपैड पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय लोगों ने रंग संस्कृति की पगड़ी पहनाकर पारंपरिक रीति-रिवाज से उनका स्वागत किया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने सेना, आईटीबीपी व एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात हथियारों व उपकरणों की जानकारी भी ली। उन्होंने जवानों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया।

# बसपा ने आकाश को बनाया मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर

## ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई को बसपा प्रमुख ने सराहा

**दिल्ली, 18 मई।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। उन्होंने यह निर्णय दिल्ली स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय 29 लोधी स्टेट में पदाधिकारियों की सहमति के बाद लिया है।

साथ ही उम्मीद जताई है कि इस बार आकाश पार्टी व मूवमेंट के हित में हर तरह की एहतियात बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में योगदान देंगे। बसपा प्रमुख मायावती ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय सेना की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जनता व देश के हित को प्रभावित होने से बचाने के लिए सरकार का अपराध नियंत्रण जैसे आतंकवाद विरोधी उपाय भी जरूरी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर परमाणु धमकी देता रहता है। उसकी ब्लैकमेलिंग को नहीं सहने संबंधी भारत सरकार की चेतावनी उचित है। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका या किसी अन्य तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार न करने की राष्ट्रीय सहमति का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। क्योंकि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश अपने अलावा किसी और पर भरोसा न करे तो बेहतर होगा। सीमा पार से बार-बार हो रही घातक आतंकवादी घटनाओं को रोकने के लिए केन्द्र सरकार कोहर संभव ठोस और प्रभावी उपाय करना चाहिए।

## बिहार के नवादा में सड़क हादसा, तीन की मौत, दो घायल

**नवादा, 18 मई।** बिहार में नवादा जिले के नगर थाने के ककोनिया पर रविवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया । नवादा जिले के नरहट थाना के छोटी पाली निवासी पूर्व उप मुखिया पंकज चंद्रवंशी,नथ्थू चंद्रवंशी और कारू चंद्रवंशी की बारात से वापसी के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। भाई दुर्गा चंद्रवंशी और जयनंदन चन्द्रवंशी गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका पावापुरी अस्पताल में इलाज केलिए भेज गया। वे लोग जिले के रुपौ थाना अंतर्गत धनवां गांव से बारात से वापस हो रहे थे ।नवादा जमुई पथ पर कादिरगंज के कोनिया मोड़ के समीप उनकी गाड़ी को किसी ट्रक ने सीधी टक्कर मार दिया। जिस कारण गाड़ी चकनाचूर होकर सड़क के किनारे लुढ़क गई। घायल के परिजनों ने जिला प्रशासन से इलाज में हर समय मदद का आग्रह किया है करने वाले गरीब परिवार के लोग बताई जा रहे हैं।



पटना : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर इंडिया पॉजिटिव द्वारा आयोजित सशस्त्र बलों के सम्मान में तिरंगा यात्रा'

## लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

**लखनऊ, 18 मई (तरुणमित्र)।** आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया है। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया। रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड बताया जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैफुल्लाह बीते कई सालों से नेपाल में फर्जी नाम से रहकर लश्कर के कामों को ऑपरेट कर रहा था। उसने नेपाल में विनोद कुमार नाम रखकर नगमा बानू नाम की महिला से शादी भी की। सैफुल्लाह को 2006 में नागपुर में आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले का मुख्य आरोपी बताया जाता है।

## आतंकी कैम्पों और भारत से अदावत में भूखे मर रहे पाकिस्तानी

# भुखमरी और आतंरिक संघर्ष का मारा है पाकिस्तान

हरिमोहन विश्वकर्मा

**नई दिल्ली, 18 मई।** आपरेशन सिन्दूर में पूरी तरह पस्त हो चुके पाकिस्तान में इस नये संकट से स्थिति बेहद खराब होने की सम्भावना है। हालांकि भारत के साथ संघर्ष के दौरान उसने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 20000 करोड़ डालर का कर्ज हासिल करने में सफलता मिल गई है लेकिन इस कर्ज राशि में भी फिलहाल उसे 8500 करोड़ डालर नकद मिले हैं जबकि शेष राशि अगले 28 सालों में मिलनी है।

बहरहाल, आपरेशन सिन्दूर में अपने एयरबेस और मिलेटरी ठिकाने भारतीय सेना के हाथों बर्बाद करा चुका पाकिस्तान फिलहाल दो तरह के आंतरिक संकटों से जूझ रहा है। एक तो बलोचिस्तान की स्वतंत्रता की लड़ाई, जिसने पाकिस्तानी

**कंगाल पाक**
- बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार
- बलोचिस्तान की आजादी के संघर्ष ने किया सेना की नाक में दम
- न सम्भला तो स्वयं अपनी परिस्थितियों का शिकार बन जाएगा मुल्क

आर्मी की नाक में दम कर रखा है और दूसरे देश में भुखमरी की स्थिति। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की हालिया जारी एक रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान में 2024 में भूख और कुपोषण की स्थिति और खराब हुई जो बेहद चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1.1 करोड़ लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा की चपेट में थे। यह आंकड़ा देश की कुल विश्लेषित जनसंख्या का 22 प्रतिशत है। यह संकट विशेष रूप से बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा के 68 बाढ़ प्रभावित जिलों में व्याप्त है, जहां जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इन लोगों में से भी 17 लाख लोग 'आपातकालीन' स्थिति में हैं। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में मार्च 2023 से जनवरी 2024 के बीच लगभग 21 लाख बच्चे तीव्र कुपोषण का शिकार हुए। इन बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल सका, ना गुणवत्ता में ■ शेष पेज 11 पर

# यूपी में 18 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ, 18 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार रविवार को फिर राज्य के 18 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसमें कई जिलों के अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व विशेष पदों पर कार्यरत अधिकारियों के नाम शामिल हैं। तबादले की सूची के मुताबिक, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद में तैनात गंभीर सिंह को अपर जिलाधिकारी आजमगढ़ में नवीन तैनाती मिली है।

हनुमान प्रसाद को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) लखनऊ से अपर जिलाधिकारी रामपुर,अम्बरीश कुमार बिंद को अपर नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज से नगर मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। राजीव कुमार राय को अपर नगर आयुक्त नगर निगम वाराणसी से उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ, शुभी काकन को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) लखनऊ से उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ, राजीव कुमार शुक्ला को नगर मजिस्ट्रेट बरेली से अपर नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, सुभाष सिंह को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बागपत से अपर नगर आयुक्त नगर निगम वाराणसी, राजेश कुमार गुप्ता को अपर जिलाधिकारी बलिया से अपर जिलाधिकारी लखनऊ, हेम सिंह को अपर जिलाधिकारी रामपुर से सचिव विकास प्राधिकरण अयोध्या भेजा गया है। इसी तरह वंदिता श्रीवास्तव द्वितीय को ■ शेष पेज 11 पर

# 4 करोड़ कॉपर तार लूटकर ड्राइवर की हत्या, मुठभेड़ में बदमाश ढेर

**कौशाम्बी, 18 मई (तरुणमित्र)।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में 4 करोड़ की कॉपर तार लूटकर ट्रक चालक की हत्या कर शव सड़क के किनारे फेंकने की घटना में शामिल एक बदमाश को पुलिस टीम ने शनिवार की रात मुठभेड़ मार गिराया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार राजस्थान निवासी सावरमल मीणा निवासी नसीराबाद अजमेर अपने निजी ट्रक में गुजरात के वलसाड़ के एमजी वायर एंड कैबल्स प्राइवेट लिमिटेड से 32 टन रेलवे का वायर जिसकी कीमत 4 करोड़ रुपए बताई गई है लाद कर प्रयागराज के सूबेदारगंज ले जारहा था अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर से बदमाशों ने पीछा किया और थाना कोखराज के ककोड़ा गांव के पास कॉपर तार लदे




ट्रक को रोक लिया गया और ट्रक चालक की गोली मार कर हत्या कर शव सड़क के किनारे फेंक कर बदमाश ट्रक लेकर चले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना की खुलासा के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई विवेचना के क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि ककोंडा गांव के पास बिना नम्बर की अर्टिगा कार में कुछ संदिग्ध लोग बैठे हैं बिना देर किये पुलिस वहां पहुंच कर, कार में बैठे पांच बदमाशों को हिरासत में ले लिया पूछताछ में पता चला कि उनमें से चार लोग कापर की तार को दो करोड़ में खरीदने का सौदा कर रहे थे, ट्रक चालक की हत्या और लूट करने वाला पांचवां व्यक्ति संतोष उर्फ राजू है जो जौनपुर जिले के पोरई कला, थाना खेतासराय का निवासी है।

पुलिस बीती रात अभियुक्त संतोष को लेकर ट्रक बारामदगी के लिए निकली और घटना स्थल ककोडा. गाव के पास से कुछ दूरी पर संतोष की निशानदेही पर पुलिस ने कॉपर लदा ट्रक बरामद कर लिया इसी दौरान पुलिस ने संतोष से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल के संबंध में पूछा तो वह पास की झाड़ियों में खोजने लगा इसी दौरान अचानक वह पिस्तौल लेकर पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा बचाव में पुलिस ने संतोष के ऊपर जवाबी फायर किया गोली लगने से बदमाश संतोष मौके पर ही ढेर हो गया।

पुलिस घटना में शामिल उसके दो साथियों की तलाश कर रही है। जिनके ऊपर 50 50 हजार का इनाम रखा गया।

## शातिर बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार, आधा दर्जन बाइक बरामद

**रायबरेली, 18 मई (तरुणमित्र)।** मिलएरिया पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले शातिर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना मिलएरिया पुलिस ने रविवार को संदिग्ध वाहन चेकिंग और रात्रि गश्त के दौरान हरदासपुर नहर पुलिया से चार अभियुक्तों में रंजीत यादव, स्वदेश, आशीष, और संजय को दो चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर शारदा नहर के किनारे से दो अन्य अभियुक्त शिवमोहन उर्फ झब्बू और मयंक मौर्या (मिस्त्री) को चार और मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना मिलएरिया में मुकदमा संख्या 193/2025, धारा 111/317(2)/317(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर की विजय के बाद अमेठी में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा

**अमेठी, 18 मई (तरुणमित्र)।** ऑपरेशन सिंदूर की विजय के बाद भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इसी कड़ी में आज अमेठी में भी शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली है। अमेठी कस्बे के आरआरपीजी कालेज से निकली ये यात्रा पूरे कस्बे का भ्रमण करने के बाद कालेज परिसर में जाकर समाप्त हुई।



तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता, कालेज के स्टूडेंट, एनसीसी के कैडेट्स समेत हजारों लोग शामिल हुए। दरअसल पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पूरे देश मे भाजपा तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इसी कड़ी में अमेठी में भाजपा नेताओं के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। आज अमेठी कस्बे में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। अमेठी कस्बे के आरआरपीजी कॉलेज से निकली ये यात्रा पूरे कस्बे का भ्रमण करने के बाद कालेज परिसर में जाकर समाप्त हुई। यात्रा में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, कालेज के स्टूडेंट और एनसीसी के कैडेट्स शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेताओं द्वारा जमकर भारत माता के जय के नारे लगाए गये। यात्रा को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने कहा कि पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत को लेकर ये यात्रा निकाली गई है। भारतीय सेना के शौर्य को पूरी दुनिया ने देखा है। इस दौरान उन्होंने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के सीज वाले बयान पर कहा कि वो चाहे जो बोले लेकिन आज देश कुछ और बोल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### समूह में पक्षियों के मरने की सूचना पशु चिकित्सालय व कन्ट्रोल रूम में दें

**प्रतापगढ़, 18 मई (तरुणमित्र)।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 प्रदीप कुमार बताया है कि 7 मई 2025 को गोरखपुर के चिड़ियाघर में मृत बाघिन में बर्ड फ्लू के संक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है, साथ ही यह अवगत कराना है कि कि बर्ड फ्लू एक जूनोटिक संक्रामक बीमारी है जो कि बहुत तेजी से फैलती है। यद्यापि जनपद प्रतापगढ़ या प्रदेश में अन्य कहीं पर भी बर्ड फ्लू का कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं है फिर भी वर्तमान परिस्थिति में यह आवश्यक है कि जनपद के समस्त पोल्ट्री फार्मों, बत्तख पालन के स्थानों, वैकयार्ड पोल्ट्री तथा अन्य सभी स्थानों जहां पर पक्षियों का व्यवसायिक रुप से पालन किया जा रहा है पर सघन रुप से निगरानी बरती जाय। उन्होने कहा कि समस्त पोल्ट्री फार्मों में विधिवत साफ-सफाई की व्यवस्था की जाय। फार्म परिसर में चूने/ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाय। पोल्ट्री फार्म के गेट पर फार्मलिन फूटबाथ अनिवार्य रुप से कराया जाय। कुक्कुट फार्मों के अन्दर बाहर के लोगों का प्रवेश वर्जित किया जाय। अत्यन्त आवश्यक होने पर चेंज रुम में यूनीफार्म पहनाकर ही फार्म में प्रवेश की अनुमति दी जाय। बाहर से आने वाले वाहनों पर यथा सम्भव रोक लगायी जाय एवं जिन वाहनों का प्रवेश फार्म के अन्दर अपरिहार्य हो पर ऐन्टीसेप्टिक घोल का छिड़काव किया जाय। पक्षियों में अचानक सामान्य से अधिक मृत्युदर होने पर तत्काल नजदीकी पशुचिकित्साधिकारी एवं जनपद में स्थापित कन्ट्रोल रुम नम्बर (9450197327, 9455576054) पर तत्काल सूचना प्रेषित किया जाय।

### परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में 21 से 15 जून के मध्य 3 सप्ताह का लगेगा समर कैम्प

**प्रतापगढ़, 18 मई (तरुणमित्र)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों (कक्षा 6-8) में 21 मई से 15 जून 2025 के मध्य 3 सप्ताह का समर कैम्प का आयोजन किया जायेगा। प्रतिदिन समर कैम्प की अवधि अधिकतम 03 घण्टे (प्रातः काल 07 बजे से 10 बजे) तक होगी। स्थानीय आवश्यकताओं व परिस्थितियों के दृष्टिगत समर कैम्प की समयावधि का निर्धारण किया जा सकता है। विद्यालयों के शिक्षामित्रो, अनुदेशको एवं स्वप्रेरित शिक्षको द्वारा ग्रीष्मावकाश में बच्चो के साथ समर कैम्प का आयोजन किया जाये। समर कैम्प के विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु समुदाय के स्वप्रेरित स्नातक छात्र-छात्राओं, एन०सी०सी० प्रमाण पत्र धारक का ही सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही शिक्षको द्वारा स्थानीय स्तर पर सक्रिय स्वैच्छिक संगठनो का सहयोग भी प्राप्त किया जा सकता है। एक समर कैम्प के संचालन हेतु 02 कार्मिक (अनुदेशक एवं शिक्षामित्र) नियोजित किया जायेगा। समर कैम्प के संचालन हेतु उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय में कार्यरत अनुदेशको द्वारा योगदान दिया जायेगा।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़, 18 मई (तरुणमित्र)।** करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजों में कोहराम मच गया। लीलापुर थाना के कटैया नेवादा निवासी श्यामलाल प्रजापति का चालीस वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र रविवार की सुबह चार बजे खेत में टहल रहा था। इस दौरान मेड़ पर लगे विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आ गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी मंजू व दो बेटियों को निराश्रित छोड़ गया है। लीलापुर एसओ अरुण सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर से एक युवक की मौत, साथी घायल

**प्रयागराज, 18 मई (तरुणमित्र)।** मेजा थाना क्षेत्र के चौकी गांव में रविवार को मोटरसाइकिल की टक्कर से दूसरी मोटरसाइकिल के चालक की मौत हो गई। हादसे में साथी घायल हो गया। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि हादसे में मेजा थाना क्षेत्र के बलुहा समान गांव निवासी शिवकुमार 20 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बेचन लाल की मौके पर मौत हो गई। हादसे में उसका साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए भेज दिया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

## युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिला, पिता ने युवक पर हत्या व दुष्कर्म का आरोप लगाया

**अमेठी, 18 मई (तरुणमित्र)।** जिले के अमेठी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ताला रेलवे स्टेशन के पास लोहरता गांव के समीप शनिवार रात को एक युवती का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कंडोहिया मजरे सोनारी कला निवासी प्रियंका यादव (24) के रूप में हुई है।

घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं युवती के पिता बद्री प्रसाद यादव पुत्र स्व. चन्द्रिका प्रसाद यादव ने युवती की हत्या और लंबे समय से यौन शोषण का गंभीर आरोप संदीप मिश्रा पुत्र स्व. केशव प्रसाद मिश्रा निवासी लोहरता, थाना अमेठी पर लगाया है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी प्रियंका टीकरमाफी बाजार में एक मेडिकल स्टोर पर काम करती थी। उसी मेडिकल स्टोर की ऊपरी मंजिल पर संदीप मिश्रा किराये पर रहता था।

वहीं से उसने मेरी बेटी को झांसे में लिया और कई बार शारीरिक शोषण किया। जब हमें इसकी जानकारी हुई तो संदीप वह कमरा छोड़कर अमेठी कस्बे में किराये के मकान में रहने लगा। पिता का आरोप है कि पिछले आठ महीने से संदीप मिश्रा लगातार प्रियंका को अपने साथ रख रहा था। शनिवार की दोपहर उसने फोन करके प्रियंका को बुलाया और उसी रात उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला। पिता ने यह भी कहा कि संदीप ने ही उनकी बेटी की हत्या की है और पिछले एक साल से उससे दुष्कर्म कर रहा था।

# इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण से मोहल्लेवासियों का आवागमन होगा सुगम–शत्रोहन सोनकर

### नगर पालिका अध्यक्ष और सभासद ने वार्ड नंबर 24 में नई इंटरलॉकिंग और नाली का किया उद्घाटन

**रायबरेली, 18 मई (तरुणमित्र)।** शहर के वार्ड नंबर 24, मोहल्ला वजीरगंज गड़ी में नई इंटरलॉकिंग सड़क और नाली के निर्माण कार्य का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर और वार्ड के सभासद सैयद शराफत अली ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने



कार्यक्रम में भाग लिया और क्षेत्र में विकास कार्यों की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि यह कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है और इससे मोहल्ले में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ जलभराव की समस्या भी कम होगी। सभासद सैयद शराफत अली ने बताया कि वार्ड के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और यह इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस उद्घाटन समारोह में स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन और सभासद के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वार्ड में इसी तरह के विकास कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता और क्षेत्र के रखरखाव पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारियों के अलावा क्षेत्रीय लोग भी उपस्थित रहे।

## बिना प्रयास के कुछ भी नहीं होता हासिल : योगेंद्र

**रायबरेली, 18 मई (तरुणमित्र)।** विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार रुक्मणि देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के अद्वितीय रूप, सौंदर्य और गुणों की प्रशंसा सुनकर वह बाल अवस्था में मन ही मन श्रीकृष्ण से अगाध प्रेम करने लगीं। साथ ही विवाह करने का निश्चय कर लिया।

श्रीकृष्ण से शत्रुता रखने वाला रुक्मणि का भाई रुक्म अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल के साथ करना चाहता था। बिना प्रयास के कुछ भी नहीं हासिल होता है। आखिरकार प्रेम में वशीभूत भगवान दौड़े चले आते हैं। कथामृत रुपी यह विचार क्षेत्र के पूरे गुलाब सिंह मजरे कंडौरा गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान के षष्ठम दिवस श्री धाम वृंदावन के प्रख्यात कथा व्यास योगेंद्र कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने श्रोताओं को श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान रूपी संगम का सुखद स्पर्श कराते हुए कहा शिशुपाल के साथ विवाह होने की जानकारी पाकर रुक्मणि जी व्याकुल हो जाती हैं।

इस अवसर पर यजमान सपत्नीक वीरेंद्र सिंह (राम जी), विद्या सिंह, कथा के आयोजक प्रशांत सिंह भोले, बाल व्यास कृष्ण मोहन कान्हा, राम मिश्र, वीरेंद्र सिंह, प्रधान सावित्री सिंह, रीना मिश्रा, रुचि सिंह, निर्मला त्रिपाठी, रीता सिंह, गुड़िया सिंह, शिवानी सिंह, शिल्पा सिंह, हेमलता सिंह, साधना सिंह, श्रद्धा सिंह, तेज बहादुर सिंह कल्लू, जीतू सिंह, गुल्लू सिंह, अनिल दुबे, अनुराग शर्मा, दुल्लू सिंह, दिनेश सिंह, अनूप अवस्थी, एडवोकेट उमानाथ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### आज निकलेगी सैनिकों के सम्मान में शौर्य तिरंगा यात्रा

**रायबरेली।** सरेनी मण्डल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विधान सभा सरेनी की शौर्य तिरंगा यात्रा सेना के सम्मान में 19 मई दिन-सोमवार को सायं 4 बजे हनुमान मंदिर बेहटा चौराहा लालगंज से नगर के विभिन्न मार्गों से निकलेगी। तिरंगा यात्रा में सरेनी विधान सभा के सभी गेगासो मण्डल अध्यक्ष, सरेनी मण्डल अध्यक्ष, बेनीमाधव गंज मंडल अध्यक्ष, डलमऊ मण्डल अध्यक्ष, लालगंज मण्डल अध्यक्ष जी से आग्रह है कि अपने अपने मण्डल से सभी मण्डल पदाधिकारी एवं मण्डल कार्यसमिति सदस्य सहित 61 लोगों की टीम के साथ, सभी मंडलों के शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, बूथ अध्यक्ष,पूर्व पदाधिकारी, सेना से रिटायर फौजी जो आपके मण्डल में उनको भी तिरंगा यात्रा में लाना है।

### रंजिशन मारपीट कर किया गंभीर रूप से घायल

**लालगंज रायबरेली, 18 मई (तरुणमित्र)।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी राजकुमार पुत्र राम तीरथ और उसके भाई दीपक सहित रहमत पुत्र मोहम्मद शहीद को रंजिशन कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। राजकुमार ने मामले की शिकायत लालगंज पुलिस से करते हुए बताया कि वह व्यापारी आदमी है। जिसके चलते अपने भाई दीपक के साथ गोविंद पुर कठोइया मोड़ पर गल्ला खरीदने का काम कर रहा था तभी हसनापुर गांव के ही अनूप सोनी व अनूप सोनी पुत्रगण संतोष सोनी, शिवेश सिंह पुत्र प्रमोद सिंह व अमरेश पुत्र रामनरेश एक राय होकर आये और कुल्हाड़ी व लाठी डंडों से हमला बोल दिया।

## पूर्व एमएलसी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**सुल्तानपुर, 18 मई (तरुणमित्र)।** प्रदेश सरकार में पूर्व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक सिंह को सुल्तानपुर जिले का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। कांग्रेस हाईकमान ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी पंचायत चुनाव व विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर यह अहम दायित्व सौंपा है। दीपक सिंह की गिनती कांग्रेस के जुझारू और अनुभवी नेताओं में होती है। उन्हें संगठनात्मक समझ और स्थानीय कार्यकताओं के बीच अच्छी पकड़ के लिए जाना जाता है। इससे पहले पार्टी ने रायबरेली शहर के लिए पूर्व सांसद स्व. राम सिंह के पुत्र योगेश प्रताप सिंह को कोऑर्डिनेटर बनाया था। अब सुल्तानपुर में दीपक सिंह की नियुक्ति से कांग्रेस के मिशन 2026-27 की रणनीति को बल मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में पार्टी की रणनीतिक टीम फ्रंट फुट पर आकर काम कर रही है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे संगठन के पुनर्गठन की निगरानी कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में संगठन के कुशल रणनीतिकार राजेश तिवारी को भी इस काम में अहम भूमिका दी गई है।सूत्रों के अनुसार, निकट भविष्य में पार्टी के कुछ और वरिष्ठ नेताओं को जिलेवार महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री श्रीपति मिश्र के पुत्र समेत दर्जन भर नेताओं को शामिल किया जाएगा, जो कांग्रेस के मिशन 2026 व 2027 को कामयाब बनाने के लिए जुझारू टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।

## बाइक ट्रेलर से टकराई, पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

**कौशाम्बी, 18 मई (तरुणमित्र)।** जिले के सैनी थाना क्षेत्र में रविवार को एक बाइक आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई जिसमें पिता पुत्र सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार कानपुर देहात जिले के रणधीरपुर गांव निवासी मोहब्बत सिंह 48 उसका बेटा लवकुश 18 एक सम्बन्धी पिंटू 21 के साथ एक ही बाइक से प्रयागराज से अपने घर लौट रहे थे जैसे ही प्रयागराज कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में अझुवा कस्बा के वैष्णो ढाबा के पास पहुंचे बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई।

इस हादसे में बाइक सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस तीनों को लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस सभी शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कृषि क्षेत्र को उन्नतशील बनाने के लिए मेधावियों को बेहतर शिक्षा आवश्यक : तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़, 18 मई (तरुणमित्र)।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में शनिवार की देर शाम राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने नवनिर्मित डा0 वीरेन्द्र कुमार मिश्र स्मृति कृषि संकाय का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। सत्तर लाख रुपए की लागत से निर्मित कृषि संकाय में अब मेधावियों को महाविद्यालय परिसर में बीएससी एजी की बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने स्नातक मेधावियों को कृषि संकाय समर्पित किया तब छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे दिखे।

बतौर मुख्य अतिथि उन्होनें कहा कि भारत के विकास का आधार सुदृढ़ खेती है। उन्होने कहा कि कृषि के क्षेत्र को उन्नतशील बनाए जाने के लिए नई तकनीकी का ज्ञानार्जन पीढ़ी के लिए बेहद आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने स्वागत भाषण में बताया कि प्रबन्ध समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं ख्यातिप्राप्त चिकित्सक डा0 वीरेन्द्र मिश्र की स्मृति को समर्पित इस संकाय में आठ शिक्षण कक्ष व आठ प्रयोगात्मक कक्ष ज्ञानार्जन का लक्ष्य पूरा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा व संचालन डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया।

कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को शैक्षिक क्षेत्र में अति विशिष्ट योगदान के लिए आयोजन समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया। पूर्व एसीएमओ डा0 आरएस त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रहे। आभार प्रदर्शन सह संयोजक शिवाकांत मिश्र ने किया।

## अमेरिका में खेलेंगे ताईक्वांडो खिलाड़ी व प्रयागराज में तैनात सिपाही ऋषी राय

**प्रयागराज,18 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के प्रयागराज पुलिस तैनात सिपाही ऋषी राय 22 जून से 7 जूलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम स्थित अलबामा में इस वर्ष आयोजित होने वाले विश्व पुलिस गेम्स में खेलने जाएंगे। यह जानकारी रविवार को अनौपचारिक मुलाकात में ताईकांडो खिलाड़ी ऋषी राय ने दी। प्रयागराज पुलिस लाइंस में तैनात सिपाही गौतम स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षित ऋषी राय उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के सैदपुर गांव निवासी है। वह पुलिस विभाग में खेल कोटे से सिपाही के पद पर नियुक्त हुए है। उनकी खेल के प्रति लगन ने विश्व पुलिस गेम्स के लिए भारतीय टीम में चयन हो गया।

उन्होंने बताया कि आगामी 27 जून से 7 जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम स्थित अलबामा में इस वर्ष विश्व पुलिश गेम्स का आयोजन होने जा रहा है जिसके लिए भारतीय पुलिस गेम्स में खेले जाने वाले विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें गाजीपुर के लाल और ताईक्वांडो खिलाड़ी ऋषी राय का चयन भारतीय ताईक्वांडो टीम में किया गया है जो अमेरिका में जुटने जा रहे विश्व के तमाम देशों के पुलिस खिलाड़ियों के समक्ष पुरुषों के 68 किग्रा में भारत का नेतृत्व करेंगे।

वहीं ऋषी राय के कोच व गौतम स्पोर्ट्स अकादमी के प्रबन्ध निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि ऋषी वर्ष 2016 में मेरे संपर्क में आए और उनके अनुशाषित दिनचर्या व ताईक्वांडो खेल के प्रति सच्ची निष्ठा भावना ने मुझे प्रभावित किया। कोच ने बताया कि ऋषी के नाम दर्जनों राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक हैं। इनके शानदार खेल के प्रदर्शन को देखते हुये राज्य सरकार के खेल कोटे से ऋषी राय को वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती कर लिया गया है। भर्ती के पश्चात भी ऋषी के प्रशिक्षण व दिनचर्या में कोई बदलाव नही आया है और विगत वर्ष जून में गुवाहाटी(असम) में आयोजित नवीं अखिल भारतीय पुलिश गेम्स में भी बी.एस. एफ., सी.आर.पी.एफ. और आई.टी.बी.पी. जैसे टीमों को हरा कर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का अपना दबदबा यहां भी बनाए रखा।

# जनता ने सांसद पर किया था भरोसा, लेकिन भरोसे का जमाना जा रहा

## विकास के दावे हुए फेल, अब कैसे होगा मेल

ब्रजेश त्रिपाठी

**प्रतापगढ़, 18 मई (तरुणमित्र)।** बीते हुए वर्ष का यही गर्मी का महीना था। गर्मी में सरगर्मी थी लोकसभा चुनाव की। प्रतापगढ़ में हुए लोकसभा चुनावी महासंग्राम में भाजपा से प्रबल प्रत्याशी सांसद रहे संगम लाल गुप्ता के पक्ष में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अमित शाह की चुनावी जनसभाएं हुई, अनुप्रिया पटेल व प्रदेश के अनेक मंत्रियों की भी जनसभाएं हुई। यहां तक की देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को भी संगम लाल की डगमगाती नैया को पर लगाने के लिए आना पड़ा था।





जीआईसी के मैदान में प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा हुई। अपार जन समूह उमड़ पड़ा था लेकिन सभी प्रयासों पर पानी फिर गया क्योंकि प्रतापगढ़ की जनता ने मन में ठान लिया था कि भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता को वोट नहीं देना है यद्यपि इस चुनाव के 1 वर्ष पूर्व से संगम लाल विधानसभा वार गांव-गांव जाकर सुबह-शाम ग्रामीणों के साथ बैठक करते थे, वहीं रात्रि विराम करते रहे लेकिन यहां की जनता संगम लाल से व्यक्तिगत तौर पर नाखुश थी क्योंकि सांसद रहते हुए संगम लाल गुप्ता जनपद के न किसी गांव में गए और न ही शहरवासियों से रूबरू ही होते थे।

यहां तक कि वह कार्यकर्ताओं, कुछ ब्लॉक प्रमुखों व ग्राम प्रधानों को छोड़कर किसी को पहचानते तक नहीं थे क्योंकि बचपन से ही उनका प्रवास मुंबई और महाराष्ट्र में रहा।

वहीं उन्होंने व्यवसाय की शुरूआत की और अच्छा व्यवसाय रहा। बाद में राजनीति में रुचि बढ़ने के साथ 2017 में प्रतापगढ़ आए और सदर विधानसभा से विधायक हो गए और 2019 में प्रतापगढ़ के सांसद भी हो गए। वह सरकारी कार्यक्रमों, बैठकों और पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं तक ही सीमित रहे और आम जनता से दूर होते चले गए। अंततः प्रतापगढ़ की जनता ने ऐसा सबक सिखाया कि लोकसभा के प्रतापगढ़ संसदीय सीट से उन्हें हाथ धोना पड़ा। चुनावी दौर में यहां की जनता के सामने कोई अन्य विकल्प नहीं था इसलिए समाजवादी पार्टी से इंडी गठबंधन प्रत्याशी के रूप में डॉ0शिवपाल सिंह पटेल में अपना विश्वास जताया जबकि डॉ0 पटेल हरदोई के निवासी हैं, प्रतापगढ़ से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं रहा लेकिन इंडी गठबंधन से प्रत्याशी होने के नाते प्रतापगढ़ से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना का उन्हें पूरा समर्थन मिला अनेक जनसभा में नेता द्वय ने प्रतिभाग कर जनता से समर्थन मांगा।

सांसद डॉ0 पटेल ने पार्टी कार्यकताओं के साथ जहां जहां जनसभाएं की और प्रतापगढ़ के विकास के लिए जो बड़े बड़े वायदे किए थे उस पर वह खरे नहीं उतर पा रहे हैं क्योंकि उनका अधिकांश समय लखनऊ अथवा दिल्ली में ही व्यतीत होता है। कभी कभार महीने में एक दो चक्कर प्रतापगढ़ का लगा लेते हैं, कार्यकताओं के साथ दो एक गांव में भ्रमण कर लेते हैं।

सुबह लखनऊ से आते हैं और शाम ढलते लखनऊ वापस चले जाते हैं, भले ही जनता अपनी समस्याओं को लेकर उन्हें ढूंढती रहे।महीने दो महीने में शायद ही जनता दर्शन का कार्यक्रम करते हो,पर स्थान ,तिथि और समय अनिश्चित रहता है जिससे यहां की जनता को निराशा होती है कि वे अपनी समस्याओं को किससे कहें। सांसद डॉ0 पटेल को चाहिए कि वह माह में तीन से चार बार प्रतापगढ़ में प्रवास करते हुए जन समस्याओं का अधिक से अधिक निदान कराएं और केंद्र व प्रदेश सरकार से नई योजनाएं/परियोजनाएं प्रतापगढ़ के विकास के लिए लाएं ताकि चुनावी दौर में किए गए वादों को पूरा करते रहें, वरना जनता बाद में हिसाब मांगेगी और यदि वर्तमान सांसद ने अपने कार्यशैली में परिवर्तन नहीं किया तो अगला लोकसभा चुनाव सांसद डॉ0 पटेल को भारी पड़ सकता है। वहीं देखा जाय कि इसी जनपद के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी अपने क्षेत्र रामपुरखास के चतुमुर्खी विकास के लिए हर दो तीन माह में एक न एक परियोजनाएं केंद्र अथवा राज्य सरकार से लाते रहते हैं और क्षेत्रवासी अनेक योजनाओं से लाभान्वित होते रहते हैं।

प्रमोद तिवारी ने अपने 45 वर्षों के राजनीतिक सफर में पूरी निष्ठा के साथ अपने विधानसभाई क्षेत्र को एक आदर्श क्षेत्र बनाया है, उसे संवारा है। अभी शनिवार को ही उन्होंने बारह करोड़ की सड़क परियोजना का भूमिपूजन वहाँ की विधायक आराधना मिश्र मोना के साथ किया। भले ही राज्यसभा सांसद दिल्ली अथवा लखनऊ में रहते हों पर माह में 4 से 5 बार अपने क्षेत्रवासियों से लालगंज स्थित कैम्प ऑफिस में मिलकर समस्याओं का निराकरण कराते हैं। सभी के सुख-दुख में उनके गांव तक पहुंचते हैं।

# सांसद की शिकायत पर एसई और एक्सईएन ने नहर का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, 18 मई (तरूणमित्र)। भाजपा सांसद अरुण सागर ने गुरुवार को लखनऊ में सीएम योगी से मुलाकात कर कई विभागों में बरती जा रही लापरवाही को लेकर पत्र दिया था। जिसमें मुख्य रूप से नहर में गंदगी का मुद्दा था। मुख्यमंत्री ने 24 घंटे के अंदर शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद सिचाई विभाग के एसई एनके गौतम ने एक्सईएन के साथ मिलकर खुदागंज रजवाहा नहर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल नहर की सफाई कराने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि सीएम योगी प्रदेश और जिले की जनता की समस्याओं का सामाधान कराने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सीएम योगी का आभार जताया है।

सांसद अरुण सागर ने बताया कि शाहजहांपुर में जनता दरबार के दौरान लगातार अलग अलग विभागों में लापरवाही की शिकायतें मिल रही थीं। लापरवाही के कारण उसकी दिक्कते जनता को उठाना पड़ रही थीं। इन्हीं समस्याओं को लेकर सीएम योगी से मिलकर उनको पत्र देकर समस्याओं से अवगत कराया था। सीएम ने समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए थे। मुख्य रूप से खुदागंज रजवाहा नहर का 13 किलोमीटर का हिस्सा गंदगी से पटा था। नहरो की सफाई ठीक तरह से नही होने के कारण किसानों को भी उसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा था। उनको फसल की सिचाई के लिए नहर के माध्यम से पानी नही मिल पा रहा था। पत्र देने के 24 घंटे के अंदर ही उसका संज्ञान ले लिया गया। सिचाई विभाग के एसई एनके गौतम ने नहर का निरीक्षण किया है। उनको मौके पर नहर में गंदगी मिली जिसके बाद उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर नहर की ठीक तरह से सफाई करने के निर्देश दिए। और उसके बाद नहरों की सफाई का कार्य भी शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने सीएम योगी का आभार जताया है।

## ग्रामीण क्षेत्र में रेड क्रॉस उद्देश्य का प्रचार प्रसार के लिए आशाओं से लिया जाएगा सहयोग



शाहजहांपुर, 18 मई (तरूणमित्र)। अध्यक्ष जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार के सहयोग से जनहित लाभ के लिए सक्रियता के साथ कार्य कर रही है जिसके मानवता वादी उद्देश्यों का ग्रामीणों स्तर पर प्रचार प्रसार हेतु पुराने जिला अस्पताल परिसर में ग्रामीण क्षेत्रों की आशाओं की बैठक आयोजित की गई थी जिसमे रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी जी ने बताया रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य जीवनइस्वास्थ्य की रक्षा करना रेड क्रॉस एक मानवता वादी संगठन है जो सभी देशों में काम करता है और मानवता वादी सिद्धांतों पर आधारित है यह संगठन आपदाओं, युद्ध और अन्य मानवीय संकटों के समय लोगों की मदद करता है यह लोगों के स्वास्थ्य के रक्षा करना और बीमारियों से बचाओ मानवीय पीड़ा को कम करना और लोगों के जीवन को बचाने वाले कौशल और रेड क्रॉस के सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी डॉ जौहरी ने बताया रेड क्रॉस समय समय पर समाजसेवी लोगों एवं संगठनों के साथ सहयोगी भूमिका के साथ मानवता वादी सेवाएं करने का कार्य करेगी।

## नगर आयुक्त ने किया नाला सफाई कार्य का निरीक्षण

शाहजहांपुर, 18 मई (तरूणमित्र)। शासन की मंशा के अनुरुप आमजन की सुविधा के दृष्टिगत महानगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने के उद्देश्य से नगर आयुक्त डॉ० बिपिन कुमार मिश्र के निर्देश पर महानगर क्षेत्र में बृहद स्तर पर नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसका नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रातःकाल क्षेत्रों में निकलकर सफाई के कार्य का निरीक्षण भी किया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा आज अजीजगंज स्थित नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय अजीजगंज में स्थित नाला सफाई का कार्य होता हुआ पाया गया, नाले के किनारे-किनारे उगी घास व झाड़ियों की कटाई व सफाई हेतु निर्देशित किया गया व नाले से निकलने वाली सिल्ट/मलवा आदि को भी तत्काल उठाये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे यातायात में किसी प्रकार की कोई भी असुविधा उत्पन्न न हो।

इसी कम में लाल इमली चौराहे से घण्टाघर की ओर जे०सी०बी० मशीन द्वारा किये जा रहे नाला सफाई की स्थिति को देखा। नाले की सफाई होती हुई पाई गई। निरीक्षण के समय पाया गया कि नाले के ऊपर दुकानदारों द्वारा अवैध रुप से अतिक्रमण कर रखा है। लाल इमली चौराहे के पास स्थित नाले के ऊपर अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण को मौके पर ही हटवाया गया और दुकानदारों से अपील की गई कि वे स्वयं अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण को हटा लें, अन्यथा की स्थिति में नगर निगम टीम द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जायेगी, जिसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। संबन्धित को निर्देशित किया गया कि नाले की तली-झाड सफाई की जाये तथा सफाई के तत्काल बाद सिल्ट उठाने की कार्यवाही की जाये।

इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त द्वारा न्यू सिटी ककरा में ई-चार्जिंग बस स्टेशन से जैव-विविधता पार्क तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। निर्देशित किया गया निर्माणाधीन सड़क का लेवल मानक के अनुरुप होना चाहिये एवं निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण किये जाने के भी निर्देश दिये गये।

नगर आयुक्त द्वारा महानगर क्षेत्र के पक्का तालाब में स्थित तालाब के सौन्दर्यीकरण हेतु कराये जान रहें कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में मई माह में खुदाई का कार्य पूर्ण करते हुये भीटा निर्माण करा दिया जाये, जिससे बरसात के समय किसी भी प्रकार की दिक्कत न हों। उक्त निरीक्षण के समय अभियंता निर्माण एस०के० अम्बेडकर, अधिशासी अभियंता आशीष त्रिवेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## सुखमय जीवन के लिए हार्टफुलनेस ध्यान जरुरी : गोपाल

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। रॉबर्ट्सगंज स्थित लायंस क्लब भवन में हार्टफुलनेस ध्यान का तीन दिवसीय कार्यक्रम शनिवार की देर शाम सम्पन्न हुआ। जिसमें एडवांस योगा ट्रेनर्स अनीता गुप्ता सहित 20 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

हार्टफुलनेस प्रशिक्षक गोपाल ने कहा कि हमारा दिल ही है जो हमारा सही मार्गदर्शन कर सकता है और हार्टफुलनेस का मतलब दिल की आवाज का अनुसरण करना। हम अपने दिमाग की सुनते हैं मगर दिल की आवाज नहीं सुनते हैं। हमारा दिल उस वक्त आवाज देता है जब हमसे कुछ गलत होने वाला होता है। हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास करते रहने से हम अपने दिल की सुनना सीख जाते हैं तब हम संतुलित, आनंदमय एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सभी कार्यों के समाप्ति के पश्चात शाम को हार्टफुलनेस सफाई ध्यान करने से हर समय तारोताजा रहते हैं। रात्रि में सोने से ठीक पूर्व हार्टफुलनेस प्रार्थना के माध्यम से हम अपने आंतरिक स्वर से जुड़ जाते हैं। हार्टफुलनेस ध्यान की पद्धति करीब 80 वर्ष पुरानी है जिसे फतेहगढ़ उत्तर प्रदेश के रामचंद्र जी महाराज द्वारा पुनः खोज कर इस संसार को प्रदान की गई, जिन्होंने प्राणाहुति के माध्यम से ध्यान को सहज बना दिया।

# जालपा देवी मन्दिर का होगा विकास: विधायक

शाहजहॉपुर, 18 मई (तरूणमित्र)। ग्राम कुतुआपुर सेहरामऊ दक्षिणी स्थित जालपा देवी मन्दिर को पर्यटन विकास कार्य लागत 85.67 रू0 की लागत से शिलान्यास व भूमि पूजन का कार्य ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह द्वारा किया गया।

इस मौके पर ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि हमारी योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री द्वारा लगातार पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे है। मेरे विधानसभा में जालपा देवी मन्दिर के लिये 85.67 रू0 की धनराशि स्वीकृत करके कार्य कराया जायेगा। निर्माण हो जाने के बाद यहां पर लगातार लोगों का अवागमन बढ़ेगा। प्राचीन जालपा मन्दिर की मान्यता है कि 51 शक्तिपीठ में इसका भी स्थान है यहां पर देवी सती के दाहिनी पैर की उंगली गिरी थी प्राचीन समय में ही लोगो की आस्था का केन्द्र बना हुआ है यहां पर एक और मान्यता है आल्हा और उदल पूजा करने आते थे। यहां पर प्रतिवर्ष आषाढ़ माह की



अमावस्या के प्रथम सोमवार को बड़ा मेला लगता है। मैं मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री को धन्यवाद देना चाहूगा कि उन्होंने मेरे अनुरोध पर शीतला खेड़े मन्दिर कांट के लिये 1 करोड़ 80 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। इसी तरह कांट ब्लाक कुर्रियां कलां में कोन क्षेत्र शिवमन्दिर के लिये 1 करोड़ से अधिक की धनराशि से जल्द कार्य शुरूआत कराया जायेगा। मेरे क्षेत्र ददरौल विधानसभा के लिये तीनों स्थानों पर कार्य कराया जायेगा। जब से ददरौल विधानसभा की महान जनता ने मेरे पूज्य पिताजी व उपचुनाव में मुझे विधायक बनाकर भेजा तब से धार्मिक स्थलों के साथ-साथ सड़को का जाल विछा, अस्पताल बने, शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोदय आवासीय विद्यालय एवं दो कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों पर कार्य चल रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों में कोई ऐसा कार्य नहीं हुआ, जिससे जनता को लाभ मिला हो।

इस मौके पर जयवीर सिंह मण्डल अध्यक्ष कनेंग, भरत कुमार सिंह, शरद कुमार सिंह, रामप्रकाश कष्यप प्रधान सेहरामऊ, शिवनन्द कुमार सिंह, चीनी तिवारी, अशोक शुक्ला, अरूण सिंह, राजकुमार वर्मा प्रधान देवकली, संजय वर्मा प्रधान चंदगोई, पदम सिंह, हरजीत सिंह चौहान, कमल सिंह, अनिल सिंह, कमलेश गुप्ता, ओमपाल सिंह, सुनील सिंह एड., पप्पू तिवारी, ध्रुव सिंह, अभिराम त्रिवेदी, त्रिवेन्द्र सिंह अध्यक्ष गन्ना समिति, रामबहादुर शर्मा, आदर्ष तिवारी, अजीत पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत कर्मचारी एसोसिएशन ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। रॉबर्ट्सगंज सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा सोनभद्र की ओर से रविवार को आर्य समाज मंदिर रॉबर्ट्सगंज के परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जनपद अध्यक्ष सूरज बली सिंह की अध्यक्षता में संपन्न की गई। जिसमें विभिन्न विभागों से सेवानिवृत कर्मचारियों के साथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी व जनपद सचिव सलाउद्दीन ने भी भागीदारी किया स नागेश्वर तिवारी, डॉव विक्रम प्रसाद सिंह, रामराज राम, शिव गणेश, मोती सिंह, अशोक फौजी आदि ने बिचार ब्यक्त किया स्वर्गीय बी एन सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए चित्र पर माल्यार्पण कर सभा का समापन किया गया।

### मामूली बातों व गलत फहमियों से दूर जोड़ों को कराया जा रहा एक

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निदेर्शानुसार जनपद में ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में रविवार को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में महिला थानाध्यक्ष, सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 06 वैवाहिक जोड़ों की काउंसलिंग की गयी। जिसमें से 03 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया। जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए। अन्य 03 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गयी। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया। जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये। जिस पर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

### राजीव जिलाध्यक्ष व मुकेश जिलामंत्री चुने गये

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। यूपी बैंक इम्प्लाईज यूनियन ईकाई का चुनाव राबर्ट्सगंज स्थित सूर्या इंटरनेशनल होटल में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी यूपीबीईयू के सहायक मंत्री संजय शर्मा की देखरेख में चुनाव कराया गया। चुनाव में अध्यक्ष राजीव रंजन, उपाध्यक्ष राहुल, जिलामंत्री मुकेश कुमार, संयुक्त मंत्री राजेश, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, संगठन मंत्री सुजीत कुमार, उप मंत्री आशुतोष कुमार सिंह व दीपेश त्रिपाठी, सह कोषाध्यक्ष अजय कुमार, अंकेक्षक अमर नाथ, संयोजिका परिषद लालिमा मंडल सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए। चुनाव अधिकारी संजय शर्मा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे यूनियन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए काम करेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बैंक कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा। वे यूनियन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए काम करेंगे। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने एकजुट होकर बैंक कर्मचारियों के हित में काम करने का संकल्प लिया।

### एनटीपीसी ने श्रमदान अभियान किया आयोजित

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान हर दिन नई गति पकड़ रहा है और इस मुहिम में एनटीपीसी विन्ध्याचल अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां चलाए जा रहे प्रभावशाली अभियानों ने न केवल समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को भी मजबूती से स्थापित किया है। इसी क्रम मे एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का नेतृत्व ई.सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) ने किया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस व एडीएम) और राकेश अरोड़ा, प्रमुख मानव संसाधन (विन्ध्याचल) उपस्थित रहे। साथ ही ज्ञान सिंह भाटी और भास्कर चैधरी (सहायक कमांडेंट्स, सीआईएसएफ) एवं उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी ने इस सामूहिक संकल्प को और भी मजबूती प्रदान की।

### आध्यात्मिक शिविर का भव्य शुभारंभ

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। ओबरा सेक्टर नम्बर 10 बाल विद्या निकेतन में 3 दिवसीय भारत सरकार के फिट इंडिया मुहिम के अंतर्गत योग एवं आध्यात्मिक शिविर का भव्य आयोजन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अधिकारी मधुसूदन जयसवाल, मंच के संरक्षक अशोक यादव एवं प्रशांत सिंह दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान एवं सोनांचल सेवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर 'स्वास्थ्य क्रांति' लाने का संकल्प लिया है। धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक जी ने बताया की योग और आयुर्वेद चिकित्सा से विभिन्न रोगों जैसे शुगर, कमर दर्द, साइटिका, सिर दर्द, मोटापा, खून की कमी, अर्थराइटिस, और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों को खत्म किया जा सकता है। मंच के सरंक्षक अशोक यादव एवं प्राध्यापक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान एवं सोनांचल सेवा मंच ने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देकर अत्यंत मजबूर व्यक्तियों को योग शिविर एवं अन्य चिकित्सा पद्धति के शिविर आयोजित कर लाभ पहुंचाने के लिए मंच के माध्यम से नियमित कार्य किये जा रहे है। धनवंतरी पतंजलि योग पीठ के सदस्य प्रशांत सिंह एवं विकाश अग्रहरि ने कहा कि यह संस्थान योग और आयुर्वेद के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शिक्षक संघ ने वित्त मंत्री को दिया मांगपत्र

शाहजहांपुर, 18 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार से बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के लिए वरिष्ठता और बैचवार नीति के आधार पर अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण की मांग की है। इस संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र के नेतृत्व में शिक्षकों ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना को राजभवन में एक चार सूत्री मांगपत्र सौंपा है।

संघ ने मांगपत्र में उल्लेख किया है कि अब तक की स्थानांतरण नीतियों का लाभ अधिकतर उन्हीं शिक्षकों को मिला है जो विशेष श्रेणियों जैसे कि दंपति दोनों सरकारी सेवा में, गंभीर रोगग्रस्त, एकल अभिभावक या तलाकशुदा हैं। सामान्य शिक्षकों, जिन्हें कोई भारांक नहीं प्राप्त है और वे अपने गृहजनपद से तीन सौ से आठ सौ किलोमीटर दूर पिछले 15 वर्ष से कार्यरत हैं उनके स्थानांतरण की राह अब भी कठिन बनी हुई है। दिये गये मांगपत्र में संघ का कहना है कि जिलों के रिक्त पदों को शून्य या अत्यंत कम दशार्या जाता है, जबकि आरटीआई के माध्यम से प्राप्त जानकारी में यह संख्या अधिक पाई जाती है। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की वर्तमान नीति में किसी जिले से अधिकतम 10% शिक्षकों के बाहर स्थानांतरण की सीमा है, जिसे समाप्त करने की मांग की गई है। वरिष्ठता एवं बैचवार स्थानांतरण नीति लागू की जाए जिससे सामान्य शिक्षकों को भी अपने गृह जनपद में स्थानांतरण का अवसर मिल सके। संघ ने मंत्री से इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आदेश करवाने की मांग की है ताकि लंबे समय से स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों और उनके परिवारों को राहत मिल सके। प्रतिनिधि मण्डल में संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, अश्विनी अवस्थी, राकेश रोशन,प्रदीप जायसवाल, नरेश चन्द्र विश्वकर्मा, पंकज भारद्वाज, राजेश कुमार यादव, बजेश कुमार, जितेन्द्र सिह, यतेन्द्र कुमार सूद, रमन कुमार मिश्रा, याकूब सिद्दीकी, शेखर यादव, विकास प्रताप सिह, महेन्द्र कुमार, राजेश टण्डन, संजीव शर्मा आदि थे।

## विश्व संग्रहालय दिवस पर सूने रहे संग्रहालय

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। जब सारे विश्व में अवस्थित संग्रहालयों में पर्यटकों की भारी भीड़ लगी हो, पर्यटक अपनी इतिहास, संस्कृति, साहित्य को संग्रहित कलाकृतियों के माध्यम से जानने के लिए उत्सुक हो, ऐसे में भूतात्विक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, धार्मिक दृष्टि से विश्व में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले सोनभद्र के शिवद्वार, मऊ गांव में अवस्थित खंडहर बन चुके संग्रहालय सूना पड़ा रहा। इन संग्रहालयों में आने वाले पर्यटक, विद्यार्थी, स्थानीय नागरिक खंडहर रूपी संग्रहालय के गेट पर बंद ताले को कातर दृष्टि से निहारते हुए मायूस होकर लौट गए, दूसरी ओर संग्रहित प्रस्तर मूर्तियां भी अपने बदहाली, असुरक्षा, दुर्दशा का दंश झेलती रही।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, दो घर जले

मौदहा हमीरपुर, 18 मई (तरूणमित्र)। रविवार दोपहर अचानक आग लगने से दो घर जल गए जिसमें एक महिला भी आग की चपेट में आकर झुलस गई, हालांकि ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। जबकि आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।

रविवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी कल्लू के मकान में अचानक आग लग गई और आग ने बगल महेंद्र कुमार के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।बताते चलें कि कल्लू की पत्नी सत्यवती भी आग की चपेट में आकर झुलस गई जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल भेजा गया है जहां पर महिला का इलाज किया जा रहा है।वहीं बिजली नहीं होने के कारण पानी की सप्लाई आसानी से नहीं हो सकी जिससे आग आसानी से अपना काम कर गई। लेकिन किसी तरह ग्रामीणों ने जनरेटर की व्यवस्था कर पानी की व्यवस्था की और आग पर काबू पाया तब तक दोनों घरों का घर गृहस्थी का लाखों रुपये का सामान और राशन जलकर खाक हो गया। फिलहाल किसी भी राजस्व विभाग के जिम्मेदार ने मौके पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का आंकलन नहीं किया है जबकि दोनों परिवारों के सामने अब परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है।

## पीओके का छोड़ा मौका-पीएम मोदी का देश को धोखा, आप पार्टी ने किया प्रदर्शन

मौदहा हमीरपुर, 18 मई (तरूणमित्र)। आम आदमी पार्टी ने भाजपा के विरुद्ध बिना कोई लक्ष्य हासिल किए पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले पर ह्यूमन बैनर के जरिए तीखा हमला बोला है। बुधवार को आम आदमी पार्टी ने मालिकुआं चौराहा मौदहा पर ह्यूमन बैनर लगाकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्टी का कहना है कि भारतीय सेना पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) वापस कब्जा कर सकती थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में आकर प्रधानमंत्री ने यह सुनहरा मौका गंवा कर भारतवासियों को धोखा दिया है। वहीं आप जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछ रहा है




कि उन्होंने पाकिस्तान से इतनी आसानी के साथ सीजफायर क्यों कर दिया पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर पूरा देश एकजुट था। इसके साथ ही, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, सपा समेत सभी विपक्षी दल प्रधानमंत्री के साथ खड़े थे। लेकिन मोदी जी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दबाव में आकर सीजफायर कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष गुलाम मुहम्मद, त्रिलोक चन्द्र, आदित्य प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनटीपीसी ने श्रमदान व हस्ताक्षर अभियान किया आयोजित

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान हर दिन नई गति पकड़ रहा है और इस मुहिम में एनटीपीसी विन्ध्याचल अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां चलाए जा रहे प्रभावशाली अभियानों ने न केवल समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को भी मजबूती से स्थापित किया है।

इसी क्रम मे एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का नेतृत्व ई.सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) ने किया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस व एडीएम) और राकेश अरोड़ा, प्रमुख मानव संसाधन (विन्ध्याचल) उपस्थित रहे। साथ ही ज्ञान सिंह भाटी और भास्कर चैधरी (सहायक कमांडेंट्स, सीआईएसएफ) एवं उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी ने इस सामूहिक संकल्प को और भी मजबूती प्रदान की। एकजुटता और उद्देश्य की भावना के साथ, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने अनुबंधित हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ मिलकर विंध्य चिकित्सालय परिसर की सफाई में श्रमदान किया। यह श्रमदान स्वच्छता के प्रति न केवल प्रत्यक्ष प्रतिबद्धता दशार्ता है, बल्कि उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान भी व्यक्त करता है जो प्रतिदिन पर्दे के पीछे मेहनत करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने उनके समर्पण और सेवा की सराहना करते हुए उन्हें हाइजीन किट भेंट कर सम्मानित भी किया, जो परियोजना की समावेशिता और आभार की संस्कृति को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत जिम्मेदारी के संदेश को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए एक सिग्नेचर अभियान भी आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने एक स्वच्छ और हरित भारत के लिए अपनी प्रतिबद्धता को हस्ताक्षर कर व्यक्त किया, जो सामाजिक बदलाव में व्यक्तिगत योगदान की शक्ति का प्रतीक है। इन प्रभावशाली प्रयासों के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना स्वच्छता, समावेशिता और स्थिरता के मूल्यों को लगातार बढ़ावा दे रहा है और सामुदायिक भागीदारी से पर्यावरणीय कार्रवाई का आदर्श स्थापित कर रहा है। एनटीपीसी विन्ध्याचल को टस्कर अवाड्र्स 2025 में प्रतिष्ठित दो स्वर्ण पुरस्कार से किया गया सम्मानित एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एकबार फिर अपनी उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए टस्कर अवाड्र्स 2025 में दो प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह गौरवमयी सम्मान 17 मई,2025 को तिरुवनंतपुरम में आयोजित समारोह में प्रदान किए गए। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना कोह्य सीएसआर उत्कृष्टताह्व औरह्य राजभाषा समावेशिताह्व की श्रेणियों में यह सम्मान प्राप्त हुआ। एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार अजय कुमार मीणा, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने ग्रहण किए। सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार एनटीपीसी विन्ध्याचल की उस प्रतिबद्धता को मान्यता देता है, जिसके अंतर्गत उसने स्थानीय समुदायों के समग्र विकास के लिए बहु आयामी पहलों को क्रियान्वित किया है। साथ ही बुनियादी ढांचा विकास, कौशल प्रशिक्षण, आर्थिक सशक्तिकरण तथाह्य बालिका सशक्तिकरण अभियानह्व के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया है।

## धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध अस्पताल व पैथोलॉजी

सोनभद्र, 18 मई (तरूणमित्र)। जनपद सोनभद्र में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध अस्पताल पैथोलॉजी व क्लिनिक स्वास्थ्य विभाग को पूरी जानकारी होते हुए भी स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है जब कभी बड़ी घटना या किसी की मौत हो जाती है तो स्वास्थ्य विभाग हाफते हुए धमक पड़ता है। जिले के हर क्षेत्र में हजारों अवैध अस्पताल क्लीनिक पैथोलॉजी खुले हुए हैं। यह अवैध अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन और मानकों के बगैर ही संचालित किये जा रहे हैं। इतना ही नहीं काफी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर भी जिले के तमाम क्षेत्रों में इलाज कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इन पर अंकुश लगाने में नाकाम है। जिले में मंडलीय अस्पताल के अलावां सीएचसी, पीएचसी, न्यू पीएचसी और बड़ी संख्या में केंद्र खोले गए हैं। इसके बाद भी प्राइवेट अस्पतालों की संख्या तेजी से बढ़ भी रही हैं।

# योगी सरकार में अधिकारी निरंकुश: विधायक श्याम

रायबरेली, 18 मई (तरूणमित्र)। समाजवादी पार्टी रायबरेली की विधानसभा क्षेत्र बछरावा के ब्लॉक शिवगढ़ के बूथ प्रभारियों,सेक्टर प्रभारियों की बैठक शिवगढ़ नहर कोठी में जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी बैठक में उपस्थित बूथ प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में शिवगढ़ का सर्वांगीण विकास हुआ।

बिजली की समस्या के निराकरण हेतु बेडारू एवं ओसाह में पॉवर हाउस बनाने,तकनीकी शिक्षा हेतु ओसाह में पॉलिटेक्निक स्कूल का निर्माण कर संचालन,दर्जनों लोहिया एवं जनेश्वर मिश्र समग्र ग्राम बनाकर गाँवों का समग्र विकास एवं गरीबों को लोहिया आवास,इस क्षेत्र के हजारों छात्रों को लैपटॉप,कन्या विद्याधन दिया गया परन्तु दुर्भाग्य से बीजेपी की आठ वर्ष की सरकार में शिवगढ़ ब्लॉक के विकास




कार्यों में सौतेला व्यवहार हो रहा है।उन्होंने कहा बूथ प्रभारी अपने संबंधित बूथों पर मतदाता सूचियों का अवलोकन करें मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए सक्षम अधिकारियों से शिकायतें करें।बूथों पर समाजवादी पार्टी पदाधिकारी आमजन से मिलकर समाजवादी पार्टी की सरकारों में शिवगढ़ ब्लॉक में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों की चर्चा एवं भाजपा सरकार में किसानों,मजदूरों,युवाओं,छात्रों के साथ हो रहे अन्याय,उत्पीड़न एवं अत्याचार की घटनाओं की भी चर्चा लोगों में करें।आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी के बूथ के कार्यकर्ता का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक मतों से सपा को जिताना होगा।

क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती ने बूथ सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश के शोषितों वंचितों पीड़ितों को न्याय, अधिकार एवं सम्मान दिलाने हेतु अनवरत संघर्ष किया जा रहा है उनकी नीतियों से प्रेरित होकर पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों की एकजुटता बढ़ी है। बूथों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा पूर्ण ज़िम्मेदारी एवं निष्ठापूर्वक सभी को एकजुट करना है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रशासनिक अधिकारी निरंकुश होकर समाजवादियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहें हैं। सम्मेलन को विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, ब्लॉक अध्यक्ष भानू प्रकाश पटेल, राममिलन गौतम, देवतादीन पासी, सन्तराम यादव, रज्जनलाल पटेल आदि ने बूथ पर मजबूत संगठन पर सुझाव एवं विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी पंकज वर्मा, दिनेश कुमार, रामनरेश यादव, संतोष वर्मा, जसकरन यादव, ओमप्रकाश रावत, आशीष मिश्रा, श्रवण कुमार, बजरंगी, गीता पासी सहित सैकड़ों बूथ एवं सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय: खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तीसदर, बस्ती

पत्रांकः / बी०आर०सी०/नीलामी/83-84/2025-26 दिनांक 17 मई 2025

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती के पत्रांक/एस०एस०ए०/872-79/2025-26 दिनांक 15.05.2025 के आलोक विकास खण्ड-बस्ती सदर के विद्यालयों की ध्वस्तीकरण हेतु जर्जर विद्यालयों की नीलामी दिनांक 19.05.2025 को बी०आर०सी० डिलिया बस्ती सदर पर सुबह 10: 00 बजे से नीलामी होनी है।

(विनोद कुमार त्रिपाठी)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
बस्ती सदर-बस्ती

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 19 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- षष्ठी

# आम आदमी पार्टी में विभाजन

ऐसा लगता है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली शिकस्त के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्लीवासियों को ही नहीं, बल्कि अपनी पार्टी को भी उसके हाल पर छोड़ दिया है। तभी तो दिल्ली में आम आदमी पार्टी को लगे तगड़े झटके के बावजूद केजरीवाल की ओर से अब तक कोई बयान नहीं आया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के 13 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा देकर नया राजनीतिक दल बना लिया है। पार्षदों ने इस पार्टी का नाम इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी रखा है। यह कदम आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने एमसीडी चुनाव में मिली हार के बाद उठाया है। नयी पार्टी का नेतृत्व मनीष गोयल कर रहे हैं जो दिल्ली नगर निगम में पार्टी के नेता रहे हैं। दिल्ली के हाल के विधानसभा चुनाव में उन्होंने आदर्शनगर से चुनाव भी लड़ा था लेकिन भाजपा प्रत्याशी ने उन्हें हरा दिया था। 2025 की शुरूआत में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को बुरी हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद पार्टी के अंदर लगातार असंतोष और खींचतान का माहौल है। अब 13 पार्षदों के इस्तीफे ने पार्टी की मुश्किलें और अधिक बढ़ा दी हैं। उधर, पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पूरी तरह दिल्ली से गायब है, जबकि यह वही दिल्ली है जिसने उन्हें 10 साल से अधिक समय तक आँखों पर बिठाए रखा। परन्तु दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद पिछले तीन महीने से वे लापता हैं। फरवरी में चुनाव हारने के बाद से पिछले तीन महीने में वे दो बार पार्टी की बैठक में शामिल हुए। दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में उन्होंने बेटी की शादी से जुड़े कुछ कार्यक्रम अवश्य किए थे, परन्तु शादी की रस्में पंजाब के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस में हुई थीं। इसे लेकर भी सवाल उठे थे और विरोधियों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सीएम आवास को बारात घर बना दिया है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा और हिंदी फिल्मों की हिरोइन परिणीति चोपड़ा की शादी भी कपूरथला हाउस में हुई थी। बहरहाल, तीन महीने से केजरीवाल दिल्ली की राजनीति से दूर ज्यादा समय पंजाब में बिता रहे हैं क्योंकि पंजाब विधानसभा चुनाव में अब दो साल से कम समय रह गया है। मार्च 2027 में पंजाब का चुनाव होना है। केजरीवाल को पता है कि दिल्ली के बाद अगर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सत्ता गई तो फिर बड़ा संकट होगा और पार्टी को बचाना मुश्किल हो जाएगा। दिल्ली में सत्ता से बाहर होते ही पार्टी के हाथ से नगर निगम भी निकल गया है। चंडीगढ़ नगर निगम भी उनकी पार्टी गंवा चुकी है। पंजाब के अलावा किसी और राज्य में सत्ता के आसपास पहुंचने की भी संभावना नहीं दिख रही है। दिल्ली में सत्ता में रहते आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बनने के नजदीक थी। केजरीवाल तब कहते थे कि दिल्ली में उनकी पार्टी को हराने वाला अभी पैदा नहीं हुआ। अब वही केजरीवाल दिल्ली में पार्टी में टूट के बाद भी चुप हैं। थोड़े से समय में यह भारतीय राजनीति में किसी राजनीतिक दल के उदय और पतन की दुर्लभ कहानियों में से एक है।

## पद की है तलाश !



कृष्णेन्द्र राय

अवसर रहे निहार ।
पद की है तलाश ।।
ना रहना है आम ।
बन ही जाना खास ।।
गुणा भाग में माहिर ।
जा रहा संदेश ।।
पर पहले टटोलना ।
बढ़े ना कलेस ।।
दिख जाए पर जल्द ।
नया कुछ अवतार ।।
मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।
बहती रहे बयार ।।
फैसला तो मान्य है ।
पर कसक है बाकी ।।
ना आई पर काम ।
कोई भी चालाकी ।।

## सूडोकु नवताल- 7434

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7433 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा।**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं।

मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वतः तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है। तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है।

पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है। पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन कर- के भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है।

पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ, जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था और तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था, वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी मे। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की, शारदा विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये को सबक सिखाने के लिए भारत उसके अंदर के मुद्दों को बाहर लाएगा। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा' तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है।

तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि अखिल विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि–लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में 'नेशन फर्स्ट' का भाव सर्वोच्च होना चाहिए। केवल तुर्किए ही नहीं, हमें हर उस देश और व्यक्ति का बॉयकॉट करना चाहिए या हमारे भीतर शत्रु बोध होना चाहिए, जो हमारे देश के प्रति शत्रुता रखता हो, शत्रुता का भाव और विचार रखता हो और जो हमारे शत्रु से मित्रता निभाता हो।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# पाकिस्तानी दोस्त तुर्की पर जबरदस्त चौतरफा 'स्ट्राइक'



**भविष्य की आहट**
**डा. रवीन्द्र अरजरिया**

'आपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान को सबक सिखाने के बाद अब उसके सहयोगियों को देश ने सबक सिखाना शुरू कर दिया है। इस श्रंखला की पहली कड़ी तुर्किये है। उल्लेखनीय है कि विगत 6 फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता वाला सदी का सबसे शक्तिशाली भूकम्प आया था। इस आपदा में 60 हजार से अधिक लोगों के हताहत होने, लगभग 1.50 लाख भवनों के धूलधूसित होने तथा 15 लाख से ज्यादा लोगों के बेघर होने की स्थिति निर्मित हुई थी। तब मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भारत ने 'आपरेशन दोस्त' चलाया था। सबसे पहले भारत ने ही सहायता पहुंचाई थी जिसमें राहत सामग्री भरकर सी-17 श्रेणी के 6 विमान तथा चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाइयों से सुसज्जित सुपर हरक्यूलिस श्रेणी का विमान भेजे गये थे। इसके अलावा भारतीय सेना के 250 जवानों सहित एनडीआरएफ के 50 दक्ष सेवाकर्मियों के दलों को भी सहायतार्थ पहुंचाया गया था।

चिकित्सा जगत के 99 भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञों ने तुर्किये में 30 बिस्तरों का फील्ड अस्पताल बनाकर वहां के 4 हजार से अधिक मरीजों की सर्जरी, क्रिटिकल केयर, आपरेशन के साथ साथ अन्य जटिल आपातकालीन इलाज किया था। कपडे, टैंट, बचाव उपकरण, जनरेटर्स, एक्सरे मशीन, वैन्टिलेटर्स, ईसीजी मशीनें, कम्बल, दैनिक उपयोग की सामग्री, राशन, फल, मेवा, पौषिक आहार, शक्तिवर्धक औषधियों सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी भारत ने भेजी थी। उसी देश ने अहसान फरामोशी का कीर्तिमान स्थापित करते हुए विगत 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए धर्मगत आतंकी हमले के गुनहगार पाकिस्तान पर किये गये 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान उसे खुलकर समर्थन ही नहीं दिया बल्कि हथियारों का जखीरा, सैन्य उपकरण, उपकरणों के आपरेटर्स, कूटनैतिक तथा आर्थिक सहयोग तक मुहैया कराया था। सूत्रों के अनुसार तुर्किये ने पाकिस्तान को 350 से अधिक ड्रोन सहित बेतहाशा गोलाबरूद आदि दिये थे ताकि वह आपरेशन सिंदूर का मुंहतोड जवाब दे सके। इसी क्रम में विगत 4 मई 2025 को तुर्किये नौसेना युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा एफ-512 भी कराची पोर्ट पर सहायतार्थ पहुंच गया था ताकि भारतीय नौसेवा के साथ खुली जंग हो सके। अतीत में भी अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर तुर्किये द्वारा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाया जाता रहा है। अब भारत ने तुर्किये के खिलाफ आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक नाकेबंदी हेतु कूटनैतिक प्रयास तेज कर दिये हैं। जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, जामिया विश्वविद्यालय सहित देश के अनेक विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों ने तुर्किये के साथ हुए अपने अनेक अनुबंध निलम्बित कर दिये हैं जिससे वहां विकसित हो रही शिक्षा संभावनायें एक झटके के साथ रुक गई। दूसरी ओर दिल्ली, किशनगढ़, उदयपुर, चित्तौडगढ़ तथा सिलवासा के मार्बल व्यवसायियों ने पाक सहयोगी से मार्बल के आयात को पूरी तरह से बंद करने की घोषणा कर दी है। मालूम हो कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 14.5 लाख मीट्रिक टन मार्बल का आयात करता है जिसमें से 10 लाख मीट्रिक टन मार्बल केवल तुर्किये से आता था। इस तरह लगभग 2500 करोड़ रुपये का कारोबार शून्य पर पहुंच गया। देश के मार्बल व्यापार संगठनों की माने तो वे अब तुर्किये के स्थान पर इटली, वियतनाम, स्पेन, क्रोशिया, नामीबिया तथा ग्रीस जैसे देशों से माल मंगाकर उच्चतमस्तर के विलासतापूर्ण जीवन जीने वाले उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेंगे।

इसी तरह देश के फल व्यापारियों ने भी तुर्किये के सेब के आर्डर कैंसिल करना शुरू कर दिये हैं। भारतीय पर्यटकों ने भी इस देश की पूर्व निर्धारित यात्रायें स्थगित करना शुरू कर दीं हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारतीय पर्यटकों ने गत वर्ष तुर्किये को लगभग 4 हजार करोड़ का मुनाफा दिया था। तुर्किये के ब्रैंड्स को आनलाइन घायल करने के लिये रिलायंस तथा फ्लिपकार्ट ने भी प्रहार शुरू कर दिये हैं। रिलायंस के आजियो तथा फ्लिपकार्ट के मिंत्रा पर तुर्कीश बैंड्स का सामान आउट आफ स्टाक दिखने लगा है। ज्ञातव्य है कि तुर्किये के ई-कामर्स प्लेटफार्म ट्रेंडयाल के मार्केटिंग राइट्स भारत में खरीदे गये थे। मिंत्रा ने ट्रेंडयाल पर लिस्टिड सभी तुर्कीश ब्रैंड्स की सेल अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दी है। रिलायंस ने तो तुर्की में स्थापित अपने सारे आफिस बंद कर दिये हैं। भारत सरकार ने तो बड़ा झटका देते हुए तुर्की की ग्राउण्ड हैंडलिंग सर्विस देने वाली कम्पनी सेलेबी एविएशन की सिक्योरिटी क्लीयरेंस को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। बौखलायी तुर्किये की कम्पनी ने भारत में मौजूद मीर जाफरों की फौज के सहयोग से भारत सरकार के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है ताकि देश के लचीले संविधान की आड में सरकार के राष्ट्रवादी कदमों को रोक जा सके। बहरहाल, गत शुक्रवार को सीएआईटी द्वारा आयोजित बिजनेस लीडर्स का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें देश भर के 125 से अधिक प्रमुख दिग्गजों ने भाग लिया, उस सम्मेलन में भी तुर्किये और अजरबैजान के साथ यात्रा, पर्यटन, व्यापार, वाणिज्य, तकनीक आदि सभी क्षेत्रों में बहिष्कार करने का संकल्प लिया गया। सरकारी संस्थाओं से लेकर निजी संगठनों तक ने 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान आतंकी देश पाकिस्तान के सहयोगी राष्ट्र तुर्किये पर प्रहार पर प्रहार करने शुरू कर दिये हैं। ऐसे में पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने हेतु निकलने वाले मल्टी पार्टी डेलिगेशन के शशि थरूर-कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद भाजपा, संजय झा जदयू, बैजयंत पंडा भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि डीएमके, सुप्रिया सुले एनसीपी पवार तथा श्रीकान्त शिन्दे एनसीपी का विश्वव्यापी दौरा निश्चय ही आने वाले समय में पाकिस्तान को आतंकिस्तान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# नौकरी पात्रता में पुराना ढर्रा छोड़े सरकार



प्रेम शर्मा

आज का जीवन तेजी से डिजिटलीकृत हो रहा है। कंप्यूटर शिक्षा युवाओं को इस बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने में मदद करती है। कंप्यूटर कौशल की मांग सभी क्षेत्रों में बढ़ रही है। जिससे कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त युवाओं को विभिन्न प्रकार के रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलती है। शायद यही कारण है कि देश के युवाओं ने अपनी शिक्षा के साथ अब कम्युटर शिक्षा को अनिवार्य मानते हुए अलग अलग तरीके के कम्यूटर कोर्स करने शुरू कर दिये है।

प्रतिवर्ष राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से प्रमाणित यूपीटेक जैसे तमाम जगहों से प्रतिवर्ष हजारों बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा लेकर ट्रिपल सी, ओ लेबिल, एलेबिल, डाटा एन्ट्री, टेली विथ जीएसटी आदि के प्रमाण पत्र लेकर कंप्यूटर शिक्षा में दक्ष होकर बेकार घूम रहे है। यही नही इंटर के बाद सरकारी सेवा की लालच में बच्चों ने बीसीए और एमसीए को अपना टारगेट बना रखा है। हजारों बच्चें आज बीसीए और एमसीए करने के बाद निजी संस्थानों में काफी कम मानदेय में नौकरी कर रहे है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा निकाली जाने वाली भार्तियों में आज भी लगभग वही पुराना ढर्रा अपनाया जा रहा है। अब जबकि ग्राम पंचायत से लेकर शीर्ष कार्यालयों तक कंप्यूटरीकरण का अत्याधिक उपयोग शुरू हो चुका है ऐसे में पुराने ढर्र पर भार्तियों के चलते शिक्षणा संस्थानों से लेकर आम और खास कार्यालयों तक में कंप्यूटर शिक्षित कीर्मिकों की कमी खल रही है। हालांकि केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने कर्म खर्च में काम की रणनीति अपनाते हुए संविदा और ठेका प्रणाली से नाममात्र के कंप्यूटर शिक्षित लोगों को काम दे रखा है लेकिन उसका उतना लाभ न तो सरकार उठा पा रही है न ही आम जनमानस को उसका लाभ मिल पा रहा है। यहां यह मुद्दा उठाने के पीछे कई लाजिक है। जैसे पुलिस विभाग में आज के दौर में सबसे ज्यादा साइबर अपराध हो रहे ऐसे में इस क्षेत्र के आपराधियों से निपटने के लिए भारी भरकम शरीर या उच्च शिक्षित कार्मिक की जगह अगर कंप्यूटर विशेषज्ञ इनके साइबर सेल शामिल किए जाए तो इस तरह के अपराधियों को पकड़ने में सहायता मिलेगी। अगर इस आधार पर प्रत्येक जिले के साइबर सेल में कंप्यूटर विशेषज्ञों की भर्ती की जाए तो काफी कंप्यूटर विशेषज्ञ छात्रों को रोजगार मिल सकता है। यही हाल रेलवे, कृषि, स्वास्थ्य, परिवहन, ऊर्जा मंत्रालय, राजस्व, आयकर, बिक्रीकर सहित शिक्षा विभाग का है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के सचिवालयों में तो हर हाल में कंप्यूटर विशेषज्ञों भर्ती होनी चाहिए। क्योकि अब तक सचिवालयों में 90 प्रतिशत काम पेपर लेस के करीब पहुंच चुका है। यही नही अगर वाकई सरकार पेपर लेस वर्क के आधार पर काम कर रही है तो उसे हर छोटे से बड़े विभाग में एक अलग कंप्यूटर विंग बनाना चाहिए जिसमें उधर या आधे अधूरे ज्ञान वाले नही बल्कि पात्र कंप्यूटर विशेषज्ञों की तैनाती की जाए। क्योकि पिछले कुछ सालों में हर विभाग में कंप्यूटरीकरण के नाम पर हजारों हजार कंप्यूटर खरीद कर इन्टरनेट से जोड़ तो दिये गए लेकिन कार्मिकों को कंप्यूटर का ज्ञान न होने के कारण वे डिब्बे या फिर गेम खेलने के काम आ रहे है। अगर सरकार एक बार अपना पुराना भर्ती की पात्रता को दरकिनार कर हर विभाग में फिलहाल रिक्त पदों पर पद के सापेक्ष 50 प्रतिशत पदों पर कंप्यूटर की पात्रता वाले युवाओं को भर्ती कर ले





तो व्यापक स्तर पर सुधार दिखाई देगा।

हालाकि कि सरकार की अपनी नीति के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकारों के अधिनस्थ रिक्त पदों की संख्या खुलकर या स्पष्ट रूप से सामने नही आती लेकिन कभी कभार सदन में उठाये जाने वाले प्रश्नों के माध्यम से पता चलता है कि केन्द्र सरकार के अधिनस्थ वर्तमान समय से दस लाख और प्रत्येक राज्य सरकारों में औसतन 30 से 40 प्रतिशत पद रिक्त है।

सबसे खात बॉत यह कि चतुर्थ श्रेणी संवर्ग जिसमें सर्वाधिक लोगों को रोजगार मिलने से उनके परिवाार का भरण पोषण होता था उसे समाप्त कर सरकार ने ठेका प्रथा के हवाले कर इस संवर्ग के लोगों का मानसिक, आर्थिक शोषणा का रास्ता खोल दिया है। आज देश में केन्द्र और राज्य सरकारों के अधिनस्थ ठेका प्रथा में शोषण का शिकार हो रहे कार्मिकों की संख्या करोड़ का आकड़ा पा कर गई है। एक जानकारी के अनुसार अभी केंद्र सरकार के तहत आने वाले लगभग 78 विभागों में 9.79 लाख पद खाली हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों में भी शिक्षकों के लगभग 10.6 लाख से ज्यादा पद खाली हैं। पूरे देश में शिक्षकों के 61 लाख 84 हजार 464 पद स्वीकृत हैं, जबकि अलग-अलग राज्यों में कुल 10 लाख 60 हजार 139 पद खाली हैं। इसमें बिहार और यूपी टॉप पर देखे जा सकते है। यानि कि इनमें अगर दस प्रतिशत भी कंप्यूटर विशेषज्ञों भर्ती बदलते परिवेश और जरूर के हिसाब से कर दी जाए तो एक लाख ओ लेबिल, ए लेबिल, बीसीए और एमसीए बच्चों को सरकार रोजगार दे सकती है। इसी तरह रेलवे में लगभग 2,37,295 पद खाली है। मंजूर पदों की तुलना में 15 प्रतिशत पद खाली हैं। गृह मंत्रालय में लगभग 1,28,842 पद खाली हैं. यहां भी 12 प्रतिशत पद खाली हैं। साइंस और टेक्नोलॉजी विभाग में लगभग 66 प्रतिशत पद खाली हैं और कुल खाली पदों की संख्या 12,444 है। वहां सिर्फ 4217 लोग ही काम कर रहे हैं। यह तो केवल बानगी है यानि के केन्द्र सरकार के सभी विभागों को देखा जाए तो हर साल एक करोड़ नौकरियां देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान सही लगता है।

इसके ठीक विपरीत के उनके कार्यालय में ही लगभग 26 प्रतिशत पद खाली हैं। जल संसाधन, नदी विकास और गंगा मंत्रालय में लगभग 4557 पद खाली हैं, जो 42 फीसदी है। अगर मां गंगा के नाम पर भी युवाओं को नौकरी मिल जाती तो साढ़े चार हजार लोगों का कल्याण हो जाता। देश के लिए नीति बनाने वाले आयोग का हाल भी अन्य मंत्रालयों की ही तरह है। वहां भी 32 प्रतिशत पद खाली हैं। ऐसे मे अगर राज्य सरकारों के अधिनस्थ बॉत की जाए तो यहॉ भी लगभग अधिकाधिक रोजगार देने वाले संवर्ग में रिक्तियॉ 60 प्रतिशत तक है। विद्यालयों का यही हाल है केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों में कंप्यूटर शिक्षा देने वाले शिक्षक नाम मात्र के है। अगर है भी तो वे ठेका प्रथा से सम्बद्ध है। ऐसे में केन्द्र एवं राज्य सरकारों को अगर वाकई इस बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठा कर चलना है तो उसे हर संवर्ग की नौकरियों में 50 प्रतिशत पदों पर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से प्रमाणित प्रशिक्षित कंप्यूटर शिक्षित उम्मीदवारों शामिल करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह** : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कन्या** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला** : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनु** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर** : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभ** : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन** : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# काबिना मंत्री ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

## गाँव गाँव जाकर सभी अधिकारी योजना की जानकारी आमजन को दें-राजभर

फिरोजाबाद, 18 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज , अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मन्त्री ओमप्रकाश राजभर ने जनपद के सिविल लाइन स्थित निरीक्षण भवन में आगरा मण्डल के समस्त अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों से गाँव गाँव जाकर पंचायत के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओ का लाभ दिलाने की हिदायत दी है बैठक में उन्होंने समस्त अधिकारियों से कहा कि आपके द्वारा किये गये कार्य सराहनीय है। किसी को भी कोई परेशानी हो तो वह मुझे अवगत कराएं, उन्होंने कहा कि हर अधिकारी गाँव का भ्रमण कर ग्रामवासियो से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओ के बारे में जानकारी दे। और योजनाओ का लाभ भी पहुँचाये, जिससे हमें योजनाओ के बारे में सफलता प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नये प्रस्ताव बनाये, जिससे उनके द्वारा बनाये गये नये प्रस्ताव को शासन स्तर पर मंजूरी दिलाई जा सके। और उसका लाभ अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदान किया जा सके। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को हिदायत दी कि जहां -जहां व्यक्तिगत शौचालय क्षतिग्रस्त अवस्था मे है। उन्हें तत्काल ठीक कराये। साथ ही जहां -जहां पंचायत सहायको की भर्ती लम्बित है। उनकी विज्ञापन निकलवाकर शीघ्र भर्ती कराये। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय हर पात्र लाभार्थी के पास हो, एवं जहां बहुउद्देशीय पंचायत भवन बन रहे है। उनका निर्माण शीघ्र कराये। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा , कि आवंटित दुकानों से आमदनी का मद बढ़ाये।



# कन्या सुमंगला योजना के तहत जहां आवेदन लम्बित हैं, उनका शीघ्र करें निस्तारण -जिलाधिकारी

फिरोजाबाद, 18 मई (तरुणमित्र)। कन्या सुमंगला योजना उ0प्र0 सरकार द्वारा बालिकाओं के कल्याण के लिए शुरू की गयी एक महत्वपूर्ण योजना है, यह योजना निम्न उद्देश्यों से संचालित की गयी है

जिनमें कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा को प्रोत्साहन देना, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करना, बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना। इस महत्वपूर्ण योजना से ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचें, इसके लिए, जिलाधिकारी लगातार समस्त उपजिलाधिकारियों एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर रहें है।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को सख्त शब्दों में चेतावनी दी है, कि अपने यहां कन्या सुमंगला से सम्बन्धित लम्बित आवेदनों का निस्तारण शीघ्र करायें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा के दौरान यह पाया कि उपजिलाधिकारी के स्तर पर फिरोजाबाद और टूण्डला में सर्वाधिक आवेदन लम्बित है। जबकि खण्ड विकास अधिकारी के स्तर पर शिकोहाबाद, एका और अरांव में सर्वाधिक आवेदन लम्बित है। जिलाधिकारी ने कठोर शब्दों में चेतावनी दी है, कि जो भी आवेदन उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के स्तर पर लम्बित है, उनका निस्तारण शीघ्र कराएं, जिससे इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र बालिकाओं तक पहुंच सकें और उनके शिक्षा व स्वास्थ्य में मदद पहुंच सकें।

# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने किया बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



बिजनौर/धामपुर, 18 मई (तरुणमित्र)। संभावित बाढ़ से पूर्व तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जनपद में चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों की परियोजनाओं के वित्तीय कार्यों/ भौतिक सत्यापन तथा कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के अधिकारियों ने अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन खो नदी के बायें किनारे स्थित तिपरजोत तटबन्ध की सुरक्षा हेतु कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को समस्त कार्य मानसून से पूर्व समय पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार सिंह , अधिशासी अभियंता मध्य गंगा नहर निर्माण खंड-5 बिजनौर ब्रजेश कुमार मौर्य , उप जिलाधिकारी धामपुर ऋतु रानी, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ,सहायक अभियंता पुनीत कुमार अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, चंद्रकुश चौहान एवं गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

फिरोजाबाद, 18 मई (तरुणमित्र)। थाना मक्खनपुर क्षेत्र के बिलटीगढ़ स्थित खाटू श्याम मन्दिर के समीप रविवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिसके फल स्वरुप उस पर सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए सरकारी एंबुलेंस सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की गंभीर अवस्था देखते हुए, आगरा रेफर कर दिया है थाना मटसेना क्षेत्र के गांव वजीरपुर जेहलपुर निवासी 25 वर्षीय रोहित पुत्र तेज सिंह अपने साथी अनमोल पुत्र नेतराम के साथ बाइक पर सवार होकर मक्खनपुर गया था, तभी वहां से काम समाप्त कर वह दोनों बाइक द्वारा घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में बिलटीगढ़ स्थित एसीजी पेट्रोल पंप और खाटू श्याम मन्दिर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

# सरकारी एंबुलेंस के अभाव में वृद्ध की गयी जान

- समय से मिल जाती एम्बुलेंस तो बच सकती थी जान
- परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा जमकर किया हंगामा

फिरोजाबाद, 18 मई (तरुणमित्र)। स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध सौ शैय्या अस्पताल के वार्ड में भर्ती एक वृद्ध की डायलिसिस होने के बाद एंबुलेंस के इंतजार में जान चली गई। परिजनो ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काटा।

थाना उत्तर के रानी नगर निवासी बृद्ध केशव शर्मा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध 100 शैय्या अस्पताल के एम आई सी यू वार्ड में भर्ती थे। उन्हें डायलिसिस के लिए जिला अस्पताल के डायलिसिस विभाग में एम्बुलेंस द्वारा भेजा गया था। जहां डायलिसिस के बाद एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण बृद्ध वही पड़ा रहा, मृतक का भांजा ललित शर्मा का आरोप है। उसने कई बार डॉक्टरों से एम्बुलेंस बुलाने की गुहार लगाई थी, परंतु 3 घंटे तक एम्बुलेंस ना आने के कारण उसके मामा के केशव शर्मा को उपचार नहीं मिल सका ,और हालत बिगड़ती चली गई, इसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया, इधर मौत होने के बाद भी एम्बुलेंस नहीं आई गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने घटना के संबंध में जानकारी हासिल की और परिजनों को शांत कराया इसके बाद परिजन शव को घर ले गये।

इस घटना के बाद जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं थी, जब जानकारी हुई तो मैंने एम्बुलेंस भेजी तब तक परिजन शव को घर ले जा चुके थे।



# सोड़ा बनाने की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल ने पाया काबू

फिरोजाबाद, 18 मई (तरुणमित्र)। शिकोहाबाद क्षेत्र में मैनपुरी रोड स्थित कंथरी के समीप सोड़ा बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार दोपहर एक बजे के करीब अचानक आग लग गई। आग से फैक्ट्री में रखे सोड़ा से भरे ड्रम जल कर राख हो गये। जिससे आग से फैक्ट्री का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग की सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग को फैलने से पहले ही उस पर काबू पा लिया। दिल्ली निवासी रवि की फैक्ट्री में सोडा ऐश से कच्चा सोडा बनाकर पक्का सोडा बनाया जाता है। रविवार को फैक्ट्री में काम चल रहा था।इसी दौरान भट्ठी में जल रही लकड़ी से पास में ही रखे ड्रमों में आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी।कुछ ही समय में थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। फैक्ट्री के प्रबंधक मोहित ने बताया कि फैक्ट्री में सोड़ा एस से भरे ड्रम जल गये, जिससे फैक्ट्री स्वामी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

# भगवान बुद्ध ने विश्व को प्रेम, शांति और सौहार्द का पाठ पढ़ाया : नीरज

बरेली, 18 मई (तरुणमित्र)। रविवार को बुद्ध जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में विशाल बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन संजय कम्युनिटी हॉल में किया गया।

जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आंवला सांसद नीरज मौर्य ने अपने संबोधन में बताया कि भगवान बुद्ध ने दुनिया को जियो और जीने दो, करुणा, मैत्री, विश्व बंधुत्व, विश्व शांति का उपदेश देकर सामाजिक बुराइयों, पाखंड आदि को समूल नष्ट कर आदर्श समाज की स्थापना कर दुनिया में विश्व शांति स्थापित करने एवं समाज को सुशिक्षित, शीलवान बनाने एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो वह तथागत बुद्ध ही हैं।

मुख्य वक्ता तपेंद्र प्रसाद शाक्य ने अपने उद्बोधन में भगवान बुद्ध के द्वारा स्थापित त्रिशरण, पंचशील, चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग, 10 पारमिताएं, 2 अतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से बनवारी लाल मौर्य एडवोकेट एवं रमेश मौर्य द्वारा किया गया। अध्यक्षता ज्ञानेंद्र सिंह मौर्य एडवोकेट ने की।

कार्यक्रम के संयोजक रामपाल सिंह मौर्य ने सभी आगंतुकों का एवं सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ई अनीस अहमद खान, शिवचरण कश्यप , विजयपाल सिंह, अगम मौर्य, डॉ एमएल मौर्य, बृजेंद्र पटेल, कल्पना सागर, आदेश यादव गुड्डू, मो कलीमुद्दीन, खंजन लाल मौर्य, नंदकिशोर मौर्य, राज सिंह यादव, राम सिंह मौर्य एवं बुद्ध जयंती समारोह समिति के संयोजक देवेन्द्र मौर्य, शिव कुमार मौर्य, बीडी मौर्य एवं अशोक महान सेवा संघ के अध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।



# श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति की छबील सेवा जारी

बरेली, 18 मई (तरुणमित्र)। श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति बरेली एवं महिला मंडल बरेली द्वारा रविवार को 18वें दिवस शरबत की छबील सेवा मंदिर के मुख्य द्वार पर रवि छाबड़ा के निर्देशन में हुई । मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री ठाकुर जी अपार कृपा से भीषण गर्मियों में श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति एवं महिला मंडल द्वारा राहगीरों, स्कूली बच्चों व आम जनता के लिए रोज दोपहर 12.30 बजे से शरबत का छबील सेवा श्री हरि मंदिर मुख्य द्वार पर चल रही है, जो कि प्रभु इच्छा तक चलेगी। आज शरबत सेवा का 18वा दिवस है। आज की सेवा में मुख्य रूप से मंदिर सचिव रवि छाबड़ा, संजय आनंद, गोविन्द तनेजा, दीपक साहनी, मन मोहन छाबड़ा, रेनू छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।





# डीएम ने बाबा बनखंडी नाथ व धोपेश्वर नाथ मंदिर का किया निरीक्षण

- नाथ कोरिडोर के तहत कार्यो की प्रगति का लिया जायजा
- जिलाधिकारी ने दोनों मंदिरों में पूजा-अर्चना कर पुष्प अर्पित किए

बरेली, 18 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने नाथ कोरिडोर के कार्य कि प्रगति को देखने के उद्देश से रविवार को बनखण्डी नाथ तथा धोपेश्वर नाथ मन्दिर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने धोपेश्वर नाथ मन्दिर के निरीक्षण के दौरान पाया कि परिसर में स्थित तालाब में अत्यधिक गन्दगी है, जिस पर उन्होंने निर्देश दिये कि तालाब तथा मन्दिर में साफ सफाई निरन्तर की जाए।

जिससे कि श्रद्धालुओं की आस्था में कोई ठेस न पहुंचे। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा बनखण्डी नाथ मन्दिर का भी निरीक्षण किया और मंदिर परिसर में बनी गौशाला को देखकर सम्बन्धित को निर्देश दिये कि गायों के लिए हरे चारे व भूसे तथा पानी की व्यवस्था उचित मात्रा में उपलब्ध करायी जाए। वनखंडी नाथ मंदिर में बने जल कुंड की भी साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दोनों मंदिरो में पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किये और शिवलिंग पर जल तथा पुष्प अर्पित किये।





# काले तेल मामले में कई घंटे बाद भी नहीं हुई एफआईआर

फिरोजाबाद, 18 मई (तरुणमित्र)। थाना शिकोहाबाद औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात लखनऊ एसटीएफ ने स्थानीय पूर्ति निरीक्षक, राजस्व टीम और थाना पुलिस के साथ छापा मार कार्यवाही की थी। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक ने फैक्ट्री में बनाये जा रहे काले तेल के सैंपल जांच के लिए भरे थे इस दौरान फैक्ट्री में मिले आठ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। जिनसे पूछताछ की जा रही है वहीं 36 घंटे से अधिक बीतने के बाद भी अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काला तेल बनाया जा रहा था।

जिसे सड़क निर्माण कार्य में प्रयोग किया जा रहा है। डाबर के स्थान पर अब सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार इसी काले तेल का प्रयोग करते हैं। जिसकी बजह से सड़कों की गुणवत्ता में कमी आती है, और सड़कें कुछ ही समय बाद उखड़ने लगती हैं। फैक्ट्री को दो लोग पार्टनरशिप में संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही नगर के अन्य भागों में भी काले तेल का कारोबार चल रहा है। बताया जाता है, कि फैक्ट्री सरकार को राजस्व भी दे रही है।

इससे कयास लगाया जा रहा है कि जो कारोबार हो रहा है, वह नंबर एक का है। लेकिन अभी तक इस पूरे मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका है। उधर पकड़े गये चालक, परिचालक और फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर पुलिस की हिरासत में हैं। पुलिस उनसे फैक्ट्री स्वामी के बारे में और फैक्ट्री में क्या घोलमाल है , उसके बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। बताया जाता है कि काले तेल बनाने की फैक्ट्री के बारे में लखनऊ एसटीएफ को जानकारी मिली थी।

## विद्युत करंट लगने से युवक की मौत

फिरोजाबाद, 18 मई (तरुणमित्र)। थाना एका क्षेत्र के गांव केलई में खेत में पानी लगाते समय विद्युत करंट लगने से युवक की मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है गांव केलई निवासी 19 वर्षीय नरेन्द्र कुमार पुत्र राजेश कुमार रविवार की दोपहर अपने खेत में पानी लगा रहा था ,वही खेत में हाई टेंशन का विद्युत पोल लगा था, तभी उसके गीले हाथ विद्युत पोल से छू गये, जिसके फल स्वरुप उसे जोरदार करंट लगा और उसकी चीख निकल गई। और जमीन पर गिर गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग वहां पहुंचे तो उन्होंने उसे बाहर निकाला तब तक नरेंद्र दम तोड़ चुका था, परिजन भी खेत पर पहुंच गये, जिनमें कोहराम मच गया सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है।

# बरेली कॉर्पोरेट लीग : शाहजेब फर्नीचर व किंगसलेयर ने जीते मैच




बरेली, 18 मई (तरुणमित्र)। डीजी इंफ्रा ग्रुप के तत्वाधान में श्री राम मूर्ति स्मारक क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे बरेली कॉर्पोरेट लीग के रविवार को दो मैच खेले गये। पहला मैच किंग्स लेयर एवं गंगा पॉली कैब के मध्य खेला गया। जिसमे गंगा पॉली कैब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आकाश ने 36 व रोहित चौहान के 32 रनों की मदद से 20 ओवर में 143 रन बनाये। किंग्सलेयर की ओर से राहुल कपूर ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्सलेयर की टीम ने 18.5 ओवर में 144 रन बनाकर 4 विकेट से जीत हासिल की। जिसमे राहुल कपूर व प्रतीक पाल ने 26-26 रनों का योगदान दिया। किंग्सलेयर की ओर से कैफ हसन ने 2 विकेट लिए। राहुल कपूर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच बियर कैफे व शाहजेब फर्नीचर के मध्य खेला गया।जिसमे बियर कैफे ने टॉस जीतकर शाहजेब फर्नीचर को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। शाहजेब फर्नीचर ने 19.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 166 रनों का लक्ष्य बियर कैफे के समक्ष रखा। जिसमे मुकेश कसवान ने सर्वाधिक 37 रन बनाये। बियर कैफे की ओर से एच एस राठौर ने 3 व जोंटी व आकाश ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बियर कैफे की टीम 163 रनों पर आल आउट हो गयी।

और शाहजेब फर्नीचर ने 2 रन से यह मैच जीत लिया। जिसमे विश्राम खोजी ने 34 व आशीष ने 31 रन बनाये शाहजेब फर्नीचर की ओर से प्रमोद ने 3 व अनिमेष ने 2 विकेट लिए प्रमोद को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर शशांक रस्तोगी, रियाज अफरीदी, शुभम कौशिक, अतुल यादव, कृष्णा यादव, आरिफ हुसैन, जारिया कलेक्शन के जहीर उद्दीन, रजत मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे।

# नाथ कॉरिडोर के कार्यों को गंभीरता से लें अफसर : जिलाधिकारी

## डीएम ने की नाथ कॉरिडोर के तहत पर्यटन विभाग की स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा

बरेली, 18 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत पर्यटन विभाग की स्वीकृत परियोजनाओं के निर्धारित समयान्तर्गत कार्य प्रारम्भ किये जाने एवं नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत अन्य समस्त विभागों की क्रियान्वित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण ने अवगत कराया कि कार्यदायी संस्था का धर्मकांटा से डेलापीर रोड पर इंटरलॉकिंग का कार्य बहुत ज्यादा खराब है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नाथ कॉरिडोर के कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, यह कार्य मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्थाएं, अन्य जनपद जहां कॉरिडोर का निर्माण हुआ है वहां से मार्गदर्शन भी ले सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरे द्वारा किये गये निरीक्षणों में कॉरिडोर जैसी फील का कार्य नहीं हुआ है। आज की मीटिंग के बाद कार्य को योजनाबद्ध तरीके से कार्य को गति दें और फिर पुनः कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में कार्यदायी संस्था ने बताया कि रोड चौड़ीकरण कार्य का कार्य कराया गया है लेकिन विद्युत पोल अभी नहीं हट पाये हैं। उप निदेशक पर्यटन ने बताया कि पर्यटन विकास के अन्तर्गत पशुपति नाथ मंदिर में प्रवेश द्वार व चाहर दीवारी का कार्य, अलखनाथ मंदिर में मुख्य द्वार, लाइब्रेरी, प्रसाद शॉप, शौचालय व ओपन थियेटर का कार्य, तुलसीमठ मंदिर में मुख्य द्वार, वैदिक लाइब्रेरी, सत्संग भवन, धर्मशाला का कार्य, त्रिवटीनाथ मंदिर में सत्संग भवन, शौचालय, प्रवेश द्वार का कार्य, वनखण्डी नाथ मंदिर में मंदिर के निकट नगर निगम की भूमि पर पार्क, पार्किंग, शौचालय, शॉप्स आदि बनायी जाएगी। तपेश्वर नाथ मंदिर में लाइब्रेरी, पार्किंग, प्रसाद शॉप, शौचालय का कार्य, तपेश्वर नाथ मंदिर में धर्माथ कार्यों में शिवालय सुदृढ़ीकरण, मढ़ीनाथ मंदिर में प्रवेश द्वार व अन्य कार्य होना है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टाइल्स या ग्रेनाइट आदि लगाने से पूर्व उच्चाधिकारियों से भी राय ले लें। सभी सम्बंधित विभाग जैसे-नगर निगम, बरेली विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग व कार्यदायी संस्थाएं आपसी समन्वय के साथ स्थानों को चिन्हित कर लें, जहां से कार्य की प्रस्तुति बेहतर हो। बैठक में बुलाए गए महंतों से भी उनके सुझाव मांगे गए, जिसमें मढ़ीनाथ के महंत ने बताया कि मंदिर परिसर में पानी भर जाता है। पशुपतिनाथ के महंत ने बताया कि मुख्य सड़क से मंदिर तक जलभराव हो जाता है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र ही क्षेत्र का भ्रमण कर कार्य को देखा भी जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मणिकंडन ए., सचिव बरेली विकास प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप निदेशक पर्यटन, कार्यदायी संस्थाएं सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# मोनाड यूनिवर्सिटी में एसटीएफ ने मारा छापा, चेयरमैन सहित 10 गिरफ्तार

**हापुड़, 18 मई (तरुण मित्र)।** मोनाड यूनिवर्सिटी में एसटीएफ ने छापा मार कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में मार्कशीट, डिग्री, प्रोविजनल, माइग्रेशन, लैपटॉप, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व नकदी बरामद करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ के निरीक्षक ओम शंकर शुक्ला ने रिपोर्ट लिखवाते हुए बताया कि यह लोग फर्जी मार्कशीट व डिग्री छाप कर मोटी रकम लिया करते थे इन लोगों से 1372 फर्जी मार्कशीट व डिग्री, 262 फर्जी प्रोविजनल माइग्रेशन बरामद किए गए हैं यह लोग मोटी रकम लेकर उनकी मार्कशीट तैयार किया करते थे इसमें इनका सहयोग यूनिवर्सिटी के चैयरमैन विजेंद्र सिंह उर्फ विजेंद्र सिंह हुड्डा किया करता था यह लोग काफी समय से इस धंधे को कर रहे थे इन लोगो का एक बड़ा नेटवर्क था जो बच्चों को इनके संपर्क में यह कहकर लाया करता था कि ओरिजिनल मार्कशीट मिलेगी परंतु इसके बदले तुम्हे मोटी रकम खर्च करनी पड़ेगी यह लोग अन्य राज्यो में भी संपर्क कर इस धंधे को कर मोटा मुनाफा कमाया करते थे। इन लोगो के कब्जे से डिग्री के अलावा 7 लैपटॉप, 6 लाख 54 हजार 800 रुपये नगद, सरवर संबंधी 26



इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं इन अभियुक्तों के खिलाफ

**❑ 1372 मार्कशीट,डिग्री व 262 प्रोविजनल,माइग्रेशन 14 फोन,लैपटॉप, 26 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व 6,54,000 हजार बराबर**

धारा 318(4),338, 336 (3),340 (1), 340 (2), व 111 भारतीय न्याय संहिता के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त संदीप कुमार उर्फ संदीप शेरावत पुत्र विजेंद्र कुमार सिंह ग्राम चीरवाड़ी थाना चांदहट पलवल हरियाणा, बिजेंद्र सिंह उर्फ विजेंद्र सिंह हुड्डा पुत्र सुरेश पाल निवासी कंकरखेड़ा मेरठ, मुकेश ठाकुर पुत्र प्रधान सिंह ठाकुर निवासी F-6 कटवारिया सराय नई दिल्ली, अनिल बत्रा पुत्र ज्ञानचंद निवासी डी 220 सेक्टर 47 नोएडा, नितिन कुमार सिंह पुत्र यशवीर सिंह निवासी 19 आनंद लोक रुड़की रोड मेरठ, गौरव शर्मा पुत्र स्वर्गीय मदन मोहन शर्मा रोशनपुर डाली रुड़की रोड कंकरखेड़ा, सनी कश्यप पुत्र टीटू सिंह निवासी एसएसवी इंटर कॉलेज के पास अर्जुन नगर हापुड़, इमरान पुत्र शरीफ अहमद रेलवे रोड हापुड़, कुलदीप पुत्र रविंद्र सिंह निवासी गुलावठी ग्राम बलवंत बुलंदशहर व विपुल तालियां पुत्र वीरेंद्र सिंह कोठी सादक अली थाना हापुड़ नगर है, गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक ओम शंकर शुक्ला, आशुतोष त्रिपाठी,गिरजा शंकर यादव, कुलदीप सिंह, शिव भोला, शुक्ला कमांडो राजकुमार आदि मौजूद थे।

# दूल्हे को नशे में धुत देख दुल्हन ने शादी से किया इंकार

**बिंदकी, फतेहपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक अनोखा मामला सामने आया। यहां दुल्हन ने दूल्हे को शराब के नशे में देखकर शादी से मना कर दिया। बकेवर थाना क्षेत्र के कृष्णापुर बांका से शनिवार की शाम को बारात आई थी। जयमाल के बाद जब फेरों की बारी आई, तब दुल्हन कपड़े बदलकर आई। उसने दूल्हे को नशे में देखा तो तुरंत शादी से इनकार कर दिया। परिजनों और रिश्तेदारों ने दुल्हन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी।

रविवार की सुबह मामला थाने पहुंच गया। दोनों पक्षों के परिजन और रिश्तेदार जहानाबाद थाने पहुंचे। दूल्हा



भी फूलों से सजी गाड़ी में थाने आया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया। पांच घंटे तक चली पंचायत के बाद दुल्हन शादी के लिए राजी हो गई। इसके बाद वर पक्ष के लोग दुल्हन के गांव पहुंचे। विवाह की रस्में फिर से शुरू की गईं। इस दौरान थाना परिसर के आसपास भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोगों में इस घटना को लेकर काफी चर्चा रही।

## संदिग्ध हालत में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**फतेहपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** राधानगर थाना क्षेत्र के नई बस्ती में एक युवक ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा।

जानकारी के अनुसार नई बस्ती मुहल्ला निवासी पन्नू लाल सविता के 30 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार सविता ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर जान दे दी। जब सुबह देर तक मनीष कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को शंका हुई और दरवाजा तोड़ा गया। देखा कि मनीष का शव फंदे से लटक रहा है। जिससे परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# भगवान परशुराम के पराक्रम एवं आदर्शों का अनुशरण करें युवा-पं. सुनील

**जलालाबाद, शामली 18 मई (तरूणमित्र)।** भगवान परशुराम की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम मे पूर्व राज्य मंत्री पण्डित सुलील भराला ने सभी ब्राहमण समाज के युवाओ से आहवन किया कि भगवान परशुराम के अवतरण के उदेश्य व जीवन दर्शन का अध्ययन कर उसका अनुशरण करें। भगवान परशुराम का अपने आप को वंशज बताना तभी सार्थक है जब हम उनके विषय मे सम्पूर्ण जानकारी रखते हो। कार्यक्रम मे पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, उत्तरांखंड के खानपुर से विधायक पण्डित उमेश शर्मा द्वारा भी भगवान परशुराम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

ज्लालाबाद के गांव चन्दैनामाल मे परशुराम मन्दिर सेवा समिति के तत्वावधान मे गांव के बाहरी छोर पर भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया



जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री एवं राष्टीय परशुराम परिषद के संस्थापक पण्डित सुनील भराला, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, व उत्तराखंड से विधायक पण्डित उमेश शर्मा ने प्रतिमा अनावरण करने के बाद दूर दराज से आये बृहम समाज के लोगो को सम्बोधित किया। खासतौर से युवाओ को इंगित करते हुए अपने सम्बोधन मे पूर्व राज्यमंत्री सुनील भराला ने कहा कि कुरीतियो से दूर रहते हुए भगवान परशुराम के पराक्रम एवं आदर्शो का अध्ययन करें उनके अवतरण के विषय मे अध्ययन करें। विश्वभर मे उन 56 स्थानो के विषय मे जाने जहां भगवान परशुराम के अंश किसी ना किसी रूप मे विद्यमान है। तभी हम उनके वंशज कहलाने के अधिकारी बन सकते है। भगवान विष्णु के छठे अवतार होने के नाते वह सभी सनातन संस्कृति सनातन धर्म को मानने वाले के लिए पूज्य है अलग अलग स्थानो पर मन्दिर ना बनाकर भगवान परशुराम की प्रतिमा को अन्य देवी देवताओ के मन्दिरो मे ही स्थान दे। पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अपने अवतरण की सार्थकता को उस युग के 21 आतताई राजाओ को अंत कर धर्म का साम्राज्य स्थापित किया। वही उत्तराखंड के खानपुर के चर्चित विधायक उमेश शर्मा ने युवाओ से आहवाहन किया कि वह भगवान परशुराम के आदर्शो की राह पर चलकर गरीब असहाय लोगो की सहायता का संकल्प ले। चूकि ब्राहमण देश समाज को रास्ता दिखाने का कार्य करता है। बिना रूके बिना परवाह किये हम अपने जीवन उददेश्य के प्रति संकल्पित रहना होगा। इससे पूर्व प्रातः हवन यज्ञ का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के अंत मे संत ललिता नन्द जी महाराज द्वारा सभी को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पण्डित दिनेश शर्मा व सुरेन्द्र शर्मा ने की संचालन मा0 नरेश शर्मा गोगमा द्वारा किया गया। पूर्व प्रधान मामचन्द शर्मा, सपा नेता राकेश शर्मा, विकास शर्मा, अभिषेक कौशिक, विजय कोशिक, सूरज शर्मा, आनन्द शर्मा, सभासद देवेन्द्र पण्डित,भाजपा नेता बोबी शर्मा, राहुल शर्मा , सन्तोष शर्मा, मोनू शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, अंकित शर्मा,गौरव शर्मा,सुरेंद्र शर्मा, कवरपाल शर्मा ,नीटू शर्मा, विशु शर्मा, कुशल पाल शर्मा,रजनीश शर्मा आदि का सहयोग रहा। प्रातः मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें पुरोहित के रूम में पंडित मनोज शास्त्री द्वारा विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया यज्ञ में यजमान के रूप में सुरेंद्र शर्मा से सपत्नीक ओर सूरज शर्मा, विनोद शर्मा,आनंद शर्मा, डॉक्टर जॉनी शर्मा, अभिषेक शर्मा, अनुज शर्मा आदि ने यज्ञ आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की।

जलालाबाद मे भाजपा नेता बोबी शर्मा के आवास पर पत्रकारो से वार्ता करते हुए पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 मे भगवान परशुराम के जीवन दर्शन को जानने की प्रेरणा मिली विश्व भर मे उनके 56 अंश स्थानो मे से 32 से अधिक स्थानो के दर्शन कर राष्टीय परशुराम परिषद की स्थापना कर तभी से देश के युवाओ व समाज के लोगो को उनके आदर्शो पराक्रम को जानने के लिए प्रेरित कर रहे है।

उनके प्रति गहरी आस्था अटूट विश्वास ही उन्हे देश व समाज के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। जल्द ही वह समाजिक जागरूकता के लिए रथ यात्रा का आयोजन करेंगे। जिसमे युवओ को भगवान परशुराम के आदर्शो को अपनाने के लिए जाग्रत करेंगे।

# एक्शनः खाकी से फरेब पर किसान नेता समेत 26 पर मुकदमा

**फतेहपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** जिले के गाजीपुर थाना पुलिस को बदनाम करने की साजिश नाकाम हो गई। विवाद के एक मामले में इलाके के एक नेता ने सोशल मीडिया का सहारा लेकर खाकी को बदनाम करने का प्रयास किया। यह दीगर बात रही कि तीर उल्टा निशाने पर जा बैठा, क्योंकि जो वीडियो वायरल किया गया। उसमें कहीं पर भी पुलिस कसूरवार नजर नहीं आ रही है। इस मामले में धारा 126, 135, 170 बीएनएसएस के तहत सभी 26 आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा है।

गाजीपुर थाना परिसर में शनिवार की रात पुलिस को घेरने का प्रयास हुआ। थाना क्षेत्र के चकस करन गांव में दो पक्षों के बीच मामूली गाली-गलौज व हाथापाई की घटना हुई। जिसमें थाना गाजीपुर ने तत्परता



दिखाते हुए मु.अ.सं.105/25 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस में केस दर्ज किया। प्रथम पक्ष गेंदराज तिवारी की शिकायत पर नामजद आरोपी भूरा उर्फ सुशील पांडेय के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच में जुटी ही थी कि पूर्व में कई मामलों में आरोपी तथाकथित किसान नेता मोनू सिंह ठाकुर अपने साथियों के साथ थाने पहुंचा और दूसरे पक्ष की भी रिपोर्ट लिखने पर जोर दिया। इसी बीच मामला उत्तेजक हो गया और तथाकथित नेता का ग्रुप जमीन पर बैठ गया और नारेबाजी करने लगा। जुबानी भड़ास के बीच पुलिस अफसर के सामने नेताजी का मोबाइल भी वीडियो शूट होने लगा। यह दीगर बात रही कि लाइव प्रसारण में जो भी पुलिस को लेकर बोला गया। वह कहीं भी नजर नहीं आया। मसलन ना तो थाने का गेट बंद दिखा और ना ही पुलिस कर्मियों के हाथ में लाठी। हां थानेदार को

**❑ चकसकरन गांव में दो पक्षों में विवाद के बाद नेतागिरी को चमकाना पड़ गया भारी**

जरूर हाथ जोड़कर मामले को शांत करते सुना गया। पड़ताल में नेताजी की स्क्रिप्ट फरेब साबित हुई। पुलिस ने इस मामले में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप में सोनू समेत 26 पर कार्रवाई का चाबुक चलाया गया। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर रविवार कोर्ट भेज दिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

भारतीय दंड संहिता के तहत गाजीपुर पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने, सरकारी अधिकारी को परेशान करने, गैर कानूनी तरीके से डराने धमकाने, दंगा या हिंसक व्यवहार का मामला दर्ज किया है।

# ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल और इंटर कॉलेज में मदर्स डे हर्षोल्लास से मनाया




**अमरोहा, 18 मई (तरूणमित्र)।** ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल और ब्रिटिश इंटर कॉलेज, अमरोहा में शनिवार को मदर्स डे का भव्य आयोजन भावनात्मक और सांस्कृतिक माहौल में सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं को समर्पित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, भाषण और कविता पाठ शामिल थे।

कार्यक्रम में माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। सबसे भावुक पल वह था जब 'माँ की आँखों पर पट्टी बांधकर अपने बच्चे को पहचानने' का खेल आयोजित हुआ। माँ ने केवल स्पर्श और एहसास से अपने बच्चे को पहचानकर दर्शकों की आँखें नम कर दीं। इस विशेष अवसर पर 'सक्सेस मदर ऑफ द ईयर-2025' का अवार्ड नगर पालिका परिषद अमरोहा की अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन को प्रदान किया गया। भारतीय सेना की सीनियर ऑफिसर, बहादुर और प्रेरणादायक महिला, सोफिया कुरैशी को 'पावरफुल मदर ऑफ द ईयर-2025' अवार्ड के लिए चुना गया। उन्हें यह अवार्ड कार्यक्रम में प्रतीक रूप में दिखाया गया और जल्द ही औपचारिक रूप से भेजा जाएगा। उनकी अनुपस्थिति में भी उनकी देशसेवा और मातृत्व के प्रति समर्पण को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि निखिल जैन ने कहा, माँ का कोई विकल्प नहीं होता। यह आयोजन मातृत्व की शक्ति को सलाम करने का प्रयास है।

प्रबंधक शाहनवाज 'अंदाज अमरोहवी' ने कहा,जिसने माँ को राजी कर लिया, उसने रब को राजी कर लिया। जब मुझे माँ की दुआएं मिल गईं, हर मुसीबत को हराना आ गया।

कार्यक्रम का संचालन आसिफ नकवी और इंशा रानी ने किया। प्रधानाचार्य आसिफा नकवी और फजीलत निशा ने सभी माताओं को मदर्स डे की बधाई दी।

इस अवसर पर नुदरत नवाज अमरोहवी, सहीम, अफसर, सुहेल, तबस्सुम, फरहीन, सीमा दरख्शा, जुहैब, अरीबा, मोनू यादव समेत अनेक अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# जवाहर तापीय परियोजना प्लांट में कार्यरत कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत

**एटा, 18 मई (तरूणमित्र)।** मलावन थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जवाहर तापीय परियोजना प्लांट में कार्यरत एक कर्मचारी, पंकज कुमार (पुत्र नरेंद्र सिंह), को शनिवार दोपहर के समय विद्युत करंट लग गया। करंट लगने से पंकज गंभीर रूप से झुलस गया और उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद पंकज की हालत गंभीर देखते हुए उसे आगरा के एक हायर सेंटर रेफर किया।

18 मई 2025 को सुबह उपचार के दौरान पंकज की मौत हो गई। पंकज के निधन की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, उनके बीच कोहराम मच गया। परिवार में इस अचानक हुए हादसे के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। पंकज कुमार के परिजनों ने घटना के तुरंत बाद मुआवजे की मांग की है और

**❑ शनिवार को विद्युत करंट की चपेट में आकर हुआ था घायल**

उन्होंने इस हादसे को लेकर प्रशासन से उचित कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

घटना के बाद, पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे ने प्लांट में कार्यरत अन्य कर्मचारियों में भी भय का माहौल पैदा कर दिया है। वे सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की बात कर रहे हैं और जल्द ही प्रशासन से बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# मौरंग खनन में खेल, 53 लाख 20 हजार का जुर्माना

**फतेहपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** मौरंग के खनन में जारी खेल के एक और सच्चाई उजागर करते अध्याय का खुलासा हो गया। आधी रात राजस्व विभाग के साथ खनन विभाग ने चार पट्टों की पड़ताल की तो खनन में अनियमितता से टीम का साबका हुआ। जिस पर 53 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के साथ खनिज नियमावली के तहत सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत नोटिस जारी की गई है।

डीएम रविन्द्र सिंह के निर्देश पर इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। राजस्व विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध संयुक्त रूप से जनपद में संचालित विभिन्न मौरंग खनन पट्टा क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। जांच में पाई गई अनियमितताओं के क्रम में सदर तहसील के अंतर्गत संचालित खनन पट्टा क्षेत्र कोर्राकनक कंपोजिट दो के पट्टेधारक पर 19 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। अढ़ावल 10 के पट्टेधारक पर 12 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी तहसील अंतर्गत ओती कंपोजिट के पट्टेधारक पर 5 लाख 60 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। इसी प्रकार खागा तहसील के अंतर्गत गढ़ियावा मझगांवा के पट्टेधारक को 15 लाख 60 हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अवैध तरीके से खान संचालित करते पाए गए उक्त पट्टेधारकों पर अर्थदंड अधिरोपित करते हुए खनिज नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत नोटिस जारी कर दी गई है। साथ ही भविष्य में खनन में अनियमितता न करने की हिदायत दी गई। डीएम ने खनन पट्टाधारकों को कड़ी चेतावनी हुए कहा कि किसी भी दशा में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर बालू/मौरंग का अवैध खनन/परिवहन न किया जाए। अन्यथा की स्थिति में खनिज नियमावली के अंतर्गत सुसंगत नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** ललौली थाना क्षेत्र के दसवां मील के समीप सत्रह दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।

बताते चलें कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक रसूलपुर गांव निवासी स्व0 शितलू का 45 वर्षीय पुत्र रामाधार एक मई को बाइक से आ रहा था। जब वह ललौली के दसवां मील के समीप पहुंचा तभी ट्रक की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया था। जहां सत्रह दिनों से उसका उपचार चल रहा था, लेकिन हालत में कोई सुधार न हुआ और रविवार को उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। पोस्टमार्टम हाउस आए मृतक के बेटे शीटू ने बताया कि पिता टायर का पंचर बनवा कर आ रहे थे। तभी हादसा हुआ था। जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया था।

# विधायक ने ब्लाक प्रमुख संग नवनिर्मित कक्षों का किया लोकार्पण

**अमौली, फतेहपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** विकास खंड अमौली के कोठा बखरिया गांव के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में नवनिर्मित दो भूकंपरोधी अतिरिक्त कक्षा कक्षों का क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल व ब्लाक प्रमुख अमौली सुशीला सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल की उपस्थिति में वैदिक रीति से पूजन अर्चन कर फीता काटकर कर लोकार्पण किया।

बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आम जनमानस का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया। प्राथमिक विद्यालय कोठा बखरिया परिसर में वित्तीय वर्ष (24-25) के अंतर्गत 18.54 लाख की लागत




से निर्मित भूकंप रोधी अतिरिक्त कक्षा कक्षों का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित आम जनमानस को संबोधित करते हुए जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने ऑपरेशन सिंदूर, कराए गए विकास कार्य एवं सरकार की नीतियों की जमकर सराहना की। ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्णयों की तारीफ करते हुए सरकार की बेसिक शिक्षा के प्रति नीतियों की भी सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल ने स्कूल चलो अभियान सहित मिशन कायाकल्प की सफलता पर प्रकाश डाला। समस्त अतिथियों व अभिभावकों का उपस्थिति हेतु आभार जताया। अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। कंपोजिट विद्यालय बंबुरिहापुर के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का दिल जीत लिया। इस मौके पर वीरेंद्र सचान, नागेश प्रताप सिंह, शैलेंद्र सचान, योगेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, सौरभ उमराव, विनीत उत्तम, आशीष रस्तोगी, प्रधानाध्यापिका मनीषी उत्तम, रोहित सिंह, रीता देवी, मनीषा सचान, पर्यावरणविद मनीषा वर्मा, कुलदीप तिवारी, ग्राम प्रधान अरविंद, पूर्व प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, शिवनाथ, अमित कुमार, मयंक कटियार, इंजीनियर आशीष वर्मा भी मौजूद रहे।

## कार्यालय : ग्राम पंचायत अमोलीकलां विकास खंड रामनगर, जनपद-बाराबंकी

पत्रांकः /ग्रा०पं०/अल्प०निविदा/सूचना/ रामनगर 2025-26 दिनांक 17.05.2025

### अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत अमोलीकलां में मनरेगा अन्तर्गत धर्मेंद्र शुक्ला के घर से राजेंद्र द्विवेदी के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु निम्न सामग्री की आवश्यकता है।

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईंट प्रथम श्रेणी | 5290 नग |
| 2. | ईंट गिट्टी | 20.63 घनमीटर |
| 3. | मौरंग | 3.70 घनमीटर |
| 4. | सीमेन्ट | 77 बोरी |
| 5. | बालू | 10.32 घनमीटर |
| 6. | इंटरलॉकिंग ईंट | 7328 नग |
| 7. | लोकल बालू | 14.89 घन मीटर |

उपयुक्त सामग्री/सामग्री की मात्रा हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फार्म धारक दिनांक 18.05.2025 से 01.06.2025 तक समय 2.00 बजे अपरान्ह तक टेण्डर डाल सकते है तथा दिनांक 02.06.2025 समय 3.00 बजे अपरान्ह कमेटी के समक्ष टेण्डर खोले जायेगें। जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकृत होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अमोलीकलां
विकास खण्ड रामनगर
जनपद-बाराबंकी

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत अमोलीकलां
विकास खण्ड रामनगर
जनपद-बाराबंकी

## कार्यालय : ग्राम पंचायत बिछलखा विकास खंड रामनगर, जनपद-बाराबंकी

पत्रांकः /ग्रा०पं०/अल्प०निविदा/सूचना/रामनगर 2025-26 दिनांक 17.05.2025

### अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत बिछलखा में मनरेगा अन्तर्गत लल्ला लोधी के घर से अंगनू मिश्रा के घर तक नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य हेतु निम्न सामग्री की आवश्यकता है।

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम श्रेणी ईंट | 21857 नग |
| 2. | ईंट गिट्टी | 12.90 घनमीटर |
| 3. | मौरंग | 21.96 घनमीटर |
| 4. | सीमेन्ट | 217 बोरी |
| 5. | बालू | 6.45 घनमीटर |
| 6. | पत्थर गिट्टी (20 mm) | 6.12 घनमीटर |
| 7. | पत्थर गिट्टी(10 mm) | 2.1 घनमीटर |
| 8. | सरिया | 7.52 कुंतल |

उपयुक्त सामग्री/सामग्री की मात्रा हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म धारक 23.05.2025 समय 5.00 बजे अपरान्ह तक टेण्डर डाल सकते हैं तथा 24.05.2025 समय 1.00 बजे अपरान्ह कमेटी के समक्ष टेण्डर खोले जायेंगें। जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकृत होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बिछलखा
विकास खण्ड रामनगर जनपद-बाराबंकी

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत बिछलखा
विकास खण्ड रामनगर जनपद-बाराबंकी

## कार्यालय : ग्राम पंचायत बिछलखा विकास खंड रामनगर, जनपद-बाराबंकी

पत्रांकः /ग्रा०पं०/अल्प०निविदा/सूचना/रामनगर 2025-26 दिनांक 17.05.2025

### अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत बिछलखा में मनरेगा अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय से कन्हैया के घर होते हुए पुलिया तक नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य हेतु निम्न सामग्री की आवश्यकता है।

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम श्रेणी ईंट | 23890 नग |
| 2. | ईंट गिट्टी | 14.10 घनमीटर |
| 3. | मौरंग | 25.52 घनमीटर |
| 4. | सीमेन्ट | 259 बोरी |
| 5. | बालू | 7.5 घनमीटर |
| 6. | पत्थर गिट्टी (20 mm) | 8.97 घनमीटर |
| 7. | पत्थर गिट्टी(10 mm) | 2.94 घनमीटर |
| 8. | सरिया | 11.04 कुंतल |

उपयुक्त सामग्री/सामग्री की मात्रा हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म धारक 23.05.2025 समय 5.00 बजे अपरान्ह तक टेण्डर डाल सकते हैं तथा 24.05.2025 समय 1.00 बजे अपरान्ह कमेटी के समक्ष टेण्डर खोले जायेंगें। जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकृत होगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बिछलखा
विकास खण्ड रामनगर जनपद-बाराबंकी

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत बिछलखा
विकास खण्ड रामनगर जनपद-बाराबंकी

# सम्मान समारोह के साथ हुआ रक्तदान शिविर का समापन

अंबेडकरनगर, 18 मई (तरूणमित्र)। लगातार रक्तदान शिविर आयोजित करते रहने और जरूरतमंदों की मदद के संकल्प के साथ रविवार को दो दिवसीय उत्तरप्रदेश रक्तकुंभ एवं सम्मान समारोह संपन्न हो गया। आरंभ फेडरेशन अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यपाल एवं पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मानित संध्या सिंह के नेतृत्व में आयोजित शिविर में रक्तदानियों, मीडियाकर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। आरम्भ फाउंडेशन के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह समारोह जिला मुख्यालय के लोहिया भवन सभागार में आयोजित हुआ। दोनों दिन रक्तदान करने के लिए लोग आगे आए। रक्तदानियों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदेश के प्रसिद्ध रक्तदानी प्रदीप इसरानी बनारस से खास तौर पर पहुँचे, जो 200 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। अयोध्या, अमेठी, गोरखपुर लखनऊ और सुल्तानपुर के अलावा लगभग 35 जिलों के रक्तदानी एवं समाजसेवी यहां आए। जनपद के ऐतिहासिक कार्यक्रम में पहले दिन शिविर का शुभारंभ एसपी के प्रतिनिधि सीओ सिटी देवेन्द्र



कुमार मौर्य ने तो दूसरे दिन राज्य सरकार के वीर गुरु गोविंद वीरता पुरस्कार से सम्मानित हो चुके सिद्धेश सामाजिक कार्यकर्ता धर्मवीर सिंह बग्गा और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष शिवकुमार गुप्त ने संयुक्त रूप से किया। दोनों दिन मिलाकर कुल 29 लोगों ने रक्तदान किया जिसमें 41 रजिस्ट्रेशन हुआ। अंतिम दिन रविवार को मुख्य अतिथि धर्मवीर सिंह बग्गा ने युवाओं से समाज की बेहतरी के लिए खुले मन से आगे बढ़ने का आवाह्न किया। कहा कि समाज की सेवा करते रहने पर ध्यान सभी को देना चाहिए। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी के सहयोग का भरोसा दिलाया। व्यापारी नेता शिवकुमार गुप्त ने कहा कि रक्तदान को लेकर हिचक और डर दूर करना होगा। महिलाओं को और भी जागरूक होना है अभी रक्तदान के क्षेत्र में। आयोजक संध्या सिंह समीप ने कहा कि रक्तदान में पहले की अपेक्षा महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। आगे और सुधार होगा।

उन्होंने युवाओं से सतत रक्तदान करते रहने का आवाह्न किया। अपने संगठन द्वारा समाज के हित में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों पर विस्तार से जानकारी भी दी। समारोह में 150 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ताओं, रक्तदानियों,मीडियाकर्मियों और स्वयं सेवकों को भी सम्मानित किया गया। जनपद में पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री पूर्वांचल ब्लड डोनर्स सूरज गुप्ता के साथ विवेक साहू, अंकित अग्रहरि, विकास गुप्ता, पुष्पा पाल और संस्था टीम से नीलम पाण्डेय, ओमप्रकाश जायसवाल, प्रियांशु शर्मा, कपिल देव शर्मा एवं रामनाथ का विशेष सहयोग रहा।

# टेंट संचालक ने साथियों संग मिल बारातियों पर किया हमला, दो घायल

## टेंट के परदे में जूता पोछना बारातियों को पड़ा भारी ,विदाई के बाद रास्ते में हुई मार पीट

(फखरपुर) बहराइच, 18 मई (तरूणमित्र)। फखरपुर थाना क्षेत्र के भकला डीहा में बीती रात संजय मिश्रा की लड़की की शादी थी। जिसमें उमरी बेगमगंज गोंडा से बारात आई थी। सुबह तक सारे लोकाचार हंसी-खुशी संपन्न हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर विदाई के टाइम एक बराती ने टेंट के कपड़े में अपना जूता साफ कर दिया जिसे टेंट संचालक रिंकू सिंह ने देख लिया और गाली देते हुए 500रुपये जुर्माना मांगने लगा। बरातियों ने जुर्माना भर दिया बावजूद इसके टेंट संचालक पुनः भद्दी भद्दी गालियों से बाज नही आया। कुछ बरातियों से हाता पाई होने लगी सूचना पर पहुँची डायल 112 ने थाने पर शुचना दी कुंडासर चौकी इंचार्ज गुलाब सिंह ने मौके पर पहुँचकर मामला शांति कराया और दोनों पक्ष में सुलह समझौता हो गया मगर टेंट संचालन कर रहे सिद्?खा निवासी रिंकू सिंह व उपेंद्र सिंह ने देख लेने की बात कहकर वहाँ से चले गए।

लड़की की बिदाई के पश्चात जब बरात जाने लगी तो गाड़ा बन्दी कर हुजुरपुर कुंडासर मार्ग के फखरपुर हुजुरपुर बॉडर पर बारातियों की गाड़ी रोक कर कैमरा मैंन सादाब अहमद उमरी बेगमगंज गोंडा व सुमित चौहान उमरी गोंडा व अन्य की जमकर पिटाई कर दी जिसमे दो लोग गम्भीर जख्मी हो गए सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पतालमें भर्ती कराया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चौकी इंचार्ज गुलाब सिंह ने बताया अभी तक कोई तहरीर नही मिली है मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बहराइच के विद्यार्थियों ने विस्टाडोम ट्रेन से भ्रमण कर देखा दुधवा व कतर्नियाघाट

बहराइच , 18 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने और युवाओं को ईको पर्यटन के प्रति जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को बहराइच के महाराज सिंह इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कालेज और आजाद इंटर कॉलेज के 30 विद्यार्थियों को विस्टाडोम ट्रेन से दुधवा नेशनल पार्क और कतर्नियाघाट का भ्रमण कराया गया।

सभी विद्यार्थी युवा टूरिज्म क्लब के सदस्य थे जो कि पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में सुबह 10 बजे कतर्नियाघाट पहुँचे। यहां उन्हें इंटरप्रिटेशन सेंटर और घड़ियाल सेंटर का भ्रमण कराया गया। इंटरप्रिटेशन सेंटर में वन विभाग द्वारा 30 मिनट की प्रस्तुति दी गई, जिसमें इको-टूरिज्म के विषय में जानकारी साझा की गई।

इसके बाद सुबह 11:40 बजे बच्चों को बिछिया रेलवे स्टेशन से पलिया कला रेलवे स्टेशन तक विस्टाडोम कोच में यात्रा कराई गई। रास्ते भर छात्राओं ने प्रकृति की मनोरम छवियों को देखा, जंगलों की जैव विविधता को निहारा और वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझा। इस दौरान छात्राओं को दुधवा और कतर्निया के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र, बाघों, दलदली बारहसिंगा, गैंडों और दुर्लभ पक्षियों की जानकारी दी गई। छात्राएं जंगल की शांति और प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत दिखीं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि, युवा टूरिज्म क्लब के माध्यम से हम नई पीढ़ी को न केवल राज्य के पर्यटन स्थलों से जोड़ रहे हैं, बल्कि उनमें प्रकृति और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित कर रहे हैं। यह अभियान उत्तर प्रदेश को ईको टूरिज्म के राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करेगा।

# एपीएस रेसीडेण्टियल एकेडमी की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

आजमगढ़, 18 मई (तरूणमित्र)। रविवार को कोटिला चेक पोस्ट स्थित एपीएस रेसीडेण्टियल एकेडमी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए कुल 650 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 450 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। संस्था प्रबंधन द्वारा परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ–जैसे निगरानी, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल आदि सुव्यवस्थित रूप से की गई थीं।संस्था के चेयरमैन शेख आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने इस अवसर पर कहा, एपीएस रेसीडेण्टियल एकेडमी शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श स्थापित कर रही है। हम सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण पर भी विशेष बल देते हैं। मैं सभी छात्रों को शुभकामनाएँ देता हूँ ।

और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। साथ ही, मैं अभिभावकों, अध्यापकों और समस्त सहयोगी स्टाफ का इस सफल आयोजन के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।संस्थान के निदेशक गया असद ने बताया कि, एपीएस रेसीडेण्टियल एकेडमी का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों को निखारना है जो अनुशासित, परिश्रमी एवं उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक हैं। यह प्रवेश परीक्षा मेधावी छात्रों की पहचान करने का एक सशक्त माध्यम है, जिनका चयन कर हम उन्हें आधुनिक संसाधनों और कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान करेंगे। यहाँ कोचिंग, फूडिंग, लॉजिंग समेत सभी सुविधाएँ बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के होनहार छात्रों को आर्थिक बाधाओं से मुक्त होकर आगे बढ़ने का अवसर मिले।ः संस्था के सेक्रेटरी मोहम्मद नोमान ने कहा, ःहमारी पूरी टीम ने इस परीक्षा को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत की है। बच्चों और उनके अभिभावकों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम प्रयासरत हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को भी वही सुविधाएं मिलें जो किसी बड़े शहर के विद्यालय में उपलब्ध होती हैं।ः परीक्षा परिणामों की घोषणा शीघ्र ही संस्था की आधिकारिक वेबसाइट पर की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर अद्यतन जानकारी के लिए नजर बनाए रखें। एपीएस रेसीडेण्टियल एकेडमी की ओर से सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सहयोगी टीम का इस सफल आयोजन में सहयोग देने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़छाड़ के आरोपों के खिलाफ केस दर्ज

त्रिवेदीगंज/बाराबंकी, 18 मई (तरूणमित्र)। लोनी कटरा थाना क्षेत्र की एक युवती ने नेरा कबूलपुर गांव के रहने वाले पवन कुमार के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया है। पवन कुमार सुरेश कुमार रावत का पुत्र है युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपनी नानी के यहां एक शादी समारोह में गई थी। वहां आरोपी पवन ने उसे बहला-फुसलाकर लखनऊ ले गया। मलौली के पास पहुंचकर आरोपी ने युवती से छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। थाना अध्यक्ष दो मित्र सेन रावत ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वांछित अभियुक्त पुलिस गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर, 18 मई (तरूणमित्र)। थाना को0 जलालपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 211/2025 धारा 69 इठार में वांछित अभि0 मनदीप कुमार पुत्र रामकिशुन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशानुसार जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे 18 मई 2025 को थाना को0 जलालपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 211/2025 धारा 69 इठार में वांछित मनदीप कुमार पुत्र रामकिशुन उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम चौबे का पूरा मजरे बड़ागांव थाना जलालपुर जनपद अंबेडकर नगर को मुखबीर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के चौबे का पूरा के बाहर स्थित टावर के पास समय करीब 09.10 बजे गिरफ्तार किया गया। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया। विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम रल्ठड संतोष कुमार सिंह थाना जलालपुर , उ0नि0 गुलाम रसूल ,मुख्य आरक्षी राशिद खान.आरक्षी धनंजय यादव थाना जलालपुर जनपद-अम्बेडकर नगर शामिल रहे।

### बहराइच जेठ मेला : न्यायालय से हस्तक्षेप इंकार

बहराइच , 18 मई (तरूणमित्र)। दरगाह जेठ मेला के आयोजन हेतु प्रशासन द्वारा वर्तमान परिस्थिति में कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत अनुमति प्रदान न किये जाने के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-रिट सी-4426/2025 वक्फ नं0-19 दरगाह शरीफ बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य व सम्बद्ध याचिका पी0आई0एल0नं0-458/2025 मोहम्मद मसूद अली व 04 अन्य बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य तथा सम्बद्ध यचिका पी0आई0एल0-463/2025 अजय कुमार त्रिपाठी व 05 अन्य बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा सभी पक्षों को सुनकर अपने आदेश दिनांक 17-05-2025 में प्रशासन द्वारा जेठ मेला के आयोजन हेतु अनुमति न दिये जाने सम्बन्धी आदेश को यथावत रखते हुये किसी प्रकार का हस्तक्षेप किये जाने से इन्कार किया गया है तथा दरगाह प्रबन्ध समिति को यह निर्देशित किया गया है कि समिति यह सुनिश्चित करेगी कि श्रद्धालु सीमित संख्या में नियमित रूप से आयें, जिससे किसी भी प्रकार की भगदड़ व अवांछित स्थिति की सम्भावना से बचा जा सके और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हों एवं प्रशासन के लिए कठिनाई उत्पन्न न हो।

### विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर सीएमएस ने संतुलित आहार पर कही बात

श्रावस्ती, 18 मई, (तरुणमित्र)। आज संयुक्त जिला चिकित्सालय में विश्व हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर के डी गुप्ता ने बताया कि गलत खान पान, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थ, तनाव व नमक के अधिक प्रयोग से हाइपरटेंशन होने की अधिक संभावना रहती है। वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर अरविंद कुमार ने कहा कि बिना चिकित्सक के सलाह से ना तो दवा शुरू करें और ना ही बंद करें ।अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने के वजह से फालिस, हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज होने की संभावना अधिक रहती है। एनसीडी क्लीनिक के प्रभारी डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों, चिकनाई युक्त भोज्य पदार्थ, मोटापा आदि के कारण हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। डॉ गोविंद शुक्ला ने बताया कि अत्यधिक घबराहट, गुस्सा आना, चक्कर आना, बेचैनी, नाक से खून आना व अचानक आंखों से धुंधला दिखाई देना यह सब हाइपरटेंशन के लक्षण हो सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता जितेंद्र मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर अमित दास, डॉ श्याम मिश्रा, यतेंद्र सिंह, सतीश विश्वकर्मा, अनिल कुमार, दीनदयाल, कमल, अरुण कुमार सहित काफी संख्या में मरीज उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के आदेश पर अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

आलापुर(अम्बेडकरनगर), 18 मई (तरूणमित्र)। थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम जयसिंहपुर गांव निवासी बृजेश मौर्य की भूमिधरी खतौनी की भूमि गाटा संख्या 75 पर तारा देवी आदि दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था जिसे कल जिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर खाली कराया। पीड़ित बृजेश मौर्य ने धारा 24 के तहत उप जिलाधिकारी न्यायालय में बाद दायर किया था जिसके अनुक्रम में 10.8.2024 को उपजिला अधिकारी द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा 8,5.2025 को पत्थर नसब कराते हुए दबंग को अतिक्रमण खाली करने को निर्देशित किया गया था। दबंगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए पत्थर नसब होने के बाद भी जमीन से अतिक्रमण व अवैध कब्जा खाली नही किया। पीड़ित बृजेश मौर्य ने जिलाधिकारी को तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया प्रार्थना पत्र को जिला अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि अवैध कब्जा खाली करवा कर गाटा संख्या 75 की फोटो भेजी जाए। उप जिला अधिकारी आलापुर ने राजस्व निरीक्षक रामकुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस एवं राजस्व टीम गठित कर गाटा संख्या 75 पर पहुंचकर बुलडोजर लगाकर अवैध कब्जा खाली करवाते हुए पीड़ित बृजेश मौर्य को गाटा संख्या 75 पर कब्जा दिलाया गया।

# कृषि मंत्री व डीएम ने खनुआ नदी की सफाई में किया सहभाग, लोगों में दिखा उत्साह

देवरिया , 18 मई (तरूणमित्र)। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रविवार को लगातार दूसरे दिन अपने पैतृक गांव पकहां व गढ़रामपुर से होकर बहने वाली खनुआ नदी की सफाई में सहभागिता निभाई और अभियान में क्षेत्रीय लोगों के साथ स्वयं भाग लेते हुए उन्होंने नदी की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल भी मौके पर पहुंचीं और मंत्री के साथ मिलकर नदी सफाई कार्य में श्रमदान किया। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीआरएफ की दो टीमें नावों सहित नदी में तैनात रहीं। सुबह 7 बजे से 11 बजे तक चले इस सफाई अभियान में तीन नावों और एक जेसीबी मशीन की सहायता से करकटहां घाट से बिचला घाट होते हुए चतर्भुज बाबा घाट तक लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में सफाई की गई। दो दर्जन से अधिक मछुआरों ने इस कार्य में सक्रिय सहयोग किया।स्थानीय लोगों ने नदी से प्लास्टिक, कूड़ा-करकट व अन्य अपशिष्ट बाहर निकालकर नदी को स्वच्छ बनाया। कृषि



मंत्री ने इस अवसर पर जनता से अपील किया कि वे नदियों को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें और इस प्रकार के प्रयासों को निरंतर जारी रखें।सफाई कार्य में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ बिहार राज्य की सीमा से लगे इलाकों के लोगों ने भी श्रमदान कर सहभागिता दिखाई। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष मुरारीमोहन शाही ने मंत्री एवं जिलाधिकारी से मांग किया कि नदी पुलों पर जाली लगाई जाए जिससे कोई व्यक्ति पुल से कूड़ा नदी में न फेंक सके। साथ ही ग्रामीणों ने पकहां मुख्य मार्ग से घाट तक पक्की सड़क निर्माण की भी मांग रखी। जिलाधिकारी ने दोनों मांगों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत पकहा स्थित भगवान चतुर्भुज मंदिर में कृषि मंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा पूजन-अर्चन किया गया। जिलाधिकारी ने विकासखंड पथरदेवा अंतर्गत ग्राम पंचायत पकहा में स्व. रवींद्र किशोर शाही बहुउद्देश्यीय पंचायत भवन का निरीक्षण किया ।

इस अभियान में भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश शाही, माहीवाल जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अनूप शाही, रमापति प्रसाद, नवीन शाही, अभिषेक सिंह सेंगर, अनिल प्रसाद, ध्रुवदेव शाही, रामजी यादव, अम्बरीष मिश्रा, रामायण साहनी, रविंद्र कुशवाहा, शुभम राय, अवधेश तिवारी, नवनीत मद्धेशिया, राजू गिरी, विनोद सिंह कुशवाहा, संतोष गुप्ता, दयाशंकर शास्त्री, प्रवीण सिंह, मेहरुद्दीन, कुंवर राय, कौशिक राजभर, रामाशीष प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने को श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

देवरिया, 18 मई (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थानों,चौकियों व पुलिस लाइन में वृहत स्तर पर श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की गई तथा वाहनों को क्रमवार खड़ा किया गया । पेड़ों-पौधों की सफाई, सूखे पत्तों की सफाई तथा पौधों की नियमित छंटाई कर उन्हें सुव्यवस्थित रूप दिया गया, जिससे परिसर की सुंदरता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई तथा इस दौरान कार्यालय के रजिस्टरों का रख-रखाव ठीक किया गया ।पुलिसकर्मियों ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु श्रम दान कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु संकल्प लिया और स्वच्छता का संदेश दिया ।

## सीसी रोड पर निर्माणाधीन नाले से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

देवरिया, 18 मई (तरूणमित्र)। नगर क्षेत्र स्थित सीसी रोड पर जल निगम द्वारा निमार्णाधीन नाले के मार्ग में आए स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई प्रशासनिक टीम की उपस्थिति में संपन्न हुई।इस अभियान में एडीएम (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह ईओ संजय तिवारी, जल निगम के अधिशासी अभियंता, तहसीलदार सदर एवं नगरपालिका के अन्य अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहे। कार्रवाई के दौरान जेसीबी एवं पोकलेन मशीनों की सहायता से कई स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। कुछ भवन स्वामियों ने 24 घंटे का समय मांगा और कहा कि वे स्वयं अपने संसाधनों से अतिक्रमण हटा लेंगे। प्रशासन ने उन्हें चेतावनी देते हुए ।

## सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत , मचा कोहराम

सैदनपुर बाराबंकी, 18 मई (तरूणमित्र)। बीती रात सड़क हादसे में रसूलपुर गांव के रहने वाले एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु उसे जिला मुख्यालय भेज दिया है। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के रसूलपुर गांव के रहने वाले बलराम यादव बीती रात अपने दोस्त की मोटर साइकिल बारात गए थे वापस आते समय टिकैतनगर बदोसराय मार्ग पर मदारपुर में निमार्णाधीन पुलिया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आयी सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर में भर्ती कराया जहां पर उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली बदोसराय प्रभारी संतोष कुमार मौके पर पहुंचे उन्होंने पंचनामा भरवा का शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

वहीं जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली मृतक तीसरे नंबर पर था जो दिल्ली की एक कंपनी में कार्यरत था उसके दो पुत्र एक पुत्री है बलराम की मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया।

## मण्डलीय खरीफ खाद्यान्न उत्पादकता गोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे जिले के किसान

बहराइच , 18 मई (तरूणमित्र)। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में 19 मई 2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से आयोजित होने वाली मण्डलीय खरीफ खाद्यान्न उत्पादकता गोष्ठी 2025 में प्रतिभाग करने हेतु संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत जनपद के 50 कृषकों का दल रवाना हुआ। कृषि भवन के मुख्य गेट जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्रीमती प्रिया नंदा ने हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण दल में सम्मिलित कृषकों की बस को कुमारगंज अयोध्या के लिए रवाना किया।

उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने भ्रमण दल में शामिल किसानों से अपेक्षा की कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी प्राप्त कर अपने आसपास के किसानों को भी जागरूक कर लाभान्वित करें। श्री वर्मा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि गोष्ठी में हासिल की गई जानकारी से जिले के किसान लाभान्वित होंगे। जिससे कृषि प्रधान जनपद में कृषकों की उत्पादकता में वृद्धि होने से उनकी आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कृषकों का आहवान किया कि भ्रमण के दौरान नव विकसित प्राकृतिक खेती तकनीक का अध्ययन अवश्य करें तथा जनपद वापस आकर दूसरे किसानों से भी अपने अनुभव साझा कर उन्हें भी लाभान्वित करने में सहयोग करें।

# नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

गोण्डा, 18 मई (तरूणमित्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत न्याय दरवाजे पर दस्तक दे रही है उसमे पहली प्राथमिकता महिलाओ बच्चो के प्रति हो रहे अपराधो को पहली प्राथमिकता की कडी मे शामिल किया गया है। महिलाओ की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति के तहत संचालित कार्यक्रमो के माध्यम से महिला कल्याण के कार्य कर रही है ।लेकिन गोण्डा के छपिया थाने मे कुछ इसका उल्टा चल रहा है ।दिन -दहाड़े हुए नाबालिग के साथ रेप के मामले मे चौकी प्रभारी घटना को झुठा बताते हुए तहरीर फाड़कर फेंक देते है थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अगले दिन आने की बात कहकर घर भेजते देते है ।पीड़िता के जिले के उच्च अधिकारियो से गुहार लगाने के बाद सीओ मनकापुर के जांचो उपरांत छपिया पुलिस ने चार दिन बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताते चले की छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव में पन्द्रह वर्षीय नाबालिग छात्रा गांव के बाहर लगे आम के पेड की रखवाली करने जाती है बीते सोमवार को इसी बीच गांव का ही एक युवक खेत मे पानी चला रहा होता है छात्रा को एकेली सुनसान देख मुह दबा खेत मे पटकर जबरन बलात्कार करता है उसके बाद छात्रा को धमकी देता है की अगर किसी से बताया तो जान से मारदेगे ।छात्रा किसी तरह घर पहुंचती है ।डर से सहमते हुए अपने साथ हुई बलात्कार की घटना मां को बताती है ।पीडिता के पिता रोजी रोटी को लेकर दिल्ली मे रहते है। घर पर मां अपने चार बेटियो के साथ रह रही होती है ।पीड़िता चार बेटियो मे बडी बेटी होती है। मां किसी तरह घर से तीन किलोमीटर दूर पीड़िता बेटी को साथ लेकर मसकनवां चौकी पर पहुंचती है ।चौकी पुलिस बिना जांच पड़ताल या पीडिता नाबालिग छात्रा का मेडिकल कराये। सारे घटना क्रम झूठा बताते हुए दिये गये शिकायती पत्र को फाड़कर फेंक देते है। मां उसके बाद भी हिम्मत नही हारती प्रदेश रह रहे ।

# महिला कल्याण मंत्री ने मण्डलीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

बहराइच, 18 मई (तरूणमित्र)। प्रदेश की मा. मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने विकास भवन सभागार में देवीपाटन मण्डल के विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, कुपोषण की स्थिति, प्री स्कूल शिक्षा, अनुपूरक पोषाहार वितरण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, विधवा पेन्शन, कन्या सुमंगला योजना आदि विभागीय योजनाओ एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी पात्र लक्षित वर्ग को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से आच्छादित किया जाय। श्रीमती मौर्य ने बताया कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यही मंशा है कि कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहने पाये।आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण की




समीक्षा के दौरान पाया गया कि वर्ष 2023-24 अन्तर्गत गोण्डा मे 19 व बहराइच मे 05 तथा वर्ष 2024-25 अन्तर्गत गोण्डा मे 05, बहराइच मे 24, बलरामपुर मे 63 व श्रावस्ती मे 03 निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारियो को निर्देशित किया गया। श्रीमती मौर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यस्थलों का नियमित भ्रमण कर शासन द्वारा निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण कराया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनान्तर्गत जो भी पेन्डेंसी हैं उन्हें 01 सप्ताह मे समाप्त कर सभी पात्र लाभार्थियो को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। विकास भवन सभागार में मा. मंत्री श्रीमती मौर्या ने 05 गर्भवती महिलाओ की गोदभराई की व 05 बच्चो का अन्नप्रासन कराया।

इस अवसर पर बैठक मे जिला कार्यक्रम अधिकारी बहराइच, गोंण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, उपनिदेशक प्रोबेशन देवीपाटन मण्डल व जनपद बहराइच के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे ।उल्लेखनीय है कि बैठक से पूर्व मा. मंत्री ने जनपद में आयोजित तिरंगा यात्रा रैली में भी प्रतिभाग किया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

गिलौला/श्रावस्ती, 18 मई, (तरुणममित्र)। थानाध्यक्ष थाना गिलौला जयहरि मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के थाना गिलौला, जनपद श्रावस्ती में वांछित अभियुक्तगण सन्तोष कुमार उर्फ मन्ना व सुरेश कुमार की पत्नी को ग्राम हरिहरपुर थाना गिलौला से गिरफ्तार किया गया ।दिनांक 11.05.2025 को आवेदिका दुखीलाल की पत्नी निवासी कमोलिया बाजार थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच द्वारा थाना गिलौला पर एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें वर पक्ष द्वारा दहेज लेन-देन को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गिलौला बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। से गिरफ्तार किया गया।

# समर कैम्प के दृष्टिगत प्रधानाचार्यों की बैठक संपन्न



उतरौला (बलरामपुर), 18 मई (तरुण मित्र)। विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार बलरामपुर में महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के आदेशानुसार समस्त माध्यमिक विद्यालयों (राजकीय/ अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन विद्यालय) के प्रधानाचार्यों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें ग्रीष्मावकाश के दौरान दिनांक 21 मई से 10 जून 2025 तक समर कैम्प के आयोजन के सम्बन्ध आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। समर कैम्प के आयोजन हेतु बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्यों की सहमतोपरान्त प्रातः 6:30 से 09:30 बजे का समय निर्धारित किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने कहा कि बिना अभिभावक/विद्यार्थी की सहमति से विद्यार्थी को समर कैम्प में न रोका जाये। गतिविधि कराते समय सुरक्षा नियमों की अनदेखी न हो। साथ ही किसी भी गतिविधि का आयोजन धूप में न होने पाये। बैठक में प्रधानाचार्यों की मॉग पर शिक्षा विभाग द्वारा अन्य विभागों चिकित्सा विभाग, पर्यटन विभाग, खेल विभाग, उद्योग विभाग से सहयोगार्थ समन्वय स्थापित कर उनकी सहभागिता समर कैम्प में सुनिश्चित करायी जायेगी। समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं की बौद्धिक क्षमता में विकास, खेलकूद, कला विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास करना है। अध्यक्ष द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आदेशित किया गया कि दिनांक 21 मई 2025 से दिनांक 10 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से प्रत्येक विद्यालय अभिभावकों/विद्यार्थियों से सहमति प्राप्त कर राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुसार समर कैम्प का आयोजन करायें तथा विद्यार्थियों के जलपान, कार्यक्रम का डाक्यूमेंटेशन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें, कैम्प के आयोजन की जिओ टैग फोटो एंव विडियो तैयार कर का0जि0वि0नि0 को उपलब्ध करायें। साथ ही कार्ययोजना के अनुसार विद्यालय से नामित शिक्षकों का विवरण का0जि0विद्यालय निरीक्षक से दिनांक 20.05.2025 तक अनिवार्य रूप से अनुमोदित करा लें, ताकि समर कैम्प की समाप्ति दिनांक 10.06.2025 को सक्षम अधिकारी द्वारा उनके ड्यूटी के आधार पर उपार्जित अवकाश स्वीकृत किया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा मुकेश रस्तोगी, जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनन्द, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जनपदीय समिति के रूप में तथा प्रधानाचार्य डा0 चन्दन पाण्डेय, आशीष कुमार मौर्य, डा0सुधीर कुमार पाण्डेय, अबुल हासिम, कुमेश सरोज , राकेश प्रताप सिंह , नवनीत श्रीवास्तवा, रीता चौधरी सहित अन्य माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या उपस्थित रहे।

# मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति का हुआ गठन



बस्ती ,18 मई (तरूणमित्र)। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की बैठक प्रेस क्लब सभागार में वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण देव मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें समिति के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा सर्व सम्मति से की गयी। बैठक में पत्रकार हितो को लेकर चर्चा हुई और अधिकारो के लिए संगठन के माध्यम से लड़ाई लड़ने पर जोर दिया गया पूर्व निर्धारित समय पर बैठक शुरू हुई, जिसमें पहले पत्रकारो ने अपने विचार व्यक्त किया। संचालन करते हुए अध्यक्ष डॉ. आलोक मणि त्रिपाठी ने कहा कि कोई भी अधिकार बिना संगठन के हासिल नही किया जा सकता। ऐसे में मजबूत संगठन आवश्यक है। वरिष्ठ पत्रकार मजहर आजाद ने कहा कि हमें अपने स्किल को डवलेप करना होगा तभी हम बेहतर पत्रकारिता के साथ समाज में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति अपने उद्देश्यों को लेकर आगे बढ़ेगी और उच्चाधिकारियों से बात कर शीघ्र जिला स्तरीय समितियों को सक्रिय कराने का कार्य किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चन्द्र पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि अधिकारो के लिए लड़ना होगा। पत्राचार के साथ मुखर होकर उच्चाधिकारियों के समक्ष अपने प्रस्ताव को रखने से ही हम अपने अस्तित्व को बचाने के साथ वाजिब हक को पा सकेंगे। प्रेस क्लब महामंत्री महेन्द्र त्रिपाठी ने पत्रकार हित की लड़ाई के लिए एकजुट होकर काम करने की बात कही बैठक के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए सरदार जगबीर सिंह के नाम का प्रस्ताव किया गया।

जिसका सदस्यों ने सर्व सम्मति से समर्थन किया। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. सत्यव्रत द्विवेदी, पुनीत दत्त ओझा, जय प्रकाश उपाध्यक्ष व सतीश श्रीवास्तव के नामों पर भी सदस्यों ने ध्वनि मत से अपना समर्थन जताया। राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र को महामंत्री तो हरिओम प्रकाश यादव को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। वरिष्ठ पत्रकार प्रेरक मिश्र को सर्व सम्मति से संगठन मंत्री के पद की जिम्मेदारी सदस्यों ने सौंपा।

# सभी बंदियों का रखें समुचित ध्यान-कृष्ण कुमार

संतकबीरनगर,18 मई (तरूणमित्र)। जनपद न्यायाधीश महेन्द्र प्रसाद चौधरी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम के द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिसमे एक-एक करके कई बन्दीजनो ने अपनी बात रखी। उन्होंने जेल अधिकारियों से सभी बंदियों का समुचित ध्यान रखे जाने पर बल दिया। बंदीजनो से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं अथवा शिकायत पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही। अल्प वयस्क बंदियों के पठन-पाठन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पाकशाला में पक रहे पकवान का निरीक्षण किया। महिला बंदियों से मुलाकात करते हुए उनको दी जाने वाली सुविधायों को जाना। जिला कारागार में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की गई तथा शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई बंदी किसी भी प्रकार की सहायता हेतु कोई बात अथवा तथ्य रखता है तो उसके समाधान हेतु हर संभव प्रयास करें तथा प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिला कारागार में क्रीड़ा स्थल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बल दिया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने अधिवक्ता न रख पाने की स्थिति में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

इस दौरान जेलर गिरीश कुमार, चिकित्सक वरुणेश दुबे,डिप्टी जेलर नयन कमल सिंह, गीता रानी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के असिस्टेंट मो.दानिश तथा जेल पैरा लीगल वालंटियर अमरजीत सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुण्य तिथि पर याद किया बीएन का योगदान

बस्ती ,18 मई (तरूणमित्र)। सेवानिवृत्त कर्मचारी, शिक्षक एवं नेंशनर्स एसोसियेशन की ओर से पेंशनर कक्ष में स्व. बी.एन. सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। पेंशनरों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। वरिष्ठ पेंशनर प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि स्व. बी.एन. सिंह ने कर्मचारियों के हितों में संघर्ष कर अनेक फैसले करवाये, जिसका आज सभी को लाभ मिल रहा है।उनके प्रयासों से केन्द्र व राज्य कर्मचारियों के वेतन में समानता, समान महगाई भत्ता, सेवाकाल में दो पदोन्नति, अवकाश नगदीकरण, मृतक आश्रितों की नियुक्ति व उनके स्थायीकरण, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का तृतीय श्रेणी में पदोन्नति सहित कई प्रकार के लाभ प्राप्त हो रहे हैं। एकजुट होकर पेंशनर्स के हितों का संरक्षण ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने कहा स्व. बी.एन. सिंह का राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष के रूप कार्यकाल हमेशा याद रहेगा।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी पर जिला कार्यशाला सम्पन्न

बस्ती ,18 मई (तरूणमित्र)। भाजपा कार्यालय, बस्ती पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी समीर सिंह उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने की। संचालन भाजपा नेता चन्द्र शेखर मुन्ना द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा रानी अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में मंडल से लेकर जिले तक कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

इनमें महिला मैराथन, संगोष्ठी, घाटों की सफाई, नदी आरती, जीवनी प्रदर्शनी, एवं विभिन्न सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा, नगर निकाय एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम होंगे।

कार्यकताओं को चाहिए कि इन आयोजनों को सफल बनाने में पूर्ण सहभागिता दें।जिला प्रभारी समीर सिंह ने कहा रानी अहिल्याबाई का जीवन संघर्ष और सेवा से परिपूर्ण रहा है। उनका नेतृत्व सहजता से नहीं मिला, यह एक तपस्या थी। उन्होंने काशी से लेकर सोमनाथ तक के धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार किया। भाजपा उनके जीवन संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर यह अभियान चला रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### शारीरिक , बौद्धिक व चरित्र निर्माण शिविर में योग संगम

बस्ती ,18 मई (तरूणमित्र)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चैप्टर एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश के चेयरपर्सन पियूषकांत मिश्रा एवं सेक्रेटरी अमित गर्ग तथा पूर्वी जोन के अध्यक्ष डॉ नवीन सिंह एवं सचिव आशीष टंडन के नेतृत्व में 100 दिनों के चल रहे अभियान के अन्तर्गत बस्ती में ₹ योग संगम ₹ का कार्यक्रम स्कूलों में कराया जा रहा है।यह जानकारी देते हुए जिला कोऑर्डिनेटर राम मोहन पाल ने बताया कि इंडियन योग एसोसिएशन एवं सनातन धर्म संस्था के द्वारा सेंट जोसेफ स्कूल जिगना बस्ती के 300 से अधिक बच्चों को योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराया । उन्होंने बताया कि बच्चों को स्वास्थ्य के साथ चरित्र निर्माण के लिए भी योग आवश्यक है । शिविर में विशेष प्रशिक्षक विनय पवार के द्वारा बच्चों को सर्वांग सुंदर व्यायाम , भूमि नमस्कार ,जूडो कराटे लाठी , तलवारबाजी ,आसन, प्राणायाम आदि कराया गया। आईवाईए के सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए प्रिंसिपल एंजेलिना फ्लिप ने बताया कि योग से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है ।

### निर्माण कार्यो के लिए मण्डलायुक्त ने किया समीक्षा

गोरखपुर ,18 मई (तरूणमित्र)। मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार में जनपद में चल रहे निर्माण कार्य की वीडियों कान्फेंसिग के माध्यम से समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की गति में और तेजी लायी जाये। उन्होंने विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यो में वन निगम के द्वारा पेड़ों की धीमी गति के कटान पर नाराजगी व्यक्त करते हुये पेड़ो के कटान में तेजी लायी जाये।उन्होंने हार्बट बन्धा, माधोपुर बन्धा, एच0एन0सिंह चौराहे से हडवहा फाटक, विरासत गलियारा, असुरन पिपराईच मार्ग, सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा की सभी समस्याओं का निराकरण करते हुये कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पैडलेगंज से फिराक गोरखपुरी चौराहे तक सड़क के निर्माण कार्य को 2 दिनो में पूर्ण करें।

### राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष बने रवि गर्गवंशी

गोंडा ,18 मई (तरूणमित्र)। रविवार को सिंचाई डाक बंगला पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की मासिक बैठक हुई। बैठक मंडल अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ, जिसमें विभिन्न पत्रकारों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। बैठक का उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन की सक्रियता को बढ़ावा देना था। संगठन द्वारा जिलाध्यक्ष प्रमोद पांडे को अब प्रमोट करते हुए उन्हें जिला प्रभारी बनाया गया। उपस्थित पत्रकारों के अनुमोदन पर रवि गर्गवंशी को जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया गया। मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक में उन्होंने सभी नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। श्रीवास्तव ने अपने उद्बबोधन में पत्रकारों से संगठन के प्रति ईमानदारी से कर्तव्यों को निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी पत्रकार साथी एक परिवार की तरह हैं और हर पत्रकार के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन सदैव खड़ा रहेगा। मंडल सचिव महेश गोस्वामी और महिला जिलाध्यक्ष निशा तिवारी ने संयुक्त रूप से सरकार से पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पत्रकार सुरक्षा बिल कानून लागू करने की अपील की।

### न्यायालय के आदेश पर कराई गई डुग्गी मुनादी, घर समेत गांव के प्रमुख स्थानों पर नोटिस चस्पा कराई

मेहनवन (गोंडा), 18 मई (तरुणमित्र) । धानेपुर थाना के ग्राम पंचायत दुल्हापुर बनकट के मजरा नैयपुरिया के रहने वाले अभिषेक सिंह पुत्र ज्ञान सिंह भारतीय दंड संहिता की धारा 118/02 बीएनएस के तहत दर्ज आपराधिक मुकदमे का वांछित अभियुक्त हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले कई महीनों से अभिषेक फरार चल रहा है। रविवार को पुलिस ने धारा 82 के तहत न्यायालय के आदेश पर धानेपुर पुलिस ने गांव में डुग्गी मुनादी कराने के साथ घर अथवा गांव के सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा की गई है। उपनिरीक्षक प्रशांत पाण्डेय ने बताया है कि निर्धारित समयावधि में यदि अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अंकित यादव, प्रशांत पांडे, रमेश यादव, आरक्षी सच्चिदानंद यादव, इंद्रासन यादव शामिल रहें।

# सुबह खनन टीम को देख माफियाओं में मची भगदड़

मथुरा,18 मई (तरूणमित्र)। जनपद भर में अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जनपद में सरकारी योजनाओं के लिए लम्बे समय से मिट्टी खनन किया जा रहा है। इसी की आड में अवैध खनन में माफिया जुटे हैं। लोगों के लिए यह जानना मुश्किल हो रहा है कि खनन वैध है अथवा अवैध। हालांकि अवैध खनन का कारोबार भी छुपा नहीं है। लगातार हो रही फजीहत के बाद खनन विभाग सचेत हुआ है। गोवर्धन व सदर तहसील के गांव तारसी में अवैध खनन का भंडाफोड़ हुआ है। खनन अधिकारी अक्षय कुमार ने रविवार सुबह चार बजे छापेमारी की। मौके से एक जेसीबी मशीन, दो ट्रैक्टर जब्त किए गए। सभी वाहनों को थाना परिसर में भेजा गया है। खनन अधिकारी ने बताया कि गोवर्धन तहसील के अडींग ओर सदर तहसील के राल बांटी में लंबे समय से मिट्टी का अवैध खनन चल रहा था। शिकायत मिलने पर सुबह टीम के साथ मोके में दबिश दी गई। अडींग से एक जेसीबी दो ट्रेक्टर, राल बाटी से एक ट्रेक्टर ओर एक डम्फर मोके से पकड़े वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की गयी। इस दौरान खनन में शामिल माफिया मौके से भाग निकले।

अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। खनन की गई जमीन का घन मीटर के हिसाब से आकलन किया जाएगा। दोषियों से जुमार्ना वसूला जाएगा। प्रशासन अवैध खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर कर कर्यवाई करेगा।

# एमजीयूजी में नर्सिंग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

**दो पालियों में शामिल हुए 3567 परीक्षार्थी, पहली पाली में अनुपस्थित को दूसरी पाली में मिला मौका**

**परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों व अभिभावकों के लिए रही विशेष व्यवस्था**

गोरखपुर,18 मई (तरूणमित्र)। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु रविवार को दो पालियों में नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग ) की संयुक्त प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर के दो केंद्रों नर्सिंग व पैरामेडिकल संकाय और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों को मिलाकर 3567 अभ्यर्थी इस प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुए। एमजीयूजी में आज हुई।

प्रवेश परीक्षा की विशिष्टता यह भी रही कि किंचित कारणों से प्रवेश पत्र न लाने अथवा पहली पाली में अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को पूर्व नियोजित विशेष प्रबंध के तहत परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं के तहत आवेदकों के लिए सहायता केन्द्र व अभिभावकों के लिए परिसर में जल के साथ गुड़, वाहनों के लिए समुचित पार्किंग की सुविधा, निशुल्क स्वस्थ्य जांच और किसी भी आपात स्थिति के लिए सम्पूर्ण चिकित्सकीय प्रबंध कर रखे थे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह व कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों समेत समस्त महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर परीक्षा के सुचारु व सुव्यवस्थित क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि रविवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा में पूर्वांचल के समस्त मंडलों सहित, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों के अभ्यर्थी भी इस परीक्षा में शामिल हुए जो नर्सिंग शिक्षा में विश्वविद्यालय की विश्वसनीयता को इंगित करता है कप्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक ने बताया कि विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों (बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर, बीएससी आनर्स बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, डी फार्म व बी फार्म एलोपैथी) में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा 21 मई को और एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑथोर्पेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, बीबीए आनर्स लॉजिस्टिक्स तथा पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 25 मई को होगी।

# सामुदायिक सहभागिता से शांति व्यवस्था कायम रखना प्राथमिकता : एसएचओ



तुर्कपट्टी/कुशीनगर ,18 मई (तरूणमित्र)। तुर्कपट्टी के प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह ने थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि हर फरियादी को सम्मान और त्वरित न्याय दिलाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत उच्चाधिकारियों के निदेशों के अनुरूप आम जनता में सुरक्षा की भावना बनाए रखना तथा अपराध नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में पशु तस्करी व शराब तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाया जाएगा। इसके लिए सीमावर्ती इलाकों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अराजकतत्वों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आगामी त्योहारों और क्षेत्रीय आयोजनों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस आमजन की सहभागिता से कार्य करेगी। ग्राम प्रहरी, बीट आरक्षी, हल्का इंचार्ज व एसआईगण को क्षेत्र भ्रमण कर जन संवाद बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाने की कार्यशैली में पारदर्शिता लाई जाएगी, पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाएगा। भ्रष्टाचार या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं होगी। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों व कमजोर वर्गों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को अनुशासन, समयबद्धता व जनसेवा के भाव से कार्य करने का निर्देश देते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि एक जिम्मेदार पुलिस बल के रूप में हमें जनता का विश्वास अर्जित करना है, ताकि पुलिस जनसहयोग से अपराधमुक्त समाज की स्थापना कर सके। इस दौरान एसएसआई प्रिंस कुमार, एसआई सभाजीत सिंह, एसआई कैलाश यादव, एसआई नरसिंह ओझा, एचसीपी चंद्रमणि, अरविंद सिंह, विजय बहादुर सिंह, रतनदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## जैनस इनीशिएटिव्स देगा 12वीं पास बच्चों को स्कॉलशिप

गोंडा , 18 मई (तरुणमित्र) । जैनस इनीशिएटिव्स संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवी पाटन मंडल के सभी जिलों के 12वीं पास मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को आगे पढ़ने के लिए रुपये 12000/- प्रति वर्ष 3 वर्षों तक स्कॉलरशिप दिया जायेगा । संस्था के संस्थापक डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने इस स्कॉलरशिप कार्यक्रम की शुरूआत कई वर्षों पहले से चल रहा है जिसका लाभ देवीपाटन मंडल एवं गोंडा जनपद के बहुत से बच्चों को मिल रहा है जो 12वीं पास करने के बाद आगे पढ़ना तो चाहते थे पर पैसों के अभाव के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर प रहे थे ऐसे बच्चों को जैनस इनीशिएटिव्स संस्था द्वारा स्कॉलरशिप मिलने के बाद वो अपनी पढ़ाई पूरी कर पायेगे ।

## अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त, भीषण गर्मी में लोग बेहाल

उतरौला (बलरामपुर), 18 मई (तरुणमित्र) । नगर समेत ग्रामीण इलाकों में जारी अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। भीषण गर्मी के बीच अनियमित विद्युत आपूर्ति से नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोगों के इनवर्टर भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कई परिवारों को रातें अंधेरे में गुजारनी पड़ रही हैं तो दिन उमस भरी गर्मी में। दिन में तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण लोग बेहाल हैं, लेकिन बिजली कटौती की समस्या से राहत नहीं मिल रही।नगर निवासी विकास कुमार गुप्ता ने बताया कि, बिजली कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है। कई बार तो आधी रात को भी बिजली चली जाती है और सुबह तक नहीं आती। इनवर्टर की बैटरी भी पूरी तरह से डिस्चार्ज हो चुकी है। बच्चों की पढ़ाई और परिवार के दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।सुरेंद्र कुमार गुप्ता का कहना है कि, भीषण गर्मी में बिना बिजली के रहना किसी सजा से कम नहीं है। छोटे बच्चे और बुजुर्गों की हालत ज्यादा खराब हो जाती है। गर्मी के कारण पानी की मोटर भी नहीं चल पाती, जिससे पानी की भी किल्लत हो जाती है।जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा कि, व्यापार भी इससे बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बिजली न होने से दुकान पर पंखे और कूलर नहीं चल पाते, जिससे ग्राहक भी कम आ रहे हैं। सरकार और विद्युत विभाग को इस समस्या का समाधान जल्द करना चाहिए।कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि, विद्युत विभाग की लापरवाही से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, ।

# शिक्षा की दिशा संस्कारपूर्ण व भारतीय संस्कृति पर आधारित होनी चाहिए-रवि

गोण्डा, 18 मई (तरुणमित्र) । शिक्षा की दिशा संस्कारपूर्ण और भारतीय संस्कृति पर आधारित होनी चाहिए समाज की दशा व दिशा भारतीय मूल्यों-आदर्शों और सिद्धांतों से ओत-प्रोत होनी चाहिए। जिसके लिए संस्कार युक्त शिक्षा परम आवश्यक है। इस प्रकार की शिक्षा देने का कार्य अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान (विद्या भारती) द्वारा संचालित शिशु/ विद्या मन्दिर कर रहे हैं। उक्त बातें सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर गोंडा के नवागत प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने जारी एक प्रेस विज्ञाप्ति मे कही। श्री शुक्ल ने बताया कि आज सम्पूर्ण भारत में विद्या भारती 24183 से अधिक विद्यालय एक लाख पचास हजार आचार्य एवं 3447856 लाख विद्यार्थियों को शिक्षा देने का कार्य कर रही है। विद्या भारती ने अब खण्ड स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक अपने विद्यालयों का विस्तार शुरू किया है। जिससे अभाव ग्रस्त, असहाय एवं निर्धन जनों के बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देकर समाज में बराबरी का स्थान दिलाया जा सके। विद्या भारती का लक्ष्य पूरी तरह से स्पष्ट है- हमें इस प्रकार से शिक्षा प्रणाली का विकास करना है कि जिससे ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो शारीरिक, प्राणिक, मानसिक और बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो और समाज में एक नया परिवर्तन करने में सक्षम हो। विद्या भारती के द्वारा चलाये जा रहे आयामों को सरकारों एवं अन्य विद्यालयों ने अपनाना शुरू कर दिया है। जिसमें सतत मूल्यांकन, सामाजिक समरसता, शिशु भारती और छात्र संसद जैसे आयाम प्रमुख हैं। हमने झुग्गी-झोपड़ियों में निवास करने वाले दीन-दुःखी बान्धवों को सामाजिक कुरीतियों, शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराने के लिए ग्राम स्तर पर एकल विद्यालय एवं संस्कार केन्द्रों का संचालन किया है। हमारे विद्यालयों में छात्रों को शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से शिक्षित कर उनका सर्वांगीर्ण विकास किया जा रहा है। अगर बात इस जनपद की जाये तो कुल 15 शिशु मन्दिर, 5 इण्टर कॉलेज, 1 बालिका विद्या मन्दिर और 1 शिशु वाटिका संचालित है। जिसमें पढ़ रहे हमारे भैया-बहनों ने राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। चाहे वह अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में लगातार कई बार स्थान लाने की बात हो या फिर विज्ञान मेले में राष्ट्रीय स्तर जैसी प्रतियोगिताओं में चयन रही हो।

# चिंता का विषय है समाज में बढ़ता असंतोष-परमजीत



गोरखपुर,18 मई (तरूणमित्र)। समूची दुनिया में आज जिस तरह विकास के नाम पर मानवता का विनाश हो रहा है उसको लेकर समाज का बुद्धिजीवी तबका चिंतित है। इसी तरह की चिंता करने वाले कुछ लोगों ने यह तय किया है कि वो इस बाबत समाज को गिलहरी प्रयास के रूप में ही सही अपना योगदान देंगे। इस संदर्भ में राना फाउंडेशन की तरफ से एक बैठक फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य वी एस अहलूवालिया के संयोजन में उनके सरदारनगर स्थित आवास पर हुई। शनिवार को हुई इस बैठक की अध्यक्षता कुशीनगर से आए बौद्ध धर्मगुरु भंते महेंद्र ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भंते महेंद्र ने मौजूदा वैश्विक परिदृश्य का रेखांकन करते हुए कहा कि आज मानवता की रक्षा के लिए अपनी क्षमता के अनुसार लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने इसको स्थापित करने के लिए अपने थाईलैंड, बर्मा, श्रीलंका, म्यांमार आदि देशों के यात्रा का उदाहरण दिया। उन्होंने देश में धर्मगुरुओं के प्रति आमजन की बदलती धारणा पर चिंता भी व्यक्त की। बौद्ध धर्म की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह धर्म आज भारत को विश्वगुरु बनाने में पूर्णतया समर्थ है। बशर्ते इसके लिए इसके हिसाब से प्रयास किया जाए। मै इसके लिए शासन सत्ता समेत सभी को सहयोग करने को सदैव तैयार हूँ। मगहर में संत कबीर नाम से बने दुनिया के इकलौते गुरुद्वारे गुरुद्वारा भगत कबीरजी की एडमिनिस्ट्रेटर बीबी परमजीत कौर राना ने समाज में बढ़ रहे असंतोष पर चिंता व्यक्त करते हुए संत कबीर के योगदान का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचारों की विशिष्टता के नाते ही सिख धर्म में भी गुरुग्रंथ साहेब में उनको यथोचित स्थान दिया गया है। बुद्धा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, कुशीनगर के प्राचार्य डॉ विनोद मोहन मिश्र ने मानवता के संरक्षण में बढ़ते भौतिकवाद को सबसे बड़ा बाधक बताया। उन्होंने कहा कि हमारे घर का संस्कार ही हमे व्यक्तिगत स्तर समेत घर, समाज और देश के लिए उपयोगी बनाता है। लेकिन जब घर से मिलने वाला संस्कार ही भौतिकवाद के भेंट चढ़ जाए तो फिर उसके बेहतर परिणाम की कल्पना करना ही बेमानी है। बुद्धा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, कुशीनगर की सह आचार्य और राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कालेज शाखा प्रभारी डॉ श्वेता भट्ट ने समाज में बढ़ रहे आत्महत्या की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ मिश्र का समर्थन किया। उन्होंने भी माना कि आज समाज में बढ़ते असंतोष के मूल में संस्कारहीनता और भौतिकवादिता ही है। हमें समय रहते इस सुरसा के मुंह जैसे बढ़ते समस्या से निजात का रास्ता ढूँढना होगा। वरिष्ठ पत्रकार और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य मुख्यालय के मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि बेशक उत्तर प्रदेश के पूर्वाञ्चल की छवि को देश-विदेश में गरीब और पिछड़े इलाके के रूप में पेंट किया गया हो लेकिन यह कड़वी सच्चाई है कि इस इलाके में वैश्विक समस्याओं के समाधान की क्षमता है। सैकड़ों साल पहले इसी इलाके के गौतम बुद्ध ने दुनिया को अहिंसा और शांति का पाठ पढ़ाया था और संत कबीर ने विपरीत परिस्थितियों में सामाजिक कुरीतियों को उजागर करने का साहस किया था। आज फिर समय आ गया है कि इन महान विचारकों के सिद्धांतों की बदौलत समाज के पुनर्जागरण का प्रयास किया जाए। बुद्ध पोस्टग्रेजुएट कालेज, कुशीनगर के प्रबंध सचिव और समाजसेवी वी एस अहलूवालिया उर्फ कुक्की ने बैठक में मौजूद।

## राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयनित योग एथलीट

गोंडा , 18 मई (तरुणमित्र) । जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय जनपद स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को मेडल, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि रविवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता सभागार में मुख्य अतिथि कॉलेज की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, विशिष्ट अतिथि कॉलेज के सचिव उमेश शाह, संजू छाबड़ा एवं प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सब जूनियर वर्ग में ट्रेडिशनल इवेंट श्रीवास्तव तृतीय स्थान शिवांश ने प्राप्त किया ।

# ओवरलोड बालू से भरे ट्रक ने वृद्ध को रौंदा, मौत

**बबेरू/बांदा, 18 मई (तरूणमित्र)।** बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मर्का गांव में बालू से भरे ओवरलोड ट्रक ने साइकिल सवार वृद्ध को रौंद दिया जिसकी मौत हो गई, परिजनों के सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर डाक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मर्का गांव के रहने वाले गुलाब सिंह पुत्र ननकू सिंह उम्र करीब 65 वर्ष यह रविवार की सुबह साइकिल में सवार होकर अपने घर से खेतों की तरफ जा रहे थे। तभी सतीश नगर बबेरू रोड पर तेज रफ्तार बालू से भरे ओवरलोड ट्रक रौंदते हुए मौके से फरार हो गया। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा निजी साधन से इलाज हेतु बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मर्का थाना पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक मृतक गुलाब सिंह के दो पुत्र और तीन पुत्री थी। और नौ बीघे जमीन का काश्तकार भी था। इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी कमलेश देवी पुत्र बबलू सिंह धर्मेंद्र सिंह नाती अमर सिंह सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वही इस घटना को देखते हुए मर्का थाना पुलिस के द्वारा घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है वही टक्कर मारने वाले ओवरलोड ट्रक की तलाश में जुट गई है। माता के पुत्र बबलू सिंह ने बताया कि ओवर लोड बालू से भरे ट्रक तेज रफ्तार चलते हैं, जिसके कारण से यह हादसा हुआ है।

## साईकिल से खेत जा रहे किसान को ट्रक ने कुचला, मौत

**बबेरू/बांदा, 18 मई (तरूणमित्र)।** साइकिल से खेत जा रहे 65 वर्षीय किसान को पीछे से ओवर लोड बालू से लदे ट्रक ने कुचल दिया और ट्रक लेकर फरार हो गया राहगीरो की सूचना पर परिजन पहुंच और आनन फानन इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र लाते समय रास्ते मे मौत हो गयी मरका पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकरपोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया मरका थाना क्षेत्र के मरका निवासी गुलाब सिह पुत्र ननकू सिह उम्र 65 वर्ष आज सुबह 5 बजे साइकिल लेकर अपने खेत जा रहा था तभी मरका कस्बे के सतीश नगर के पास पहुंचा तभी पीछे से ओवर लोड बालू से लदा ट्रक ने टक्कर मार कर कुचल दिया जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरो ने परिजनो को दिया और आनन फानन हेतु हेतु सामु स्वा केन्द्र लाते समय रास्ते मे मौत हो गयी। मरका पुलिस को सूचना दिया मौके मे पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दियामौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया मृतक के दो लड़के तीन लड़की है पत्नी कमलेश देवी का रो रोकर बुरा हाल है मृतक 9 बीघे का काश्तकार हैमरका प्रभारी अजीत प्रताप ने बताया कि सीसी टीवी कैमरे के आधार पर ट्रक का पता किया जा रहा है टक्कर से मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया।

# कुरीतियों को दूर कर ब्राह्मण समाज की एकता बनाएँ : पटेरिया

**ललितपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** ब्राह्मण महामंडल की बैठक श्रीचंडी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला गांधी नगर में संपन्न हुई। अध्यक्षता अशोक पटेरिया बद्दू पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका एवं मुख्य अतिथि बृजेश चतुवेर्दी अध्यक्ष श्री राम लीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति ने की।



बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक पटेरिया, देवेन्द्र चतुवेर्दी, प्रेस क्लब संरक्षक पवन संज्ञा, बृजेश चतुवेर्दी अध्यक्ष भारत सेवा मंडल, महेंद्र अग्निहोत्री, मनमोहन चौबे, मोंटी शुक्ला, भूपेंद्र सरवैया, अशोक कांकर ने ब्राह्मण महामण्डल व्यायामशाला खोलने सहित अन्य मुद्दों पर रूपरेखा तैयार की। इस अवसर राजीव बबेले, देवेंद्र चतुवेर्दी, मदन शर्मा, रुक्मिणीकांत त्रिपाठी, विनोद भोंडेले, रमाकांत तिवारी, अश्विनी पुरोहित, नीरज चतुवेर्दी, डॉ प्रदीप शर्मा, सौरभ पाठक, ब्रजेश बबेले, ऋषभ शुक्ला,अंजुल रिछारिया, महेश अग्निहोत्री सहित दर्जनों युवाओ ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की। संचालन ब्रजमोहन शर्मा ने किया।

# फिर आई नर्सिंग होम की लापरवाही सामने, ओटी में हुई मौत

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** लापरवाही, लालच और गैरजिम्मेदाराना व्यवहार के चलते कानपुर रोड स्थित नर्सिंग होम में युवक की मौत का मामला सामने आया है। युवक के परिजनों का आरोप है कि हार्टअटैक के चलते युवक खुद स्कूटर चलाकर परिजनों के साथ भर्ती होने चला आया था।

हार्ट की शिकायत पर हुआ था भर्ती परिजनों का हंगामा



जहां चिकित्सकों ने उसके आपरेशन के लिए हामी भरकर भर्ती कर लिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर्स ने आपरेशन टेबल पर युवक की चीरफाड़ के बाद आगे के आपरेशन से यह कहकर मना कर दिया कि इससे युवक की जान जा सकती है। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक उन्हें भुलावे में रखें रहे और किसी तरह से वे जबरन आपरेशन टेबल तक पहुंचे तो डॉक्टर्स ने मरीज को मृत घोषित कर दिया। मरीज की मौत पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। मृतक रामलाल परिहार (43) पुत्र सीताराम सीपरी बाजार के नंदनपुरा के रहने वाले था और वह ऑटो चलाता था। हंगामे की सूचना पाकर पहुंचे सीओ ने कार्रवाई का भरोसा देकर मामला शांत कराया और बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की बहन लक्ष्मी देवी का आरोप है कि 14 मई को रामलाल को उल्टी और खांसी के बाद सांस लेने में दिक्कत के बाद लाइफलाइन अस्पताल में भर्ती कराया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती से पूर्व हमारी पुरानी जांचें फाड़ दी और नए सिरे से जांचें कराई। आरोप है कि अस्पताल में इक्विपमेंट नहीं थे और ऑपरेशन कर दिया। डॉक्टर की लापरवाही से भाई की मौत हुई है। परिजन डॉक्टर पर कड़ी कार्रवाई कर हॉस्पीटल को सीज किया जाने की मांग पर अड़ गए। सीओ सिटी स्नेहा तिवारी के अनुसार आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। साथ ही वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

## रॉयल अकादमी ने किया दसवीं के टॉपर्स छात्रों का सम्मान

**ललितपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** रॉयल एकेडमी ने कक्षा दसवीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर स्कॉलरशिप कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रथम दिवस लगभग दो लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय ट्रस्ट उपाध्यक्ष प्रतीक्षा चौबे द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि हमें गर्व महसूस होता है जब हमें अपने जनपद के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि 19 मई से 24 मई तक 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल में सुबह 9 से 12 तक सम्मानित किया जाएगा।

# शाखा नंबर 3 के चुनाव : रामप्रकाश बने अध्यक्ष, पुनः शाखा सचिव बने संजीव

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन की शाखा संख्या 03 के चुनाव मंडल कार्यालय में हुई त्रैवार्षिक आम सभा में संपन्न हुए। अध्यक्षता कामरेड राम प्रकाश सिंह ने की।

सभा के आरंभ में, शाखा सचिव कामरेड संजीव कुमार द्विवेदी ने पिछले तीन वर्षों के दौरान शाखा द्वारा कर्मचारियों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने आय और व्यय का विवरण रखा, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी।

केंद्रीय पर्यवेक्षक वी.के. यादव और चुनाव अधिकारी निर्मल सिंह संधू की देखरेख में 41 प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। इसके पश्चात, नई




कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिसमें अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह, सचिव संजीव कुमार द्विवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष वीके बाथम, उपाध्यक्ष अकील अहमद, अमित, सतीश त्रिपाठी व अरविंद यादव, संयुक्त सचिव प्रवेश सिंह, सहायक सचिव कालू राम कुशवाहा, गगन यादव, सर्वेश कुमार, जितेन्द्र चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह यादव, कार्यकारिणी सदस्य (सीसीएम) देवेंद्र सिंह, सुनील कार्यकारिणी सदस्य (एजीएम): ब्रजलाल, लक्ष्मण दास, गजराज, सतेंद्र पाल, रामू यादव निर्वाचित हुए। मंडल कार्यकारी अध्यक्ष कामरेड मनोज कुमार जाट ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को हार्दिक बधाई दी।

आम सभा में पूर्व मंडल अध्यक्ष डी के खरे, कामरेड भावेश प्रसाद सिंह, अजय सिंह यादव, मनोज जाट, सुनील पाल, अनिरुद्ध सिंह यादव, तेज सिंह मीणा, जयसिंह यादव, बृजमोहन, दीपक शिन्दे, प्रवेश सिंह, सुनील पुरोहित, नीरज त्रिपाठी और गोपाल रायकवार आदि शामिल थे। संचालन संजीवन राय व आभार राम प्रकाश सिंह ने किया।

# तनाव के बीच स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए: एसपी सिटी

## पुलिस लाइन में उच्च रक्तचाप पर हुआ कार्यक्रम

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पुलिस लाइंस के ऑडिटोरियम में, मुख्य अतिथि एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति एवं विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ आर आर सिंह एवं डॉ निपुण गुप्ता के आतिथ्य में आईएमए द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।




इस मौके पर गुलाटी आई हॉस्पिटल की वरिष्ठ कार्डियो डायबिटीज विशेषज्ञ, डॉ. पद्मश्री गुलाटी ने घर पर ही बीपी मॉनिटरिंग की। मॉनिटरिंग के दौरान उन्होंने सही तकनीक एवं जीवनशैली में बदलाव जैसे आहार में सोडियम/नमक को सीमित करना, फल और सब्जियां, साबुत अनाज, कम वसा वाले डेयरी उत्पाद, मछली और चिकन जैसे कम वसा वाले मांस, नट्स और बीज खाना, नियमित व्यायाम कम से कम 30 मिनट रोजाना तेज चलना, कम से कम 15 मिनट के लिए सप्ताह में तीन बार मांसपेशियों का प्रशिक्षण करना, योग, तनाव कम करने के लिए ध्यान, रात में 6-8 घंटे की गहरी नींद के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से स्ट्रोक, दिल का दौरा, दृष्टि की हानि और गुर्दे की विफलता हो सकती है।

एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस को अपने तनावयुक्त जीवन में स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर डॉ प्रताप सिंह ,डॉ सतीश अग्रवाल, डॉ संजय गुलाटी, डॉ अशोक सक्सेना, डॉ धीरज प्रकाश, डॉ बी पी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ अनु निगम एवं डॉ नवल खुराना ने आभार प्रकट किया।

## नशीला पदार्थ खिलाकर किया गलत काम, अब कर रहा ब्लैकमेल

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** सीपरी बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चिरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रमैयापुरा में रहने वाला एक युवक की बुआ उसके घर के पास निवास करती है। उसके पास ही युवक आता जाता था। इस कारण उसकी युवक से जान पहचान हो गई थी। 28 दिसंबर को वह अपने कॉलेज गई थी। इसी दौरान युवक उसे मिल गया और उसके पास आया और कहने लगा कि चलो बैठकर चाय नाश्ता करते हैं और मैं तुम्हें घर पर छोड़ दूंगा। इस पर वह युवक की बातों में आ गई और विपक्षी युवक उसे सीपरी बाजार स्थित एक होटल ले गया। यहां उसने उसे नशीला पदार्थ चाय में मिला दिया जिससे वह अर्द्धमूर्छित हो गई और युवक ने उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। इसी दौरान युवक ने अश्लील वीडियो व आपत्तिजनक फोटो निकाल लिए और अब उसको फोन लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है।

युवती ने एसएसपी को पत्र देकर रोया दुखड़ा

शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी शादी 22 मई को ललितपुर में होना है। शादी की जानकारी होने पर विपक्षी युवक, युवक की बुआ, बहन आदि षडयंत्र रचकर शादी के लिए दबाव बना रहे हैं और शादी के लिए मना करने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही है। जहां पर उसकी शादी तय हुई है, वहां पर भी फोटो भेज दी है और पूरी घटनाक्रम उसके होने वाले पति को बता रहे हैं। शिकायती पत्र के माध्यम से विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

# भीषण गर्मी से जनपदवासियों को बचाने के लिए प्रशासन सजग

## जिलाधिकारी ने दिए अधीनस्थों को व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन को हीट-वेव से बचाव हेतु समुचित प्रबन्ध किये हैं। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया गया है कि विभागीय स्तर पर बचाव व राहत कार्य तत्काल सुनिश्चित करें।



उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी/शीतल पेय जल, दूर दराज क्षेत्रों में खराब हैण्डपम्प अविलम्ब ठीक कराने, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ आदि की व्यवस्था करायी जाये। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी तथा सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने जिले में स्थित गौशालाओं मे संरक्षित गोवंश को हीट वेव से बचाए जाने के पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए जाने व गो आश्रय स्थलों पर पर्याप्त भूसा और पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार,खंड विकास अधिकारी,अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय सहित संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि हीटवेव /लू से बचाव व राहत की दृष्टिगत सभी विभागीय तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

सभी सतर्क व अलर्ट मोड पर रहे। किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना मिलने पर तत्काल समाधान करना सुनिश्चित करें।

## जनजोड़ो अभियान चलाएगी जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक : अक्षयप्रताप

**झांसी, 18 मई (तरूणमित्र)।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिकने रविवार को एमएलसी प्रतापगढ़ कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल व प्रताप सिंह के झांसी आगमन पर सर्किट हाउस में स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मधुपाल सिंह ने कार्यकर्ता बैठक की जिसमें एमएलसी ने कहा कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी संगठन की विस्तार के लिए हर ग्राम सभा स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूती देने के लिए जन जोड़ो अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन ने सामान्य जाति के लिए 10% आरक्षण की मांग करते हुए सरकार से दिलाने का काम किया है जिसे आज लोग ईडब्ल्यूएस नाम से जानते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदीप रैकवार, बंटी नरेंद्र कुशवाहा ,रणधीर सिंह संजीव सिंह राजावत, रितेश सिंह सेंगर ,कुलदीप कुलदीप सिंह , रितेश भारद्वाज, शाकेंद्र सिंह शैलेंद्र ठाकुर,अजय चंदेल ,भानु यादव फरहत खान शुभम शर्मा आदि सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जेडीयू ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बांदा, 18 मई (तरूणमित्र)।** बुंदेलखंड क्षेत्र में खेती संकट के गंभीर होते हालात पर जनता दल (यूनाइटेड) ने केंद्र सरकार को घेरा है। जेडीयू उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने शुक्रवार को समस्तीपुर स्थित सर्किट हाउस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री से मुलाकात की और उन्हें 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में अन्ना प्रथा, किसानों की आत्महत्याएं, खाद-बीज की किल्लत, बिजली की महंगाई और तारबंदी के लिए सस्ती बिजली कनेक्शन की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। शालिनी सिंह पटेल ने मंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि बुंदेलखंड के किसान त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, योजनाएं कागजों में दम तोड़ रही हैं। ज्ञापन में उन्होंने लिखा कि बांदा, महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी और ललितपुर जैसे जिलों में किसान गहरे संकट में हैं। अन्ना प्रथा के कारण किसान रात्रि में खेतों में जागकर पहरा दे रहे हैं। फसलें चौपट हो रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा और बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। सरकारी वितरण प्रणाली में गड़बड़ियों के चलते किसान घटिया बीज, महंगे कीटनाशकों और कालाबाजारी से बर्बाद हो रहे हैं। कई किसान कर्ज और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण आत्महत्या तक कर चुके हैं। शालिनी ने कहा कि जब किसान अपनी समस्याएं लेकर प्रशासन के पास जाते हैं तो उन्हें टाल दिया जाता है या उन्हें अपमान का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों का रवैया बेहद असंवेदनशील हो चुका है।

# सखी वन स्टॉप सेन्टर में मिली लापरवाही, सचिव के निरीक्षण में खुली पोल

## किचिन में गन्दगी, सामग्री गायब, आरओ में नहीं मिला पानी

**ललितपुर, 18 मई (तरूणमित्र)।** जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झा के निदेशानुसार सचिव मयंक जायसवाल ने सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया।



इस दौरान सचिव ने पाया कि किचिन में साफ-सफाई नहीं है। किचिन में किसी भी प्रकार के बर्तन आदि सामग्री नहीं पायी गयी। किचिन में आर.ओ. लगा हुआ था। बाहर पानी का कैम्पर रखा हुआ था। उन्होंने ' पीड़ित महिलाओं के लिये खाने की क्या व्यवस्था के संबंध में प्रश्न किया तो पता चला कि पीड़ित महिला आने पर टिफिन मंगाकर खिलाया जाता है जबकि पीड़ित महिलाओं को दोनों समय का नाश्ता एवं खाना दिये जाने का प्रावधान है। सुबह-शाम का नाश्ता पीड़ित महिलाओं को नहीं दिया जाता, जबकि शासन के अनुसार सेन्टर में नाश्ता/खाना बनाकर दिये जाने का प्रावधान है। पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं के स्थल का निरीक्षण किया गया जिसमें बेड पडे हुये थे लेकिन बेडों पर चादर नहीं थी। फाइलों के अवलोकन करने पर कमियां पायी गयी। निरीक्षण में सेन्टर मैनेजर सरिता रिछारिया अनुपस्थित पायी गयी।

केस वर्कर ममता व केस वर्कर रेशमा दोनों द्वारा रोस्टर अनुसार बिना लिखित आदेश के ड्यूटी बदलकर की जा रही है।

### रविवार को सचिव ने देखी कारागार की व्यवस्थाएं

सचिव मयंक जायसवाल ने जिला कारागार में जेल विजिट की। सचिव ने विजिट में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन शाला, अस्पताल को देखा। निरूद्ध बन्दियों से वातार्लाप कर उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा। विजिट के दौरान अधीक्षक मुकेश कुमार, कारापाल जीवन सिंह, उप कारापाल जयनारायण भारती, न्यायालय से रोहित राठौर उपस्थित रहे।

कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता
लधुडाल नहर खण्ड, लखनऊ।
3/435 ए विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांकः– 688 / ल0डा0न0ख0ल0/ई–टेण्डर/ दिनॉक : लखनऊ : 09/05/ 2025

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्याः–10/अधि0अभि0/ल0डा0न0ख0ल0/2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड के अन्तर्गत जनपद सीतापुर के विकास खण्ड एलिया में स्थापित गोकुलपुर पम्प नहर पर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा (http://etender.up.nic.in) ई–टेण्डरिंग के माध्यम से सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "बी" श्रेणी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार फिक्स दरों पर दिनांक 21.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे से 29.05.2025 को अपराहन्न 11:00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदाएं निर्धारित बिड फार्म यथा (1) तकनीकी बिड एवं (2) फाइनेन्शियल बिड में आमंत्रित की जाती है,जो उसी दिन दिनांक 29.05.2025 को अपराहन्न 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता लघु डाल नहर खण्ड लखनऊ के कार्यालय मे समिति एंव उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने के दशा मे यह निविदा अगले कार्यदिवस मे उसी समय खोली जायेगी। विवरण निम्नांकित है। बिड जमा करने का विस्तृत विवरण ई–निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in तक पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन निविदा के साथ निर्धारित श्रेणी के पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2), तथा स्वघोषणा प्रमाण पत्र (IDT-3), रू0 100.00 मात्र के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर उक्त सभी की पठनीय स्कैण्ड प्रति ऑनलाइन निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी तथा न्यूनतम होने की स्थिति में उपरोक्त समस्त अभिलेखों की मूल प्रति उपलब्ध कराना होगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ई–निविदा हेतु प्रपत्र का मूल्य व धरोहर धनराशि ई–निविदा पोर्टल पर केवल ऑनलाइन रूप से ही जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र में निर्धारित तकनीकि विशिष्टियों/शर्तों में कोई विचलन/परिवर्तन मान्य नहीं होगा। निविदा हेतु कार्य एवं अन्य विवरण निम्नानुसार हैः–

| क0सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Brick relaying work 1:4 cm with 40% new 1st class brick from chainage (0.010 TO 0.200) km new brick linning 1:4CM with 100% new 1st class brick from 0.200 km TO 0.600 km CC 1:2:4 on bed with glass strip from 0.00 km TO 0.600 km cement plaster 1:4 cm from 0.00 TO 0.600 km with all cost of material including Labour and Tool and Plant etc at Gokulpur Pump canal in District Sitapur . | 26.59 | 0.532 | 90 Days | 2354.00 | सिविल मे 'बी' या उच्च श्रेणी |
| Note- GST applicable as per rule. | | | | | | |

ई–निविदा से संबंधित समस्त बिड डाक्यूमेन्ट ई निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 21.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे से 29.05.2025 को अपराहन्न 11:00 बजे तक निविदा डाक्यूमेन्ट का मूल्य अनलाइन जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। यह निविदा/ बिड सूचना सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http:// irrigation.up .nic. in एंव www.idup.gov.in पर उपलब्ध है।

U.P. 233797 dt. 16/05/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
लधुडाल नहर खण्ड, लखनऊ

# अतिक्रमण हटाने को ले दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी



उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। शहर की सड़कों पर दिनोंदिन बढ़ते अतिक्रमण को लेकर बीते दिन प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सड़क पर उतरकर अभियान चलाया। सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ने शहर की जामुना पैलेस सें कोच रोड जाने वाली सड़क का निरीक्षण कर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण कर बालू गिट्टी फैलाये दुकानदार शुभम पटेल पुत्र जगदीश कटियार, मनीष पुत्र शिवाकांत व अन्य को स्पष्ट चेतावनी दी गयी कि जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो उन पर न केवल आर्थिक दंड लगाया जायेगा, बल्कि आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ने दुकानदारों से साफ शब्दों में कहा कि वे दुकानदारी अपनी सीमा के अंदर ही करें। सड़क आम जनता की सुविधा के लिए है, उस पर कब्जा करना कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि कई बार चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क में लगातार अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही थी, वहीं आम राहगीरों को भी सड़क पर चलना मुश्किल हो गया था। कई बार स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को अतिक्रमित सड़क के कारण चोटें भी आयी हैं। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रशासन का सहयोग करें और अपनी दुकानों का सामान दुकान की सीमा के भीतर ही रखें। प्रशासन व्यापार विरोधी नहीं है, लेकिन आम जनता की सुविधा के लिए व्यवस्था बनाये रखना जरूरी है। बाजार में मौजूद स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो बाजार पूरी तरह अव्यवस्थित हो जाता। इस मौके पर स्टेनो गौरब कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत लाभार्थी करें आवेदन पांच जून से

उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रभात यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत जनपद जालौन के लियें ट्रेड मटर प्रसंस्करण में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान कियें जाने हेतु आवेदन आमंत्रित कियें जा रहें है। आवेदन दिनांक 05.06.2025 तक वेबसाइट पर योजना का चयन करते हुये आवेदन कर सकते है। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बन्ध में बताया कि आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पास की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस०सी०/एस०टी०/ओ०बी०सी वर्ग के लिये), आवेदक उत्तर प्रदेश/जनपद का मूल निवासी होना चाहिये, ओवदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए (आयु की गणना आवेदन की तिथि से होगी), आवेदन हेतु शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है।

# लो वोल्टेज का हाईवोल्टेज ड्रामा, रेंग रहे पंखे, टिमटिमा रहे नईबस्ती के बल्व



कोंच/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचे बैरोमीटर के पारे के चलते लू-लपट में लोगों का बुरा हाल है। ऐसे में बिजली की आवागच्च और लो वोल्टेज की समस्या कोढ़ में खाज पैदा कर रही है। कंजड़ बाबा वाले ट्रांसफार्मर से नईबस्ती इलाके की सप्लाई में कम वोल्टेज के कारण पंखे रेंग रहे हैं और बल्व जुगनू की तरह टिमटिमा रहे हैं जिससे लोगों का बुरा हाल है।

नईबस्ती इलाके में जवाहर नगर और तिलक नगर मोहल्लों की बड़ी आबादी को कंजड़ बाबा पर रखा बिजली ट्रांसफार्मर पावर सप्लाई देता है। पिछले कुछ दिनों से यह ट्रांसफार्मर हद से ज्यादा परेशान कर रहा है, जिन घरों या प्रतिष्ठानों में इससे आपूर्ति होती है वहां बहुत ही कम वोल्टेज पहुंच रहे हैं जिससे घरों में पंखे रेंग रहे हैं और बल्व जुगनू की तरह टिमटिमा रहे हैं। इस स्थिति ने लोगों को उबाल कर रख दिया है क्योंकि आजकल गर्मी पूरे सबाब पर है। बैरोमीटर में पारा लगातार ऊपर की तरफ कुलांचें भर रहा है, भीषण लू-लपट से परेशान लोग घरों के भीतर सिमटे हुए हैं लेकिन कम वोल्टेज आने से पंखे कूलर भी उन्हें राहत दे पाने में विफल साबित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में लोगों का पसीना तक नहीं सूख पा रहा है। बच्चे बूढ़े और महिलाएं इस भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा दंश झेल रहे हैं। दूसरी तरफ हर दस-पंद्रह मिनट में बिजली सप्लाई आ-जा रही है जिससे भी लोग परेशान हैं। कुलदीप, मोहन सिंह, कमलेश, राजेंद्र आदि नागरिकों ने बिजली विभाग से मांग की है कि ट्रांसफार्मर को चेक किया जाए और अगर उसमें कोई कमी है तो दूर किया जाए ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में अच्छे वोल्टेज मिल सकें। जेई अमन पांडे का कहना है कि ट्रांसफार्मर चेक कराते हैं, जो भी समस्या होगी उसे जल्द दूर किया जाएगा।

# बाइक से गिरी महिला, मौत

जालौन/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। बेटे संग बाइक पर कोंच जा रही महिला पुलिया के पास सड़क पर उछाल के चलते बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरी। हादसे में महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचानामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र निवासी श्रीकुंवर (75) पत्नी मन्नू कुशवाहा को अपनी रिश्तेदारी में कोंच जाना था। वह अपने बड़े बेटे अवधेश के साथ बाइक पर रविवार की दोपहर कोंच जा रही थी। जब उनकी बाइक कोंच चैराहे के आगे उदोतपुरा बिजलीघर के पहले स्थित खजेली कुइयां के पास पहुंची। तभी वहां पुलिया पर सड़क में उछाल के चलते बाइक चला रहे अवधेश असंतुलित हो गए और श्रीकुंवर बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरी। सिर में चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके से निकल रहे राहगीरों ने की मदद से महिला को सीएचसी पहुंचाया गया। लेकिन इससे पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और महिला के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रतिबन्धित पॉलीथीन पर नही लग पा रहा पूर्णतया: प्रतिबन्ध



उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। भले ही कोर्ट का आदेश आया हों कि पॉलीथीन पर प्रतिबन्ध होना है मगर जनपद में विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठानों एवं छोटी छोटी ठिलियों पर इसका असर बिल्कुल नही पड़ा है। इसके लियें भले ही नगर पालिका सहित प्रशासन नें कई बार अभियान चलाया मगर अभियान के कुछ ही समय बाद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

पॉलीथीन वास्तव मे एक श्राप है। क्योंकि पॉलीथीन के प्रयोग से जहां लोगो को झोला ले जाने की जगह इससे काम चलाना अच्छा लगता है। मगर वहीं एक पॉलीथीन जिस घर में पहुंच जाती है। उसका उपयोग समाप्त होने के बाद लोग उसको ले जाकर कचड़े में फेंक देते है। वह कचड़ा उठाकर घर वाले किसी एक नियत स्थान पर या शहरी क्षेंत्रों में कर्मचारी द्वारा ले जाकर किसी नियत स्थान पर फेंक दिया जाता है जब एक कूडे. के ढेर बन जाता है तो उसे एक खेत में डाल दिया जाता है और वह पॉलीथीन उस खेत में पहुंचने तक भी समाप्त नही होती वह ज्यों के त्यों वहां बनी रहती है। जिस जगह पर वह पॉलीथीन पड़ जाती है उस हिस्सें में फसल तक पैदा नही होती है। इस तरह की घातक पॉलीथीन से जमीन में पैदावार भी बन्द हो जाती है। वहीं अगर घरों में उपयोग के बाद उसकों सड़क या घर के आस पास फेंक दिया जाये तो जानवर भी उसको खा जाते है। जिसकी वजह सें वह पॉलीथीन उनके अन्दर कैंसर का रूप धारण कर लेती है। अगर उस जानवर के पेट से भी निकाली जाये तो वह पॉलीथीन ज्यों के त्यों बनी रहती है। इस तरह से पॉलीथीन समाज में बहुत घातक के रूप में साबित हो रही है। मगर पॉलीथीन बनाने वाले और बिक्री करने वाले व उपयोग करने वाले इस पर बिल्कुल भी ध्यान नही दे रहें है। आखिर इस घातक पॉलीथीन पर पूर्णतयः प्रतिबन्ध कब लग पायेगा ये तो ऊपर वाला ही जानें।

## दहेज का विरोध करने पर कर दी मारपीट

कोंच/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली के मोहल्ला पटेल नगर निवासी आशिप पुत्र गुलाम ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 18 मई 2025 समय करीब सुबह 10 बजे की है। जब मैं अपने घर पर था तभी अचानक मेरा भाई गुलाम गौस पुत्र गुलाम कादिर पुत्र खुदाबक्श एक राय होकर आए और मेरी पत्नी सवाना पत्नी आशिप को दहेज मांगने के विषय में गाली-गलौच करने लगे जब मैने मना किया तो मुझे व मेरी पत्नी को बहुत मारापीटा मेरी पत्नी 5 माह से गर्भवती है और 5 लाख रुपये की मांग कर रहे है औ? धमकी दी कि अगर थाने में रिपोर्ट की तो जान से मार देंगे आशिप ने पुलिस से समुचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

# बढ़ती गर्मी के कारण राहगीर परेशान

जालौन/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। लगातार आसमान से बरस रही आग के चलते पारा लगातार चढ़ रहा है। बढती गर्मी के कारण राहगीर परेशान हैं। लेकिन अभी तक किसी भी सरकारी संस्था या समाजसेवी संस्था ने नगर में सार्वजनिक प्याऊ शुरू नही कराया है। जिसके कारण राहगीर गर्मी में पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। चैराहों पर शीतल जल के लगाये गये वाटर कूलर गर्म पानी दे रहे हैं।

गर्मी के मौसम लोगों को सबसे अधिक प्यास सताती है। इस मौसम में लू से बचने के लिए एवं गले को तर करने के लिए शीतल जल की आवश्यकता होती है। नगर के मुख्य बाजार सब्जी मण्डी, देवनगर चैराहा, कोंच चैराहा समेत तमाम सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण यहां से निकलने वाले राहगीरों को खासी परेशानी होती है। दूर दराज से आने वाले लोगो को गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। अभी तक किसी सरकारी संस्था अथवा सरकारी रुपये लेकर समाजसेवा करने वाली किसी भी समाजसेवी संस्था ने नगर में सार्वजनिक प्याऊ खोलने की व्यवस्था नहीं की है। गर्मी मे मौसम में बाजार एवं प्रमुख चैराहे पर शुद्ध पेयजल न मिलने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। नगर में तहसील गेट के बगल में, देवनगर चैराहे पर लगे वाटर कूलर गर्म पानी दे रहे हैं तो कोंच चैराहे का बंद पड़ा है। राहगीर देवेंद्र, जावेद, अनीस, नफीस, उमेश, नमन आदि ने प्रशसान से मांग की है कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत दिलवाए जाने के लिए नगर में शीतल जल के सार्वजनिक प्याऊ खुलवाए जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने तीन व्यक्तियों को लौटाए फोन, खिले चेहरे

जालौन/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खोए हुए मोबाइल उनके स्वामियों को लौटाए। मोबाइल वापस पाकर उनके चेहरे खिल उठे। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बालमभट्ट निवासी खुशनूर का मोबाइल करीब आठ माह पूर्व खो गया था। ग्राम लौना निवासी पंकज का मोबाइल तीन माह पूर्व खो गया था। देवरी निवासी राजेश का मोबाइल एक माह पहले खो गया था। जिसकी रिपोर्ट उन्होंने कोतवाली में दर्ज कराई थी। कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह के नेतृत्व में कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद सचान के प्रयासों और ऑनलाइन पोर्टल पर ट्रैक करके इन मोबाइल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीनों व्यक्तियों को कोतवाली बुलाकर मोबाइल उनके सुपुर्द कर दिए। खोए हुए मोबाइल को वापस पाकर उनके चेहरों पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने पुलिस को धन्यवाद दिया।

### अलग-अलग मामलों में बंटवारे को लें परिजनों के बीच हुई मारपीट

जालौन/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। अलग-अलग मामलों में बंटवारे को लेकर परिजनों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमां में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक पक्ष के पुनू, धर्मेंद्र, अजय व विजय एवं दूसरे पक्ष के अरविंद के बीच रविवार की सुबह विवाद हो गया। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बाद में हाथापाई और लाठी, डंडों में बदल गया। वहां मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। उधर, मोहल्ला रापटगंज निवासी रामबिहारी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा मनोज बेटवारे को लेकर अक्सर विवाद करता है। इसी को लेकर उसने रविवार की सुबह विवाद कर दिया। जब उन्होंने मना किया तो हाथापाई कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### मोहल्लेवासियों ने पालिका प्रशासन से हैंडपंप को ऊंचा करने व साफ-सफाई की उठाई मांग

जालौन/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल की मांग बढ़ने लगी है। ऐसे में हैंडपंपों की आवश्यकता महसूस होने लगी है। परवई वाले मंदिर के पास लगा सरकारी हैंडपंप पानी तो दे रहा है लेकिन हैंडपंप के पास फैली गंदगी व ऊंचाई अत्यधिक कम होने के कारण लोग उसके पानी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। गर्मी के मौसम में बिजली की कटौती बढ़ने के साथ लुका-छिपी शुरू हो जाती है। बिजली के कारण नगर की जलापूर्ति प्रभावित होती है। ऐसे में पानी के लिए लोगों की निर्भरता सरकारी हैंडपंपों पर बढ़ जाती है। लेकिन सरकारी हैंडपंपों की दशा ठीक न होने पर लोगों को दिक्कत होती है। नगर के मोहल्ला गणेशजी में परवई वाले मंदिर के पास पुराना हैंडपंप लगा है। हैंडपंप के पास सीसी सड़क बनने से उसकी ऊंचाई काफी कम हो गई है। जिससे उसकी टोंटी के नीचे बाल्टी रखने तक की जगह नहीं बची है। हैंडपंप के आसपास फैली गंदगी के कारण लोग इस हैंडपंप का प्रयोग नहीं कर पा रहे है। भगवती शरण मिश्रा, सुनील महाराज, रामजी आदि ने पालिका प्रशासन से हैंडपंप को ऊंचा करने की मांग की है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआड़ी

कोंच/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। थाना कैलिया पुलिस ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में दिनांक 17 मई 2025 अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा व पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष कैलिया अतुल कुमार के कुशल निर्देशन में जगनपुरा चैकी प्रभारी अनिल कुमार अपने हमराही हेड कांस्टेविल श्रीराम प्रजापति व कांस्टेविल कमलेश कुमार पंकज कुमार रजत कुमार सचिन कुमार और सूर्यांश अग्निहोत्री थाना कैलिया के साथ चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर धमना नाला किनारे हरीमोहन कुशवाहा के खेत के पास ग्राम धौरपुर के पास हार जीत की बाजी लगाकर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे। गिरजाशंकर पुत्र गंगा प्रसाद व भाष जाटव पुत्र ऊदल सिंह व हरिओम पुत्र कड़ोरे व सादिक पुत्र इरफान समस्त निवासीगण ग्राम धौरपुर और पिंटू जाटव पुत्र हरचरन निवासी ग्राम अवधपुरी को 52 अदद पत्तों व मालफड से 18 सौ 40 रुपये और जामा तलाशी में 16 सौ 80 रुपये बरामद कर उक्त लोगों को पुलिस पकड़कर थाना ले आई जहां पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकद्दमा संख्या 39/25, धारा 13 जी एक्ट में मुकद्दमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गयीं।

### पति-पत्नी विवाद के बाद पत्नी की मौत

महोबा, 18 मई (तरूणमित्र)। जनपद महोबा के कबरई विकासखंड अंतर्गत भटेवर गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद का दुखद अंत हुआ। पति राजेंद्र से हुई कहासुनी के बाद पत्नी मंजू ने कीटनाशक खा लिया। परिजन तुरंत मंजू को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड ले गए। डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही मामले के सही कारणों का पता चल पाएगा। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## बिजली के तारों के आपस में चिपकने के कारण 11 गांवों की बिजली आपूर्ति रही ठप्प

जालौन/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। आंधी आने के कारण बिजली के ढीले तार जगह-जगह आपस में चिपक गये। बिजली के तारों के आपस में चिपकने के कारण 11 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प रही। गर्मी में बिजली आपूर्ति ठप्प होने से जनता परेशान हुई। शनिवार को दोपहर में बंद हुआ बिजली आपूर्ति रविवार को अपरान्ह सुचारू हो सकी।

बाबई बिजली घर के दहगवां फीडर के जगह जगह तार ढीले है तथा जर्जर है जिससे बिजली आपूर्ति में बाधित हो रही है। शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे आंधी आने का अनुमान लगते ही दहगुवां फीडर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गयी। इसके थोड़ी देर में तेज हवा ने आंधी का रूप ले लिया। हल्की बारिश के साथ आयी आंधी से बिजली के तार आपस में चिपक गये। बिजली के तारों के आपस में चिपकने के कारण दहगुवां फीडर के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग, काशीपुरा, हरदोई राजा, गोकुलपुरा, सूरजपुरा, बिरहरा, कुसमरा, पनहेरा, ऐदलपुरा, पर्वतपुर, गड़ेरना गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गयी। गर्मी के मौसम 11 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प होने के बाद बिजली विभाग ने ग्रामीणों की समस्या को हल्के में लिया। बिजली विभाग की उदासीनता के चलते विभाग 26 घंटे में उसे ठीक कर पाया। जब आसमान से आग बरस रही है तथा तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में 26 घंटे बिजली न आने से जनता कराह उठी। बिजली पानी बंद होने लोगों को खासी परेशानी हुई। इन्वर्टर डिस्चार्ज होने के कारण लोग गर्मी से बेहाल हो गये।

# सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी ने नोडल केंद्र किया गया नियुक्त



जालौन/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा क्षेत्र का नोडल केंद्र नियुक्त किया गया है। इस निर्णय से न सिर्फ महाविद्यालय की गरिमा में वृद्धि हुई है, बल्कि आस-पास के दर्जनों महाविद्यालयों के छात्रों को भी सीधे लाभ होगा। नोडल केंद्र बनाए जाने के बाद अब क्षेत्रीय महाविद्यालयों की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण एवं परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन इसी केंद्र से किया जाएगा।

विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि कॉलेज को पीजी स्तर पर एमकॉम, एमएससी (भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान) और एमए (इतिहास और राजनीति विज्ञान) जैसे नए की मान्यता प्राप्त हुई है। इसके अलावा बीए स्तर पर अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल और मनोविज्ञान जैसे नए विषयों को भी शामिल किया गया है। पहले से ही महाविद्यालय में बीएड, बीएलएड और डीएलएड (बीटीसी) की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। बताया कि नोडल केंद्र बनने से महाविद्यालय की प्रशासनिक जिम्मेदारियां बढ़ी हैं, लेकिन इससे छात्रों को सुविधाजनक एवं पारदर्शी परीक्षा प्रक्रिया मिलेगी। प्रबंधक दीपक मित्तल ने कहा, हमारा लक्ष्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सुविधा युक्त शैक्षणिक वातावरण देना है। अब क्षेत्रीय छात्र-छात्राओं को एमकॉम, एमएससी और एमए जैसे उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। निदेशक पुनीत मित्तल ने कहा, महाविद्यालय अब स्नातक से लेकर परास्नातक तक बहुविषयक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम है। हम जल्द ही व्यावसायिक और रोजगारपरक कोर्स भी शुरू करेंगे। स्थानीय स्तर पर रोजगारपरक शिक्षा की उपलब्धता से युवाओं का पलायन रुकेगा। इस मौके पर डॉ. अवधेश दीक्षित, डॉ. अवनीश दीक्षित, डॉ. सचिन अवस्थी, चंद्रभान मिश्रा, नीरेंद्र नायक, गोपालजी खेमरिया, राघवेंद्र पटेल, प्रयागदास विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुमार, विनीत मिश्रा, राजकुमार याज्ञिक, विनय दीक्षित, चंद्रभान सेंगर, गिरजाशरण, शालू पटेल, लक्ष्मीकांत शाक्य, संजीव गुप्ता, संतोष गुप्ता, अनिल यादव, मनुराज तिवारी, धर्मेंद्र द्विवेदी, नफीस सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यकर्ता सम्मलेन



उन्नाव, 18 मई (तरूणमित्र)। समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ता सम्मलेन को सम्बोधित करने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम करन निर्मल, कार्यकर्ता सम्मलेन के आयोजक जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी राहुल अग्निहोत्री ने प्रदेश अध्यक्ष का 51 किलो की माला अंगवस्त्र एवं भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर का प्रतीक चिन्ह भेटकर किया सम्मानित।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी पदाधिकारियों के साथ किया भव्य स्वागत कार्यक्रम कराने का मुख्य उद्देश्य बताते हुए जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए 2027 में पीडीए की सरकार बनाने का किया आवाहन, लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव अमरेंद्र आर्य सहित अन्य कई बड़े नेता कार्यकर्ता सम्मलेन में हुए शामिल, डॉ. राम करन निर्मल ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने अपने भाषण में भाजपा की दूषित मानसिकता को उजागर करते हुए बताया की दलितों, पिछडो और अल्पसंख्यक वर्ग पर हो रहे घोर अत्याचार किसी से छुपे नहीं हैं ये वो लोंग हैं जो केवल जुमलेबाजी से अपनी सत्ता पर कबीज बैठे हैं वक़्त आ गया हैं इनकी घर वापसी करने का हम सबको एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करते हुए 2027 में पीडीए की सरकार बनानी हैं, वहीँ लोहिया वाहिनी के महासचिव अमरेंद्र आर्य ने भाजपा को अपने सम्बोधन में घेरते हुए कहाँ की बेरोजगारी और महंगाई से जनता का हॉल बेहाल हैं न तो सरकारी नौकरी न ही किसी तरह का कोई रोजगार केवल और केवल अपनी बातों में एवं झूठे ख्वाब दिखा कर राजनैतिक रोटी सेकने का काम भारतीय जनता पार्टी लगातार करती आई हैं। अब सही समय आ रहा हैं इनको सत्ता से बाहर करने का, फ्रंटल संगठन के अध्यक्ष अंकित यादव, अमन अंजुम, सहित समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष राहुल अग्निहोत्री के नेतृत्व में अलग अलग विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता साथियो ने मौजूद होकर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने में अहम भूमिका निभाई, राहुल अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में विशेष आभार प्रकट में करता हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम करन निर्मल एवं समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश यादव को भरोसा दिलाया। 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को हम सब पुनः मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का कार्य करेंगे।

इस मौके पर लोहिया वाहिनी संगठन के विधानसभा अध्यक्ष मोहान सुजीत रावत, भगवंतनगर से शंत राम यादव,पूरवा से रोहित यादव सहित जिले के कई नेता मौजूद रहे, कार्यक्रम में डॉ. राम करन निर्मल की संस्तुति पर विवेक सोनकर को जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, विकास विमल सहित अन्य कई समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ता व पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 9 लाख रुपए की ठगी हुई रकम खाते में कराई गयी वापस

महोबा, 18 मई (तरूणमित्र)। महोबा के क्रेशर व्यापारी ए.के. त्रिपाठी के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 9 लाख रुपए निकाल लिए थे। पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर साइबर क्राइम पुलिस टीम ने कार्रवाई शुरू की। निरीक्षक मो. फहीम अख्तर के नेतृत्व में टीम ने पेमेंट गेट वे और बैंक अधिकारियों से संपर्क किया। त्वरित कार्रवाई के बाद पुलिस टीम ने पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी। पीड़ित विकास भवन रोड, सुभाष नगर के रहने वाले हैं। उन्होंने खुद साइबर थाना पहुंचकर पुलिस अधीक्षक और साइबर टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पांच शिक्षक सम्मानित

**प्रदीप, मीनू, प्रीति, संजीव एवं अनुज को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर किया सम्मान**



उन्नाव, 18 मई (तरूणमित्र)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़वाने के प्रयासों को लेकर, उन्नाव में सीडीओ रहे आईएएस प्रेम प्रकाश मीणा ने जनपद के पांच शिक्षकों की सराहना की।

उन्होंने जनपद के इन शिक्षकों द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे को बढ़े हुए मतदान में सहायक बताया। सीडीओ उन्नाव ने औरास स्वीप आइकन के रूप में कार्य कर रहे शिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा लगभग 20000 व्यक्तियों तक सम्पर्क कर उन्हें सपरिवार मतदान के लिए प्रेरित करने और औरास के बढ़े हुये मत प्रतिशत के लिए प्रशंसा की। गंज मुरादाबाद की मीनू जैसवार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली गई रैलियों, एडुलीडर्स की जिला संयोजक प्रीति मिश्र द्वारा एक टीम बनाकर पूरे जनपद में किए जा रहे अनूठे प्रयासों, सरोसी के शिक्षक अनुज द्वारा स्वनिर्मित बैनर, पोस्टर और लोकतंत्र के पर्व में प्रतिभाग करने के पर्चे बांटने एवं प्रेरित करने और सफीपुर के संजीव संखवार द्वारा घर घर भ्रमण कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने की पूर्व सीडीओ ने सराहना की। आईएएस प्रेम प्रकाश मीणा ने शिक्षकों में प्रदीप वर्मा, मीनू जैसवार, प्रीति मिश्र, संजीव संखवार और अनुज वर्मा को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शिक्षकों ने लोकसभा निर्वाचन में अपने कार्यो और जिम्मेदारियों को पूर्ण मनोयोग से पूरा करने पर सीडीओ द्वारा सम्मानित करने पर हर्ष व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि आगे भी इसी प्रकार शैक्षिक गतिविधियों के साथ सामाजिक कार्यों में पूर्ण उत्साह से प्रतिभाग करेंगे। सीडीओ ने उन्नाव में अपने कार्यकाल को स्वर्णिम समय बतलाया, उन्होंने जिलाधिकारी उन्नाव को अपना आदर्श बतलाया। सभी ने सीडीओ उन्नाव को राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान की।

## सदर विधायक ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कल्याण मंडप का किया भूमि पूजन

जालौन/उरई, 18 मई (तरूणमित्र)। नगर में जनसुविधा के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कल्याण मंडप बनने जा रहा है। छत्रसाल मैदान परिसर में इसका भूमि पूजन कार्यक्रम सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

पालिकाध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल ने बताया कि कल्याण मंडप का निर्माण 3 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। यह भवन नौ माह में बनकर तैयार होगा जिसका लोकार्पण 14 फरवरी 2026 को प्रस्तावित है। यह भवन तीन मंजिला होगा। जिसमें स्टेज, किचिन, शौचालय, हॉल, कमरे और पानी, बिजली आदि की व्यवस्था होगी। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाया जाएगा। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराए जाएंगे। ताकि इसका लाभ नगरवासियों को मिलता रहे। मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि यह कल्याण मंडप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनहितकारी सोच का परिणाम बताया। समाज के सभी वर्गों को कल्याण मंडप बनने के बाद इसका लाभ मिलेगा। भूमि पूजन वैदिक रीति रिवाज के साथ और मंत्रोच्चार के बीच बबेले महाराज द्वारा संपन्न कराया गया। नगरवासियों के लिए यह कल्याण मंडप विकास की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है, जो सामाजिक आयोजनों के लिए एक व्यवस्थित मंच उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत, मलखान सिंह दोहरे, कुंवर सिंह, सभासद नफीस सिद्दीकी, शफीक, जयकरण दोहरे, ललित शुक्ला, शफक खान, गुड्डन प्रजापति, शैलेंद्र दोहरे आदि उपस्थित रहे।

# कान्हा की नगरी में चंहुओर पसरा, अवैध खतरा

**मथुरा,18 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस और एलआईयू टीम ने नौहझील 68 बांग्लादेशियों को पकड़ा है। ये अवैध रूप से रह रहे थे। यहां ईंट भट्टा पर काम करते थे। पकड़े गए बांग्लादेशियों में 35 पुरुष, 27 महिला, एवं 28 बच्चे शामिल हैं। नौहझील थाना क्षेत्र के खाजपुर गांव में ईंट भट्ठे पर पुलिस ने काम करते हुए पकडा। मथुरा। कान्हा की नगरी अज्ञात खतरे की जद हैं। हालांकि यह खतरा छुपा किसी से नहीं है लेकिन इसे उजागर करने की मंशा भी किसी की नहीं रही है। सफेदपोशों के संरक्षण और दबंगों की दबंगई दोनों मिल कर आम लोगों को इस खतरे को मौल लेने की हिम्मत जुटाने से रोकती है। देखते ही देखते मथुरा जैसी संवेदनशील जगह पर अवैध बांग्लादेशी और



रोहिंग्या की बस्तियां बस गईं। यह सब अनायास नहीं हुआ। यह खतरा कितना बडा है इससे भी हर कोई वाकिफ है।

अवैधरूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या की बस्तियां जमीन के अंदर नहीं बसी हैं और नहीं आंखों से ओझल हैं। यह स्थानीय खुफिया तंत्र या दूसरे इसी तरह के महकमों और हमारी पुलिस की रडार से भी दूर नहीं है। लेकिन इस सब को कई बार दबाव में तो कई बार दूसरी तमाम वजहों से नजर अंदाज किया जाता रहा है। शहरी की अविकसित और बाहरी कॉलोनियों में ये बस्तियां हैं। ये विदेशी आकर खुद नहीं बसा जाते हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड, सिम कार्ड, मोबाइल यहां तक कि आयुष्मान कार्ड तक की व्यवस्था ये लोग विदेश से आकर यहां खुद नहीं कर लेते हैं। अब तक इस तरह के जितने लोग पकडे गये हैं उनसे यही साबित हुआ है कि ये लोग साधन संपन्न नहीं हैं, नहीं बहुंत पढे लिखे हैं। फिर ये विदेश से यहां आकर बेहद सुनियोजित तरीके से सारी सुविधाएं कैसे जुटा लेते हैं। ऐसा नहीं है कि अवैध बंगलादेशी या रोहिग्या पहली बार पकडे गये हैं। ये कपडे जाते रहे हैं, इनकी पूरी बस्तियां पकडी जाती रही हैं।

बावजूद इसके इनके लिए तमाम व्यवस्थाएं करने वाले लोग कभी बेनकाब नहीं हुंए। इससे ये साबित होता है कि इन्हें संरक्षण देने वाले लोग आम आदमी नहीं हैं, वे बेहद खास हैं जिनके आगे सिस्टम भी अपनी हदों में सिमट कर रह जाता है। पिछले एक दशक में मथुरा में कई बार इस तरह के लोग पकडे गये हैं। जेल भेजे गये हैं और सजा पूरी करने के बाद जेल से बाहर भी आए हैं। अब कपडे गये अवैध विदेशियों के साथ भी यही होगा। भट्टा हो, जल निगम, बिजली विभाग से लेकर तमाम दूसरे विभागों के बडे स्तर पर होने वाले कामों में इन अवैध विदेशियों का उपयोग किया जा रहा है। इनके रूप में बेहत सस्ते मजदूर मिल जाते हैं।

इन्हें मजदूरी के साथ ही संरक्षरण भी मिल जाता है। ये परिवार के साथ रहते हैं, बस्तियों में महिला पुरूष सब निवास करते हैं। तमाम लागों के दूसरे तामाम काम भी यहां चल जाते हैं। इनके आधार कार्ड, पेन कार्ड बनाने और बनवाले वालों पर कार्यवाही कभी नहीं होती। अवैध दस्तावेज बनाने और बनवाने वालों की पहुंच इतनी होती है कि वह साफ बच निकलते हैं। जब तक इन जडों पर वार नहीं होगा देश सुरक्षित नहीं रहेगा।

# जिनालय में हुआ कल्याण मंदिर स्तोत्र विधान, भक्तिमय माहौल में झूमे श्रद्धालु

**मैनपुरी,18 मई (तरूणमित्र)।** नगर के श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर बिसातखाना में मेडिटेशन गुरु श्री विहसंत सागर ससंघ की प्रेरणा से महावीर जिनालय महिला मंडल द्वारा कल्याण मंदिर स्तोत्र विधान भक्ति भाव से आयोजित किया गया। विधानाचार्य पंडित कमल कुमार जैन शास्त्री के सानिध्य में प्रातः श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा व प्रमार्जन शशांक जैन जोली, प्रवीण जैन बबलू व गौतम जैन द्वारा किया गया।

मुख्य कलश स्थापना का सौभाग्य तृप्ति जैन को मिला, वहीं विप्लव, अंकित व गौतम जैन परिवार ने माढ़ने पर कलश चढ़ाया। दीप प्रज्वलन विकास जैन बंटी ने



किया। संगीतमय पूजन व स्तोत्र विधान का सौभाग्य अंजलि, साधना, प्रीति, शोभा, स्मृति सहित अन्य महिलाओं को मिला। शास्त्री जी ने स्तोत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

भक्ति भजनों संग महिलाओं ने नृत्य कर भक्ति में सराबोर किया। हवन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य जन व जैन समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# डीएम ने की योजनाओं के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया की समीक्षा

**मथुरा,18 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा में भूमि अर्जन से संबंधित संचालित परियोजनाओं, प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी सहित यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नेशनल हाईवे, परियोजना प्रबंधक कार्यदाई संस्था पीएनसी के पदाधिकारियों के साथ



समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने भूमि अर्जन से संबंधित चल रही परियोजनाओं और मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न सड़क, रोड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। बैठक में कहा कि किसी भी रुकावट या देरी की समस्या का तत्काल प्रभाव से निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के सभी चरण उचित समय पर पूरे हो। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि परियोजना से प्रभावित हितधारकों से समन्वय स्थापित करें। भूमि अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि यह उचित समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरी हो। भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाएं। लंबित मामलों को चिन्हित करते हुए उन पर कार्यवाही अमल में लाई जाए। बैठक के परिणामस्वरूप लंबित मामलों का जल्द से जल्द समाधान हो। परियोजना की समय पर प्रगति सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि संबंधित कार्यदाई संस्था के पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों से संपर्क करें और नियमानुसार समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का समाधान कराना सुनिश्चित करे। उक्त कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। भूमि अर्जन से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है।

# महिला की मौत, मायके पक्ष ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**अलीगढ़, 18 मई (तरूणमित्र)।** मायके पक्ष ने एक महिला की मौत के मामले में पति पर हत्या का आरोप लगाया है, मृतका 32 वर्षीय वीनेश की शादी 12 साल पहले देवी नगला निवासी सत्येंद्र से हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने दस लाख रुपए नकद समेत पर्याप्त दहेज दिया था।

मायके पक्ष का आरोप है कि सत्येंद्र अतिरिक्त दहेज की मॉग करता था। वीनेश कई बार मायके से पैसे लाकर पति की मॉग पूरी कर चुकी थी, वीनेश के पिता ने अपनी संपत्ति भतीजे के नाम कर दी थी। सत्येंद्र इस प्रॉपर्टी को अपने नाम करवाना चाहता था और इसी को लेकर वीनेश को प्रताड़ित करता था। रविवार सुबह वीनेश की तबीयत खराब होने की सूचना

**कई बार मायके से पैसे लाकर पति की मॉग पूरी कर चुकी थी**

मिली, जब परिजन अलीगढ़ पहुंचे तो वीनेश मृत मिली। उसके शरीर और गर्दन पर चोट के निशान मिले हैं, मृतका के भाई देवेंद्र ने बताया कि वीनेश का कोई अन्य भाई-बहन नहीं था।

थानाध्यक्ष ने बताया कि देवी नगला से महिला की मौत की सूचना मिली थी, पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टमगृह के लिए भेज दिया है, मायके पक्ष से तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# पांच दिवसीय मेला में दूसरे दिन हुए प्रवचन

**मथुरा,18 मई (तरूणमित्र)।** जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे वार्षिक भंडारा सत्संग मेला के दूसरे दिन राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम और सतीश चन्द्र ने कर्म विज्ञान, अच्छे समाज और संतों की महिमा पर प्रकाश डाला। बाबूराम ने नहिं दरिद्र सम दुःख जग माहीं, संत मिलन सम सुख कछु नाहीं। पंक्ति को उद्धृत करते हुए कहा कि संसार में संतों के मिलन के समान कोई दूसरा सुख नहीं है। क्योंकि संतों का मिलना बहुत ही कठिन है। यदि वे मिल जायेंगे तो जीव का प्रारब्ध अपने घर सतलोक जाने का बन जायेगा। दूसरी तरफ दरिद्रता यानि गरीबी के समान कोई दूसरा दुःख नहीं। दरिद्रता आर्थिक, भौतिक पदार्थों के साथ ही आध्यात्मिक भी होती है। करुणा, दया और संतोष जैसे नैतिक मूल्यों के अभाव में आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के बाद भी व्यक्ति संतों के पास पहुंचकर दरिद्र रहता है।

## पेज 1 का शेष...

### भुखमरी और आतंरिक...

और ना ही मात्रा में। यह स्थिति सर्दियों के दौरान और खराब हो गई जब खाद्य कीमतें बढ़ गईं, रोजगार के अवसर सीमित हो गए और बाजारों तक पहुंच भी मुश्किल हो गई। सिंध और खैबर पख्तूनख्वा में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में भी तीव्र कुपोषण पाया गया। इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में बच्चों का जन्म कम वजन के साथ हुआ, जो उनके स्वास्थ्य और भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। पाकिस्तान के कई जिलों में डायरिया, तीव्र श्वसन संक्रमण और मलेरिया जैसी बीमारियां उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। कई क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी भारी कमी हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में जलवायु संबंधित झटके जैसे सूखा, बाढ़, और असामान्य मौसम की घटनाएं-खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की पहले से ही गंभीर स्थिति को और अधिक बिगाड़ सकते हैं। खेती और पशुपालन जैसे आजीविका के साधनों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है, जिससे लोगों की खाद्य सुरक्षा और आय दोनों प्रभावित हुई हैं। रिपोर्ट में पाकिस्तान को चेतावनी दी गई है कि इस गंभीर स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि पाकिस्तान सरकार और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां मिलकर ठोस कदम उठाएं। खाद्य सहायता, पोषण सेवाएं, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, और जलवायु-लचीले समाधानों की तत्काल आवश्यकता है ताकि इस संकट को और गहराने से रोका जा सके। फिलहाल पाकिस्तान में खाद्य असुरक्षा और कुपोषण एक सामाजिक और आर्थिक चुनौती बन चुकी है, लेकिन पाकिस्तान सरकार इस ओर काम करने की बजाय भारत जैसे देशों के साथ संबंध बिगाड़ने और आतंकवादी कैम्पों पर खर्च करने में जुटी हुई है जो स्थिति को और बिगाड़ने में जुटे हैं। आपरेशन सिन्दूर में भारत ने जितना नुकसान पाकिस्तान के इंफ्रास्ट्रक्चर का किया है, देश को उसे ठीक करने के लिए बड़े आर्थिक ढांचे की जरूरत है लेकिन उम्मीद कम है कि पाकिस्तान जैसा देश अपने आर्थिक ढांचे को जनता से मुताल्लिक कामों में इस्तेमाल करेगा।

### गुलजार हाउस में लगी...

मुताबिक काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया है। मृतकों की पहचान अभिषेक मोदी, आरूषी जैन ,शीतल जैन, सुमित्रा जैन, प्रथम मोदी, राजेंद्र कुमार, हषार्ली गुप्ता, मुन्नीबाई, प्रियाणी और इराज के रूप में हुई है। अभी अन्य मृतकों के शवों की पहचान कराई जा रही है। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को हैदराबाद के यशोदा हॉस्पिटल, डीआरडीओ हॉस्पिटल और उस्मानिया हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हादसे के शिकार लोग ज्वेलर्स के जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान से संबंधित दो परिवारों के लोग हैं। दमकल कर्मियों के मुताबिक अभी भी इस इमारत में चार परिवारों के दर्जनों लोग फंसे हैं। अब तक जिन लोगों को बाहर निकाला गया है, उनमें तीन बच्चों सहित 14 लोग शामिल है। यह सभी बुरी तरह झुलसे हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस इमारत में 30 से अधिक लोग रह रहे थे, इनमें ज्यादातर किराएदार थे। पुलिस के मुताबिक इमारत में आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक रात में बहुत गर्मी थी और मकान में लगे सभी एसी चल रहे थे। इसकी वजह से मकान की वायरिंग गर्म हो गई। इसी दौरान वायरिंग में आग लग गई और इसमें से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक एसी के कंप्रेशर फटने से आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को बाहर भागने का भी मौका नहीं मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हैदराबाद अग्निकांड में कई लोगों की मृत्यु गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। खरगे ने कहा हैदराबाद के चारमीनार इलाके में हुई भीषण आग की त्रासदी से मैं बहुत दुखी हूँ, जिसमें कई अनमोल जानें चली गईं। इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

### सीजेआई को रिसीव करने...

भाषण के दौरान सीजेआई गवई अपने लिए लोगों का सम्मान और प्यार देखकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैं सभी का बहुत आभारी हूं। मुझे जो प्यार और सम्मान मिला है, उससे मैं अभिभूत हूं। 40 साल से मुझे यह प्यार मिल रहा है। आज का समारोह अविस्मरणीय है। मैं अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं ढूंढ पा रहा हूं। 14 मई को जब मैंने भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली तो महाराष्ट्र ने मुझ पर बहुत प्यार बरसाया।

पूरे राज्य से लोगों ने समारोह देखने की इच्छा व्यक्त की, लेकिन सीमाओं के कारण मैं सभी को शामिल नहीं कर सका। सीजेआई ने कहा कि देश न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर भी विकसित हुआ है और ऐसा करना जारी है। देश का मूल ढांचा मजबूत है और संविधान के तीनों स्तंभ समान हैं। संविधान के सभी अंगों को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। न तो न्यायपालिका, न ही कार्यपालिका और संसद सर्वोच्च है, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है। सीजेआई गवई ने शनिवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के सम्मान समारोह में मौजूद थे। तब उन्होंने कहा था कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया था कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने रिटायर होने के बाद पॉलिटिक्स में एंट्री लेने से इनकार किया।

### राजस्व अभिलेखों के...

अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की योजना पर काम शुरू होने जा रहा है।इस डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया से राजस्व से जुड़े दस्तावेजों तक पहुंच आसान हो जाएगी। स्कैनिंग के बाद अभिलेखों की हार्डकॉपी को सेंट्रल रिकॉर्ड रूम में शिफ्ट किया जाएगा, जिससे उपनिबंधक कार्यालयों में पुरानी फाइलों के अंबार से राहत मिलेगी। इससे न केवल कार्यालयों में स्थान की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि अभिलेखों की दीर्घकालिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिजिटल गवर्नेंस की यह पहल न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक बना रही है, बल्कि जनता को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। डिजिटल अभिलेखों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना सुगम होगा और पुराने दस्तावेजों को खोजने में लगने वाला समय और संसाधन बचेगा। यह कदम उत्तर प्रदेश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### अब घर बैठे मिल रही...

लो-राइज भवनों के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम और ढांचागत मानकों को व्यवहारिक बनाते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को साकार किया है। अग्निशमन विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले अग्निशमन विभाग से एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) प्राप्त करना आवेदकों के लिए बड़ी चुनौती थी। उस दौरान पारदर्शिता का अभाव, तय समय सीमा न होने से आवेदक विभाग के चक्कर लगाने के लिए मजबूर थे। वहीं सीएम योगी ने प्रदेश में पहली बार वर्ष 2018 में अग्निशमन विभाग की एनओसी को पूरी तरह ऑनलाइन किया। इससे आवेदक वर्तमान में घर बैठे एनओसी के लिए आवेदन कर रहे हैं। वहीं एनओसी जारी करने के लिए 15 दिन की अधिकतम समय सीमा तय की गई है। साथ ही किसी प्रकार की आपत्ति होने पर आवेदक को एक सप्ताह में सूचित किया जाता है। एडीजी ने बताया कि वर्ष 2022 में लो-राइज भवनों के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम और ढांचागत मानकों को व्यवहारिक बनाते हुए सरल किया गया। इसी वर्ष उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम2022 को प्रख्यापित कर विभाग को आपात सेवाओं में और अधिक प्रभावी भूमिका निभाने के लिए सशक्त किया गया। वर्ष 2023 में सिंगल विंडो पोर्टल के जरिये ऑनलाइन आवेदन प्रणाली को और अधिक सरल बनाया गया। यह कदम प्रदेश में उद्योगों और उद्यमियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। इससे उन्हें अब एनओसी के लिए लंबी प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ता। इसके साथ ही वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा नियमावली2024 ने कई पुरानी जटिलताओं को दूर किया। इससे काफी समस्याओं को समाधान हुआ।फायर विभाग और भवन प्राधिकरण के बीच सेटबैक नियमों की विसंगतियों को खत्म करते हुए अब केवल एक्सेस टू बिल्डिंग के मानक के आधार पर परीक्षण होता है, जिससे फायर वाहनों की सुगम पहुंच सुनिश्चित हो गई है। स्टेयर की चौड़ाई में लचीलापनः पहले चौड़ाई की कठोर शर्तों के कारण एनओसी रोकी जाती थी, अब ऑक्यूपेंट लोड आधारित व्यवस्था लागू कर इसे तर्कसंगत बनाया गया है। बता दें कि पहले स्टेयर की चौड़ाई कम होने पर एनओसी नहीं मिलती थी, भले ही कुल सीढ़ियां पर्याप्त हों।

### यूपी में 18 पीसीएस...

सचिव विकास प्राधिकरण बरेली,सत्येंद्र सिंह को सचिव विकास प्राधिकरण अयोध्या से अपर जिलाधिकारी शामली, विनय कुमार सिंह द्वितीय को अपर जिलाधिकारी प्रयागराज से अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद, योगेंद्र कुमार को सचिव विकास प्राधिकरण बरेली से उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ बनाया गया है। इसके अलावा पंकज कुमार श्रीवास्तव को अपर नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ से अपर जिलाधिकारी बागपत, राजित राम गुप्ता को उपजिलाधिकारी रायबरेली से अपर जिलाधिकारी बलिया, नम्रता सिंह को उपजिलाधिकारी उन्नाव से अपर नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ, स्वप्निल कुमार यादव को उपजिलाधिकारी शामली से अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति और रोशनी यादव को उपजिलाधिकारी ललितपुर से अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ बनाया गया है।

### पुलिस मुठभेड़ में पशु...

की ओर भागे। यह देख पुलिस और एसओजी टीम ने घायल सिपाही को तत्काल बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाने के साथ भाग रहे पशु तस्करों का पीछा शुरू कर दिया। तस्कर कुछ दूर आगे जाने के बाद पिकअप वाहन को छोड़ दो बाइक पर तीन–तीन की संख्या में भागने लगे। यह देख पुलिस टीम ने इलाकाई पुलिस के साथ अफसरों को भी इसकी जानकारी दी और बदमाशों के पीछे लगे रहे। आखिरकार पुलिस टीम ने वाराणसी के चोलापुर बेला के समीप बदमाशों को घेर लिया। यह देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम के जबाबी कार्रवाही में एक बाइक पर सवार तीन तस्करों को गोली लगी तो वे चीख कर वाहन से गिर पड़े। जबकि तीन मौके से भाग निकले। पुलिस टीम ने घायल तीन बदमाशों को तत्काल दबोच लिया और इलाज के लिए सीएचसी डोभी भेजा। जहां से तीनों बदमाशों को जौनपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल में एक बदमाश की इलाज शुरू होते ही मौत हो गई। मृत बदमाश की शिनाख्त मुथरापुर कोटवां थाना जलालपुर जौनपुर निवासी सलमान पुत्र मुसाफिर के रूप में हुई। घायल बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम वाराणसी के रमना चौबेपुर निवासी नरेंद्र यादव,अलीनगर चंदौली निवासी गोलू यादव बताया। घायल बदमाशों ने पूछताछ में अपने फरार साथियों के नाम तालाबेला चोलापुर निवासी राहुल यादव,राजू यादव और आजाद यादव पता अज्ञात बताया।

# पुलिस अधीक्षक ने दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले

**मैनपुरी,18 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने सदर कोतवाली में तैनात एसएसआई को कुसमरा चौकी प्रभारी बनाया है।

एसपी ने एसएसआई सदर कोतवाली दिनेश कुमार को सिविल लाइन चौकी प्रभारी बनाया। एसएसआई थाना बेवर सुखबीर सिंह को चौकी प्रभारी असरोही करहल, चौकी प्रभारी आगरा गेट मनोज कुमार को थाना किशनी, सुधीर कुमार को चौकी प्रभारी आगरा गेट, दलवीर को चौकी प्रभारी औंछा रोड, आदेश भारद्वाज को चौकी प्रभारी कुसमरा, नीलकमल चौकी प्रभारी भांवत थाना एलाऊ, धर्मवीर सिंह चौकी प्रभारी कीरतपुर दन्नाहर, महेंद्र प्रताप सिंह थाना कुर्रा, चंद्रपाल चौकी प्रभारी जेल बनाया है। पुलिस लाइन से दिलीप कुमार को चौकी प्रभारी कस्बा भगांव, अरविंद कुमार को थाना करहल, संजीव कुमार थाना घिरोर, दर्शन सिंह को चौकी प्रभारी कोसमा घिरोर, हरि ओम प्रकाश को थाना दन्नाहर, धीरज शर्मा चौकी प्रभारी गणेश बुर्ज हरिओमसिंह को महिला थाने भेजा गया है।

# महिला ने लगाई यमुना पुल से छलांग

**वृंदावन,18 मई (तरूणमित्र)।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रविवार को एक महिला ने यमुना में छलांग लगा दी जिसको बचाने के लिए भांजा भी यमुना में कूद गया। महिला ने यमुना में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन भांजे ने अपनी मामी को बचाने के लिए यमुना में छलांग लगा दी जिनको तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। खबर की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन भी पानी गांव पुल पहुंच गए। गोताखोरों की मदद से दोनों को यमुना से सुरक्षित बाहर निकाला, जिन्हें तत्काल जिला संयुक्ता चिकित्सालय भर्ती कराया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए दोनों को एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार महिला निकट के ही गांव धौरेरा की रहने वाली हैं जिसका अपने पति मुकेश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच वाद विवाद इतना बढ़ गया कि महिला पानी गांव पुल पर पहुंच गई और यमुना में छलांग लगा दी, जिसके पीछे पीछे भांजा विष्णु भी मामी को बचाने के लिए कूद पड़ा।

# तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**अलीगढ़, 18 मई (तरूणमित्र)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बन्नादेवी पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त फैजान मलिक पुत्र नसरूद्दीन उर्फ गुड्डू निवासी भूरे का सय्यद सराय रहमान थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ़ को एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस जिंदा 315 बोर सहित गली नं0 05 सरकारी स्कूल के मोड़ से गिरफ्तार किया।

# नवागत नगर आयुक्त के सामने भी यक्षप्रश्न जल प्लावन से कैसे बचेगी मथुरा

**मथुरा,18 मई (तरूणमित्र)।** अधिकारियों के बदलने से समस्याएं नहीं बदलतीं, समाधान के तरीके जरूर बदल सकते हैं। नवागत नगर आयुक्त के सामने भी यही यक्ष प्रश्न है कि जल प्लावन के कान्हा की नगरी कैसे बचेगी। पदभार सम्हालने की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नवागत नगर आयुक्त ने भी सबसे पहले बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने पर ध्यान केन्द्रित किया है।

नगर आयुक्त जग प्रवेश ने गर्ल्स केआर डिग्री कॉलेज, जंक्शन रोड की पुलिया से लेकर भैंस बहोरा तक क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर नालों, प्रमुख जलभराव स्थलों तथा चौक पॉइंट्स का गहन अवलोकन किया गया। नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में रविवार को नवागत नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा आज शहर के गुरु नानक नगर एवं ब्रज नगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा गर्ल्स केआर डिग्री कॉलेज, जंक्शन रोड की पुलिया से लेकर भैंस बहोरा तक क्षेत्र का



पैदल भ्रमण कर नालों, प्रमुख जलभराव स्थलों तथा चोक पॉइंट्स का गहन अवलोकन किया गया।

उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा पूर्व नाले नालियों की व्यापक रूप से तलीझाड़ एवं नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि नालों की सफाई में अवरोध उत्पन्न कर रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाया जाए ताकि जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ हो सके और वर्षा के दौरान नागरिकों को जलभराव से किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि जिन जिन स्थानों पर ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो रही है उनको वृहद अभियान चलाकर कार्य कराया जाएगा साथ ही नाले नालियों की सफाई में अवरोध बन रहे अतिक्रमण को चिन्हित करके अवैध अतिक्रमण को पूर्ण रूप से हटाया जाएगा जिससे कि नाले नालियों की उचित ढंग से सफाई की जा सके जिससे की वर्षा के दौरान लोगों को जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त्ज अनिल कुमार, मुख्य अभियंता सिविल अमरेंद्र गौतम, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा, ईटीएफ कमांडर कर्नल आरके सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग, सहायक अभियंता जल हेमेंद्र गौतम, सफाई निरीक्षक राजकुमार लवानिया, गैराज प्रभारी राजेश यादव उपस्थित रहे।

# सेना किसी के चरणों में नतमस्तक नहीं हो सकती: विवेक

**अलीगढ़, 18 मई (तरूणमित्र)।** गत दिनों मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिन्दूर की प्रमुख योद्धा कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति अभद्र एवं निंदनीय भाषा का प्रयोग किया था और अब एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार के ही उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अपने वक्तव्य से देश के महान नागरिकों और गौरवशाली भारतीय सेनाओं को प्रधानमंत्री मोदी जी के समक्ष उनके चरणों में सिर झुकाने वाला वक्तव्य दिया है। इन वक्तव्यों के चलते समस्त कांग्रेसजनों में और देश के सम्मानित नागरिकों में भारी रोष है। भाजपा नेताओं की इस प्रकार की बयानबाजी को रोकने की मॉग करते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी व पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनो ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसीएम द्वितीय आशुतोष कुमार कोटिया को दिया। ज्ञापन के द्वारा मॉग की गई कि भाजपा नेताओं के इस प्रकार के वक्तव्यों को रोकने के लिए केंद्र सरकार को कठोर निर्देश देने की कृपा करें। इसके साथ-साथ उन्होंने ये भी चेतावनी दी कि अगर हमारी इस मॉग पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो समस्त कांग्रेसजन देश की सेनाओं व देश के नागरिकों के सम्मान की रक्षा के लिए सड़कों पर आन्दोलन करके संघर्ष करेंगे।

इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि यह कितना दुखद एवं पीड़ादायक है कि भाजपा के चाटुकरिता पसंद नेतागण इस प्रकार के वक्तव्य दे रहे हैं और भाजपा का उच्च नेतृत्व मूकदर्षक बना हुआ है, जबकि उसका यह कर्तव्य है कि अपने नेताओं और पदाधिकारीयों को इस प्रकार के वक्तव्य देने से रोका जाए। देश की सेना देश के नागरिकों का सुरक्षा कवच है उसके ऊपर देश के पूरे नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है उस स्थिति में उनके प्रति इस तरह का अपमानजनक वक्तव्य देना सर्वथा निंदनीय है सेना किसी के चरणों में नतमस्तक नहीं हो सकती बल्कि हम सबका कर्तव्य है कि मातृभूमि की रक्षा करने वाली सेना के चरणों में हम सब नतमस्तक हो।

# डिवाइडर से टकराई कार, महिला हेड कांस्टेबल की मौत

**मेरठ,18 मई (तरूणमित्र)।** मेरठ-करनाल हाईवे पर इटावा गांव के पास पीछे से वाहन ने कार में टक्कर मार दी। इससे डिवाइडर की रेलिंग कार में घुस गई। हादसे में शामली में तैनात मेरठ के प्रवेशविहार निवासी महिला हेड कांस्टेबल प्रीति (28) की मौत हो गई। वहीं उसका पति, दो बच्चे और कार चालक गंभीर घायल हैं। घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

शामली के एसपी ऑफिस में तैनात महिला हेड कांस्टेबल प्रीति शनिवार को तीन दिन की छुट्टी लेकर मेरठ आ रही थीं। कार चालक बालेश्वर के अलावा महिला का पति भूपेंद्र सिंह, उसका तीन साल का बेटा प्रियांक और नौ माह की बेटी प्रीतिका भी कार में थी। पीछे से अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद कार डिवाइडर से जा टकराई। इस दौरान डिवाइडर की रेलिंग कार के आरपार हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य बुढ़ाना ले जाया गया, जहां प्रीति की मौत हो गई। मेरठ के प्रवेशविहार शास्त्री नगर निवासी कांस्टेबल के ससुर महाराज सिंह ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# सोता रहा विभाग,103 चालान के बाद भी दौड़ती रही बस!

## दो साल की साक्षी सहित तीन साल के देवराज सहित पांच मौतों का जिम्मेदार कौन? परिवहन या ट्रैफिक!

- लगभग 65 चालान ओवर स्पीड के हुए
- उलटी दिशा में वाहन के चलते हुआ चालान

सत्य प्रकाश भारती



लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। राजधानी के किसान पथ पर हुए बस अग्निकांड की परते लगातार खुलती जा रही हैं। पुलिस और प्रशासन की लापरवाही के कारण दो साल की साक्षी,तीन साल के देवराज समेत पांच लोग जिन्दा जलकर मर गए।

इस मामले में परिवहन विभाग ने जांच बैठा दी। मामले में आरआई राघव कुशवाहा को निलंबित कर दिया। परन्तु इस मामले की तह में जाने से पता चलता है कि बस के कुल 103 चालान अब तक हो चुके थे। हैरान करने वाली बात यह है कि सबसे अधिक चालान ओवर स्पीडिंग के निकले। जबकि रॉन्ग साइड वाहन चलाने और नो पार्किंग के चालान भी इनमे शामिल हैं। बावजूद इसके बस संचालक अथवा ड्राइवर के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

इनमे से कुछ चालानों की राशि भर दी गई। इसे राजस्व में इजाफा समझकर रख लिया गया, लेकिन इस लापरवाही पर परिवहन और पुलिस दोनों आंखे मूंदे बैठे रहे और किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की और यह हादसा हो गया। गौरतलब है कि बीते दिनों राजधानी के किनासपथ पर बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही बस अचानक आग का गोला बन गई थी। इस दौरान बस का चालक और कंडेक्टर यात्रियों की जान जोखिम में डालकर बस से कूद कर फरार हो गए। नतीजा यह रहा कि बस में आवश्यकता से अधिक भरी सवारी बस से निकलने में नाकाम रही और पांच मुसाफिर जिन्दा जलकर मर गए।

अब इन मौतों का जिम्मा किस विभाग के ठिकरे फोड़ा जाए यह कह पाना मुश्किल है। बस के कागजों और रजिस्ट्रेशन को लेकर पड़ताल करने पर पता चला है कि बस संख्या यूपी 17 एटी 6372 ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने में सभी हदें पार कर दी थी। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने में बस के कुल 103 चालान हुए थे। इनमे से सबसे अधिक लगभग 65 चालान ओवर स्पीडिंग के हैं। जबकि उलटी दिशा में गाड़ी चालाने के भी चालान भी हुए हैं।

इतने चलानों ने बाद भी बस लगातार फिटनेस में पास होती रही, बस को लगातार परमिट मिलता रहा, परिवहन के किसी अधिकारी ने सवाल उठाने की हिम्मत तक नहीं जुटाई! ऐसे में सवाल यह उठता है कि इतने चलानों ने बाद भी यात्रियों भरी यह बस हाइवे पर किसकी अनुमति से दौड़ती रही।

किसी परिवहन के प्रवर्त्तन अधिकारी या ट्रैफिक के अधिकारी ने ठोस कार्रवाई करने की हिम्मत क्यों नहीं जुटाई! जिसके कारण इतना बड़ा हादसा हो गया और बस में पांच लोग जिन्दा जलकर मर गए। इस मामले में परिवहन आयुक्त से जब बात की गई तो उनका यही कहना रहा कि वाहनों के पंजीयन का काम राज्य परिवहन प्राधिकरण देखता हैं। हालांकि राज्य परिवहन प्राधिकरण का सचिव परिवहन विभाग के डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर रैंक का अधिकारी होता है जिसका कार्यालय परिवहन आयुक्त कार्यालय में मौजूद है,ऐसे में सवाल उठता है कि क्या परिवहन आयुक्त कार्यालय राज्य परिवहन प्राधिकरण से भिन्न कैसे है।

**तीन चलान के बाद निरस्त हो सकता है लाइसेंस**

ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया यदि आपका तीन से अधिक बार चालान होता है तो आपका लाइसेंस निरस्त हो सकता है। ड्राइविंग के दौरान सभी नियमों का पालन करना जरूरी है। किसी भी नियम को तोड़ने पर चालान या कुछ महीने की कैद भी हो सकती है। वहीं, आपका ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। मोटर व्हीकल एक्ट 1998 की धारा-19 के तहत ऐसी कई स्थिति हैं जब ट्रैफिक पुलिस आपका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर सकती है। ऐसे में यदि आप ड्राइविंग करते हैं तब आपको इन सभी नियम और धारा पता होना चाहिए।

### बस का रजिस्ट्रेशन और चालक का लाइसेंस निरस्त करने के लिए लिखेंगे पत्र

लखनऊ में जो घटना हुई बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आपके द्वारा जो जानकारी मिली है उस आधार पर परिवहन आयुक्त को पत्र लिखकर बस सहित चालक का पंजीकरण रद्द किये जाने के लिए पत्राचार किया जायेगा।

**के. सत्य नारायण, एडीजी ट्रैफिक, उत्तर प्रदेश पुलिस**

### बस के रजिस्ट्रेशन का काम शासन का काम

बस के रजिस्ट्रेशन से संबंधित काम निजी सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा किये जाते हैं। इस मामले में उनसे सम्पर्क करें।

**बृजेश नारायण सिंह, परिवहन आयुक्त**

# ऊर्जा मंत्री ने राजभवन विद्युत उपकेंद्र का किया निरीक्षण



- छुट्टी मना रहे अफसरों में हड़कंप

लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने रविवार को लखनऊ के 33/11 केवी राजभवन विद्युत उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया। इससे रविवार को छुट्टी मना रहे अफसरों में हड़कंप मच गया। उन्होंने अफसरों को बेवजह बिजली कटौती, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग नहीं करने का निर्देश दिया। कहा- अब बिजली चोरी और कटिया बाजी पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने उपकेंद्र की लॉग बुक, लोड पैनल और पावर ट्रांसफॉर्मर की स्थिति की समीक्षा की। यह उपकेंद्र याहियामऊ, छतनगर, स्वाति सिटी, एकतानगर, पृथ्वीपुरम जैसे इलाकों को बिजली सप्लाई करता है। मंत्री ने यहां ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग/रिप्लेसमेंट के काम की प्रगति का भी जायजा लिया।

उन्होंने कहा है कि एक ही फीडर पर कई बार शटडाउन लेकर उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए। मरम्मत का काम एक साथ और प्रभावी तरीके से किया जाए। इस दिशा में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। ए.के. शर्मा ने कहा है कि लखनऊ में अब बेवजह की बिजली कटौती, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज जैसी समस्याएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रांसफॉर्मर जलने या फ्यूज उड़ने की घटनाओं को रोकने के लिए योजना बनाई जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि उपभोक्ताओं के कॉल न उठाने वाले कार्मिकों पर कड़ी कार्रवाई होगी। ट्रांसफॉर्मर जलने की स्थिति में तत्काल ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर से सप्लाई बहाल की जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील करते हुए बिजली की बचत करने की बात कही है। उन्होंने कहा- 1912 नंबर पर शिकायत दर्ज कर उपभोक्ता राहत पा सकते हैं। ए.के. शर्मा ने कहा है कि पिछले तीन साल में प्रदेश में जर्जर विद्युत ढांचे के कायाकल्प के लिए 24 से 25 हजार करोड़ रुपए के कार्य किए गए हैं। जर्जर लाइनें बदली गईं, ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाई गई है। नई लाइनों और उपकेंद्रों का निर्माण हुआ है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, एसडीओ, अवर अभियंता समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# आम की बागों में कैटरपिलर का हमला, 30 हजार हेक्टेयर में फैले बागान प्रभावित

लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध दशहरी आम उत्पादक क्षेत्र मलिहाबाद में कैटरपिलर कीट का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। यह कीट लगभग 30 हजार हेक्टेयर में फैले आम के बागानों को नुकसान पहुंचा रहा है। कीट न केवल विकसित हो रहे आमों को नष्ट कर रहा है, बल्कि पेड़ों की पत्तियों को भी खा रहा है। मलिहाबाद में हर साल लगभग 6 लाख मैट्रिक टन आम का उत्पादन होता है। कसमण्डी खुर्द गांव के बागवान मोहम्मद रऊफ के अनुसार, दशहरी आम की गुणवत्ता और स्वाद को बचाने के लिए तत्काल कीटनाशक का छिड़काव जरूरी है। भतुईया के जुबैर अहमद ने बताया कि कीट तैयार फसल को नष्ट कर रहे हैं। राजकीय उद्यान प्रभारी डॉ. कृष्ण मोहन चौधरी के अनुसार, यह कीट आम के साथ-साथ अमरूद और अन्य फल वृक्षों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कीट फलों को डंठल सहित काटकर गिरा देता है। नियंत्रण के लिए बाग में लाइट ट्रैप का उपयोग करने की सलाह दी गई है। रासायनिक नियंत्रण के लिए क्लोरोसाइपर एक मिली प्रति लीटर पानी या स्पिनेटोरम 0.3 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव की सिफारिश की गई है।



भारतीय सेना सम्मान में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन, डिप्टी ब्रजेश पाठक ने की भागीदारी। छायाः तरूणमित्र

# नाबालिग बेटी ने प्रेमी संग मिलकर मां का गला काटा



लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। चिनहट इलाके में 16 साल की बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर मां का गला काट दिया। उसने वारदात को रेप और हत्या दिखाने के लिए मां की लाश को न्यूड कर दिया। वह बॉयफ्रेंड शाहिद के साथ शादी करना चाहती थी। दोनों ने पहले महिला की गर्दन कपड़े से कस दी। उसके बाद शीशे के टुकड़े से रेतकर गला काट दिया। बेटी ने वारदात के बाद प्रेमी को घर से भगा दिया। फिर रोते हुई छत से चिल्लाने लगी। पड़ोसियों को बताया कि बदमाशों ने उसकी मां की हत्या कर दी है। उसने अपने मामा को भी फोन पर यही बात कही। इसके बाद मौके पर रिश्तेदार, पड़ोसी और पुलिस पहुंची। घटनास्थल की जांच करने पर पुलिस को बेटी पर शक हुआ।

पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के सवालों से वह टूट गई और हत्या करने की बात कबूल कर ली। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चिनहट इलाके की है। इसी घर में हत्या हुई है। उषा सिंह के शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जबकि बेटी को थाने ले गई। घर में ताला लगा दिया है। इसी घर में हत्या हुई है। उषा सिंह के शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जबकि बेटी को थाने ले गई। घर में ताला लगा दिया है।

जानकारी के मुताबिक सेमरा गांव में 1000 स्क्वायर फीट के घर में मां उषा सिंह (40) अपनी बेटी के साथ रहती थी। उनके कोई बेटा नहीं था। उषा के पति योगेंद्र सिंह की 12 साल पहले मौत हो गई थी। उषा ऑडिट भवन में हाउस कीपिंग का काम करती थी। बेटी का अपने घर से करीब 400 मीटर दूर चिनहट के आदर्श नगर मोहल्ले में रहने वाले शाहिद से अफेयर चल रहा था। गैर धर्म का लड़का होने की वजह से उषा बेटी को इसके लिए डांटती थीं। कई बार उसकी पिटाई भी की थी। लेकिन, बेटी किसी भी सूरत में मां की बात मानने को तैयार नहीं थी। वह हर हाल में शाहिद से ही शादी करने पर अड़ी थी। जब बात ज्यादा बढ़ गई, तब बेटी ने शनिवार-रविवार की आधी रात अपने प्रेमी शाहिद को घर बुलाया।

मां उषा सिंह दूसरे कमरे में सो रही थी। पहले बेटी ने शाहिद के साथ मिलकर मां का गला कस दिया। फिर उनका गला काट दिया। मृतका उषा सिंह के भाई रवि ने बताया कि भांजी ने रात में कॉल करके बताया कि मां की हत्या हो गई है। जल्दी आ जाइए घर पहुंचा तो कमरे में बेड पर बहन उषा की लाश पड़ी थी। गला कटा हुआ था और खून बह रहा था। रवि ने बताया कि भांजी 2024 में पड़ोस में रहने वाले शाहिद पुत्र इब्राहिम के साथ भाग गई थी। इसके बाद बहन उषा ने शाहिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें शाहिद जेल भी गया था। जेल से छूटने के बाद शाहिद फिर से भांजी के संपर्क में आ गया। दोनों लगातार उषा को धमकी दे रहे थे कि तुमने ही हम दोनों को अलग किया। तुम्हारी वजह से जेल जाना पड़ा। अब तुम्हारी हत्या कर देंगे। पुलिस के अनुसार, हत्या के पीछे लूट और रेप दिखाने के लिए बेटी और उसके प्रेमी ने महिला के सारे कपड़े उतार दिए।

## जब लगेगा एमआर टीका, तभी मुस्कुराएगा बचपन

लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। प्रदेश में शून्य से पांच वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चों को,जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं, 24 अप्रैल से 10 मई तक विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान टीकाकरण सत्रों पर टीके से आच्छादित किया गया। इसके अंतर्गत मीजल्स-रूबेला (एमआर) समेत 12 घातक बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए गए। खसरा और रूबेला बच्चों को प्रभावित करने वाली अत्यंत संक्रामक और खतरनाक बीमारियां हैं। इससे बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय है—समय पर और सम्पूर्ण टीकाकरण। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता बताते हैं कि अभियान के दौरान 75,588 बच्चों को एमआर-1 और 40,608 बच्चों को एमआर-2 की खुराक दी गई। जिलेवार आंकड़े में सीतापुर सबसे आगे रहा, जहां 3604 बच्चों को एमआर-1 तथा 2487 बच्चों को एमआर-2 का टीका लगाया गया। इसके बाद कानपुर नगर (3138 एमआर-1, 1734 एमआर-2) और खीरी (2905 एमआर-1, 1607 एमआर-2) क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर हैं।

## आज कोर कमेटी की बुलाई गई बैठक

लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण के डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष को अभिमत देने का कोई नैतिक व कानूनी अधिकार नहीं है। अतः विद्युत नियामक आयोग को निजीकरण पर अपना अभिमत देना भी नहीं चाहिए। संघर्ष समिति का वर्क टू रूल आंदोलन रविवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। 19 मई को संघर्ष समिति की कोर कमेटी की मीटिंग बुलाई गई है जिसमें निजीकरण पर प्रबन्धन की हठवादिता को देखते हुए आंदोलन तीव्र करने का निर्णय लिया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने आज यहां जारी बयान में बताया कि एनर्जी टास्क फोर्स ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन को निर्देश दिया है कि निजीकरण के डॉक्यूमेंट पर अभिमत और अप्रूवल के लिए इसे विद्युत नियामक आयोग को भेजा जाय। समिति ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग को अवैध ढंग से नियुक्त किए गए, झूठा शपथ पत्र देने वाले और फजीर्वाडा स्वीकार कर लेने वाले ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन द्वारा बनाए गए निजीकरण के आर एफ पी डॉक्यूमेंट पर कोई बात नहीं करनी चाहिए। समिति ने कहा कि किसी भी नियम के तहत विद्युत नियामक आयोग को पावर कॉरपोरेशन के कहने पर निजीकरण के किसी दस्तावेज पर अभिमत नहीं देना चाहिए।

## सुसाइड नोट लिख फंदे से झूली युवती, तालकटोरा में प्राइवेट चालक ने की आत्महत्या

लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। गोमतीनगर के हुसड़िया निवासी सरोजिनी (22) ने फंदा लगाकर जान दे दी। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें उसने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की बात लिखी है। वहीं तालकटोरा के बादशाहखेड़ा निवासी प्राइवेट चालक राजीव शुक्ला (50) ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हरदोई के कछौना की रहने वाली सरोजिनी एक पेट्रोल पंप में नौकरी करती थी। पिता भगवानदीन ने बताया शनिवार दोपहर उसे मकान मालिक ने फोन करके जानकारी दी। बताया कि सुबह से सरोजनी कमरे से बाहर नहीं निकली है। अन्य किराएदारों ने जब खिड़की से झांक कर देखा तो सरोजनी फंदे से लटकी दिखी। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची। इसके बाद सरोजिनी को एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। खबर पाकर सरोजिनी के परिजन भी लखनऊ पहुंच गए। पुलिस को छानबीन के दौरान कमरे से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को ठहराया। बीमारी से परेशान होकर जान देने की बात लिखी थी। अंत में लिखा कि इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। उनके पिता किसान हैं और परिवार में मां शांति देवी, सात बहनों में सरोजनी चौथे नंबर पर थी। बीते साल उसने बाराबंकी के एक प्राइवेट डिग्री कॉलेज से बीकॉम किया था। वहीं तालकटोरा के बादशाहखेड़ा निवासी राजीव शुक्ला के बेटे विशाल ने बताया कि पिता राजीव शनिवार रात नशे की हालत में घर आए और मकान के ऊपर वाले कमरे में सोने के लिए चले गए।

## बीएन सिंह की पुण्यतिथि मनाई

लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। रविवार को प्रेरणा स्थल पर बी.एन. सिंह की 26वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर हजरतगंज स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी गई। प्रेरणा स्थल पर मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि बी.एन. सिंह कर्मचारी एवं शिक्षकों के मसीहा थे। उनके संघर्षों के लिए हमेशा उन्हें याद किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में परिषद के प्रांतीय महामंत्री शिव बरन सिंह यादव ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी का कर्तव्य है कि बी.एन सिंह को याद करे। उन्होंने हमेशा कर्मचारी हितों में आवाज उठाई। हम कर्मचारियों के लिए वह मसीहा थे। कर्मचारी संगठनों को संघर्ष करना और अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ना सिखाया। आज विभिन्न विभागों में अनेक संगठन जो बने हैं, यह उन्हीं के संघर्षों का परिणाम है। आज का दिन हम सबके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। श्रद्धांजलि देने के लिए जिला मंत्री सुभाष चंद्र तिवारी, सिंचाई विभाग संघर्ष समिति के संयोजक अमरजीत मिश्रा, राजस्व विभाग से अशोक कुमार सिंह, लेखपाल संघ के सुजीत कुमार, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण लिपिक संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री राजेश सिंह, उद्यान चतुर्थ श्रेणी संघ के प्रांतीय महामंत्री रामपाल यादव, लिपिक संघ के पूर्व संयुक्त मंत्री उदय भानु, आईटीआई के प्रांतीय महामंत्री विवेक कुमार यादव पीडब्ल्यूडी से राम सुरेश यादव सहित कई अन्य संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाषा विश्वविद्यालय में एक माह तक चलने वाले योग महोत्सव का शुभारंभ



लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अंतर्गत एक माह तक चलने वाले योग महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशन में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो.अजय तनेजा ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की।

महोत्सव के प्रथम चरण में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए बीएमआई कैंप एवं गाइडेंस सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का बॉडी मास इंडेक्स जांचा गया एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कुलाधिपति की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए कहा कि योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता आज के समय की अनिवार्यता है।

उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की शुभकामनाएं दीं तथा गृह विज्ञान विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष डॉ. तत्हीर फात्मा ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि विभाग आगे भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

बीएमआई कैंप की सफलता में विभाग की शिक्षिकाएं डॉ. जैनब मौलाई, डॉ. कीर्ति सचान, डॉ. कल्पना देवी एवं छात्राओं व कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# हृदय की हिफाजत वर्तमान समय की आवश्यकता : डा . बृजेश

लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुणा शर्मा के मार्गदर्शन में स्टेडियम में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय हमीरपुर आयुष विंग, योग वेलनेस सेंटर के इंचार्ज डा.बृजेश कश्यप के द्वारा जिला हमीरपुर क्षेत्र के योग प्रिय लोगों के बीच ₹ विश्व हृदय दिवस पर हृदय से जुड़ी समस्या और समाधान की जानकारी दी।

भूत पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम, कानपुर के राजू श्रीवास्तव, दक्षिण भारत के हीरो पुनीत राजकुमार, सिंगर के के कथन, बिग बॉस के विजेता रहे सिद्धार्थ शुक्ला ऐसे और भी बहुत सारे लोगों को अचानक हृदयाघात के कारण अपनी जान गवानी पड़ी, इसी श्रृंखला में मशहूर भारतीय क्रिकेटर सौरभ गांगुली को भी हृदय घात का सामना करना पड़ा। हालांकि जान जाने से बच गई क्यू की वो अक्सर योग, हेल्दी लाइफस्टाइल, डाइट का अनुसरण करते थे समय से तत्काल मेडिकल टीम ने सहयोग की, डॉ कश्यप ने बताया कि गर्भ में बच्चे का हृदय एक बार चलने के बाद वो तब तक चलता और काम करता है, जब तक आप चलना बंद नहीं करते आपकी मृत्यु नहीं हो जाती, ऐसे में आप के शरीर का प्रत्येक अंग आराम करता है लेकिन हमारा दिल आराम नहीं करता सभी को अपने हृदय की हिफाजत हमेशा करना चाहिए।

कार्यशाला में लोगों को हृदय से जुड़ी वर्तमान समस्याओं और समाधान के बारे में बताया और योग एवं आयुष की महत्ता समझाई गई। जिसमें उपस्थित लोगों को जनसामान्य जीवन में हृदय को स्वस्थ बनाए रखने वाले योग, आयुर्वेद, लाइफस्टाइल, आहार, एक्यूप्रेशर, प्राकृतिक चिकित्सा, घरेलू वनौषधि, के बारे में प्रैक्टिकल के साथ प्रदर्शन व जानकारी दी गई।

## युवक पर जानलेवा हमला, पथराव और फायरिंग

लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। पीजीआई थाना क्षेत्र में स्थित शीतला विहार कालोनी में एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ है। घटना 16 मई की शाम करीब 7:30 बजे की है। पीड़ित अभिषेक शर्मा छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान आदित्य रावत, अभिषेक रावत, यश गौतम उर्फ छोटू और उमेश रावत मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज की और तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पीड़ित के चिल्लाने पर आरोपी अपने 15-20 साथियों को बुला लाए। इन लोगों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान पीड़ित के साथी छोटू और अब्बास भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित ने पत्थरबाजी करने वालों में जितेंद्र, राम अंचल, सचिन कनौजिया, प्रिंस पाल और अरुण कनौजिया को पहचान लिया। पीड़ित के साथियों के पहुंचने पर सभी आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपी अपराधी किस्म के लोग हैं और उन्हें दोबारा हमले का डर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# डैम में कूदे वकील का 35 घंटे बाद गोसाईंगंज में सिठौली जेल के पास मिला शव



लखनऊ, 18 मई (तरूणमित्र)। चिनहट इलाके में शुक्रवार की रात इंदिरा डैम में कूदे वकील अनुपम तिवारी का शव मिल गया है। एसडीआरएफ की टीम को करीब 35 घंटे बाद गोसाईंगंज में सिठौली जेल के पास शव मिला। वकील को बचाने के लिए डैम में छलांग लगाने वाले भांजे शिवम उपाध्याय का शव 12 घंटे बाद शनिवार को डैम के किनारे मिल गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि वकील पत्नी से झगड़ा करके डैम में कूद गया।

हालांकि, वकील के परिजन और साथी इस बात को नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि वह कूदे नहीं, बल्कि फिसलकर डैम में गिर गए थे। उनको बचाने के लिए डैम में छलांग लगाने वाले शिवम की भी जान चली गई। दोनों को डैम में ढूंढने के लिए एसडीआरएफ के जवान और लोकल गोताखोर सक्रिय हुए। वकील के रिश्तेदार शिवम का शव घटना के करीब 12 घंटे बाद घटनास्थल से 200 मीटर दूर मिला। वहीं, वकील का शव अगले दिन करीब 35 घंटे बाद 5 किमी दूरी पर मिला। पुलिस को सूचना मिली थी कि वकील पत्नी से झगड़े के बाद डैम में कूदा।

वहीं, परिजनों का कहना है कि वह फिसलकर गिरे। कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ था। गौरतलब है कि हासेमऊ निवासी अभिषेक सिंह पुत्र जय नारायण सिंह ने पुलिस को फोन किया। उन्होंने बताया कि घर के बगल में एडवोकेट अनुपम तिवारी (37) पुत्र जितेंद्र तिवारी अपने परिवार के साथ रहते हैं। अनुपम मूल रूप से मऊ जिले नेवादा गोपालपुर गांव के रहने वाले हैं। शुक्रवार रात करीब 12 बजे पत्नी से झगड़ा हो गया। गुस्से में अनुपम घर से इंदिरा डैम पर गए और छलांग लगा दी। उनके पीछे-पीछे उनके रिश्तेदार शिवम उपाध्याय भी पहुंचे। उनको बचाने के लिए वो भी डैम में कूद गए। इसके बाद से पानी में दोनों लापता हो गए। सूचना पर बीबीडी थाना पुलिस पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर तलाश शुरू की।

12 घंटे बाद दोपहर 12:30 बजे शिवम का शव घटनास्थल से 200 मीटर दूर मिला। अनुपम के साथी एडवोकेट देव मणि मिश्रा बताते हैं अनुपम काफी मिलनसार व्यक्ति थे। हमारे साथ में ही प्रैक्टिस करते थे। इसके अलावा हमारे मोहल्ले में भी रहते थे। शुक्रवार रात रोजाना की तरह टहलने निकले थे। टहलते हुए इंदिरा डैम के पास पहुंच गए। मोहल्ले के अन्य लोग भी आते हैं। तभी पीछे से इनके घर में रहने वाला शिवम पड़ोसी की बाइक से पहुंचा।

इस दौरान अनुपम किनारे की तरफ खड़े होकर पानी देख रहे थे। तभी अचानक से उनका पैर स्लिप हो गया और वह गहरे पानी में चले गए। पीछे से भांजा बचाने कूदा, वह भी डूब गया। मोहल्ले में सुबह सबको जानकारी हुई कि ऐसी घटना हो गई है। एडीसीपी पूर्वी पंकज सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात थाने में इंदिरा नहर में दो लोगों के डूबने की सूचना मिली थी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लोकल गोताखोरों के अलावा एसडीआरएफ भी बचाव कार्य में लगाई गई। 5 किलोमीटर तक सर्च अभियान चलाया गया। रिश्तेदारों ने बताया कि एडवोकेट अनुपम तिवारी के दो बच्चे बेटी सानिया (5) और बेटा गंगाधर त्रिपाठी 11 महीने का है। पत्नी सोनी हाउसवाइफ हैं। पति-पत्नी के बीच झगड़े जैसी कोई बात नहीं थी। वह नहर के किनारे घूम रहे थे, पैर फिसलने से नहर में चले गए।

### एके शर्मा ने जायजा लिया

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा निजी काम से गोसाईंगंज की तरफ से गुजर रहे थे। इस दौरान वकील अनुपम तिवारी का शव निकाला जा रहा था। उन्होंने गाड़ी रुकवाकर जायजा लिया। इसके बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर वहां से निकल गए।

## आधी रात होटल में लगी आग, पांच गाड़ियों ने पाया काबू

लखनऊ। मोहन होटल में आधी रात को आग लग गई। वहां मौजूद लोग सामान छोड़कर भाग निकले। सूचना पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। खिड़कियों में लगा शीशा तोड़कर आग बुझाई गई। आग का कारण किचन में गैस का लीक होना बताया गया। आग से बचने के लिए भागने में लोगों के चप्पल-जूते छूट गए। जानकारी के मुताबिक आग होटल के ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। मौके पर पहुंचीं दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।